Postal Regn No./C.G/RYP DN/48/2022-24 website- www.dvpnews.in रायपुर (छ.ग.) एवं झांसी (उ.प्र.) से एक साथ प्रकाशित राष्ट्रीय हिन्दी पत्र

# दैनिक विश्व परिवार

● अंक : 239 ● वर्ष : 11 ● रायपुर, शुक्रवार 15 मार्च 2024 ● पृष्ठ : 08 ● मूल्य : 3 रुपए ● संस्थापक : कीर्तिशेष- श्री कैलाश चन्द्र जैन

**सुविचार**



मन के उज्जवल भावों, पवित्र विचारों का नाम धर्म है।

Religion is a name given to pious feeling and lofty thoughts.

आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज

## संक्षिप्त समाचार

### ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू चुनाव आयुक्त नियुक्त

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू को देश का अगला चुनाव आयुक्त नियुक्त किया गया है। चुनाव आयोग की तरफ से इन दो नामों की अभी आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है इससे पहले कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अधीर रंजन चौधरी ने गुरुवार को मीडिया को इस फैसले के बारे में जानकारी दी और इस फैसले पर अपनी असहमति जताई। बैठक से बाहर निकलकर मीडिया से मुखातिब होते हुए अधीर रंजन चौधरी ने कहा कि ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू के नाम पर चयन समिति ने मुहर लगा दी है। चुनाव आयुक्त के चयन के लिए चयन समिति की बैठक के बाद कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने कहा, उनके (सरकार) पास (चुनाव आयुक्त की नियुक्ति करने वाली समिति में) बहुमत है।

### मुंगेली नगर पालिका में अधोसंरचना विकास के लिए 11.44 करोड़ रुपए स्वीकृत

**रायपुर (विसं)।** राज्य शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा मुंगेली नगर पालिका में अधोसंरचना विकास के विभिन्न कार्यों के लिए कुल 11 करोड़ 44 लाख चार हजार रुपए स्वीकृत किए गए हैं। विभाग द्वारा आगर नदी के सौंदर्यीकरण के लिए तीन करोड़ आठ लाख 24 हजार रुपए और चौपाटी निर्माण के लिए 48 लाख 13 हजार रुपए मंजूर किए गए हैं।

**मुख्यमंत्री ने 46.83 करोड़ रुपए के 115 विकास कार्यों का किया भूमिपूजन एवं लोकार्पण**

# विकसित भारत के निर्माण के लिए विकसित छत्तीसगढ़ बनाना होगा : विष्णुदेव साय



### मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय मोहला में आयोजित 'विकसित भारत-विकसित छत्तीसगढ़' कार्यक्रम में हुए शामिल

**रायपुर (विश्व परिवार)।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा है कि विकसित भारत के निर्माण के लिए हमें विकसित छत्तीसगढ़ बनाना होगा। राज्य सरकार छत्तीसगढ़ के सामाजिक, आर्थिक विकास के लिए तेजी से कार्य करते हुए मोदी जी की गारंटियों को पूरा कर रही है। हम जनता से किए हर वायदे को पूरा करेंगे। मुख्यमंत्री साय आज मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी जिले के दशहरा मैदान मोहला में आयोजित 'विकसित भारत विकसित छत्तीसगढ़' कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी सहित नव गठित पांच जिलों को संवारने के लिए राज्य सरकार हरसंभव उपाय करेगी। जिलों के विकास के लिए संसाधनों की कमी नहीं होगी।

मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में मोहला में सर्वसुविधायुक्त सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 50 लाख रूपए स्वीकृत करने की घोषणा की। उन्होंने इसके अलावा मानपुर में अंतर्राज्यीय बस स्टैण्ड, तालाब सौंदर्यीकरण, गोटाटोला में जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक की शाखा, मोहला-मानपुर कॉलेज को पीजी कॉलेज में अपग्रेड करने तथा छुरिया मंदिर से शीतला मंदिर तक सड़क निर्माण की भी घोषणा की। उन्होंने इस अवसर पर 46 करोड़ 83 लाख 12 हजार रूपए की लागत के 115 विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया तथा 128 हितग्राहियों को विभिन्न योजना अंतर्गत 18 लाख 10 हजार रूपए की सामग्री व चेक का वितरण भी किया। मुख्यमंत्री श्री साय ने कार्यक्रम स्थल से ही आकांक्षी जिला के तहत भारत नेट योजनांतर्गत ऑनलाइन माध्यम से जोड़े गए 144 ग्राम पंचायतों में से ग्राम पंचायत केकतीटोला, गौलीटोला एवं कुंजामटोला के सरपंचों से वर्चुअल संवाद किया।

मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी में जनता ने विश्वास दिखाया है। छत्तीसगढ़ शासन के तीन माह की अवधि पूर्ण हो गई है और 90 दिन में छत्तीसगढ़ सरकार ने बहुत बड़े कार्य किए हैं। आज 46 करोड़ 83 लाख 12 हजार रूपए के 115 विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया गया है, जिसके लिए उन्होंने जिलेवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि सरकार बनते ही वादा निभाते हुए प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत 18 लाख प्रधानमंत्री आवास की स्वीकृति दी गई है। उन्होंने कहा कि नये वित्तीय वर्ष में आवास बनना प्रारंभ हो जाएंगे।

इस अवसर पर विधायक इन्द्रशाह मंडावी, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गीता साहू, पूर्व सांसद अभिषेक सिंह, मधुसूदन यादव, पूर्व विधायक संजीव शाह, कोमल जंघेल, दिनेश गांधी, कंचन बाला भूआर्य, नम्रता सिंह, आईजी दीपक झा, कलेक्टर एस जयवर्धन, पुलिस अधीक्षक यशपाल सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधि, बड़ी संख्या में हितग्राही और नागरिक उपस्थित थे। प्रधानमंत्री ने किसानों को गारंटी दी थी कि हमारी सरकार बनी तो हम 2 साल का बकाया धान बोनस देंगे। अटल जी के जन्मदिवस, सुशासन दिवस पर हम लोगों ने 13 लाख किसानों के बैंक खातों में 3716 करोड़ रुपए का बकाया धान बोनस अंतरित कर इस गारंटी को भी पूरा कर दिया।

### वनवासियों के पैरों में कांटे न गड़े इसका ध्यान रखेगी सरकार

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि तेंदूपत्ता संग्राहकों के लिए संग्रहण दर 4000 रूपए मानक बोरा से बढ़ाकर 5500 रुपए प्रति मानक बोरा कर दी गई है। उन्होंने कहा कि चरण पादुका योजना फिर से प्रारंभ की जाएगी। इसके तहत वनवासियों को चरण पादुका दी जाएगी, ताकि उनके पैरों में कांटे न गड़े। उन्होंने कहा कि तेंदूपत्ता संग्राहकों के बच्चों के लिए छात्रवृत्ति एवं बीमा की व्यवस्था की जाएगी। सरकार जरूरतमंदों को उज्ज्वला योजना के तहत गैस सिलेण्डर देगी। उन्होंने कहा कि हम प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी को पूरा करने का कार्य शत-प्रतिशत पूरा करेंगे।

# भाजपा सहित 32 दल सभी चुनाव एक साथ कराने के पक्ष में कोविंद समिति ने राष्ट्रपति को सौंपी रिपोर्ट



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** एक देश, एक चुनाव पर उच्च स्तरीय समिति ने देश भर में त्रिस्तरीय सभी चुनाव एक साथ कराने के लिये दो-चरणीय दृष्टिकोण की सिफारिश की है। पहले कदम के रूप में, लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के लिये एक साथ चुनाव कराने की सिफारिश की गयी है। समिति का कहना है कि दूसरे चरण में, नगर पालिकाओं और पंचायतों के चुनाव को लोकसभा और राज्य विधान सभाओं के साथ इस तरह से समन्वित किया जा सकता है कि नगर पालिकाओं और पंचायतों के चुनाव लोकसभा के चुनाव होने के सौ दिनों के भीतर हो जाएं।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और नेशनल पीपुल्स पार्टी (एनपीपी), दो राष्ट्रीय पार्टियों से 32 सहित लोक सभा में प्रतिनिधित्व रखने वाले 46 राजनीतिक दलों में से 32 दलों ने एक देश, एक चुनाव के प्रस्ताव का समर्थन किया। पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद की अध्यक्षता में इस विषय पर गठित उच्च स्तरीय समिति की रिपोर्ट के अनुसार राष्ट्रीय दल का दर्जा प्राप्त छह दलों में से चार ने इस प्रस्ताव का विरोध किया है. विरोध करने वालों में कांग्रेस , मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा), बहुजन समाज पार्टी (बसपा) और आम आदमी पार्टी (आप) भी है।

समिति की रिपोर्ट के अनुसार समिति ने कुल 62 दलों से सुझाव और प्रतिक्रियायें मांगी थी जिसमे से 47 दलों ने समिति को अपने सुझाव दिये। इन दलों में 32 दल देश में लोक सभा, विधानसभा चुनाव एक साथ चुनाव कराये जाने के लिये सहमति व्यक्त की है जबकि 15 ने असहमति व्यक्त की है। पन्द्रह दलों ने समिति के अनुरोध के बावजूद इस विषय में अपनी कोई राय नहीं दी है। राज स्तरीय दलों में तृणमूल कांग्रेस, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा), द्रविण मुनेत्र कषगम (डीएमके), आल इंडिया मजलिसे -ऐतिहादुल मुस्लिमीन और समाजवादी पार्टी ने साथ-साथ चुनाव कराने की अवधारणा का विरोध किया है। शिरोमणि अकाली दल (एसएडी) असम गण परिषद , अन्ना द्रमुक, जनता दल (यूनाइटेड), शिव सेना और लोक जनशक्ति पार्टी (आर) साथ-साथ चुनाव के पक्ष में हैं।

राष्ट्रीय जनता दल और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार गुट) तथा झारखण्ड मुक्ति मोर्चा जैसे कई बड़े राज स्तरीय दलों ने इस विषय में कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (अजित पवार), महाराष्ट्रवादी गोमांतक पार्टी और भारतीय मक्कल कालवी मुनेत्र कषगम साथ-साथ चुनाव कराने के पक्ष में हैं। रिपोर्ट के अनुसार कांग्रेस ने कहा है कि साथ-साथ चुनाव की प्रणाली लागू करने से संविधान की मूल संरचना में काफी बदलाव हो जायेगा और यह संघवाद की गारंटी के विरुद्ध हो जायेगा। कांग्रेस पार्टी ने अलग-अलग चुनाव पर अधिक खर्च के तर्क को निराधार बताते हुये कहा है कि लोक तंत्र को बचाये रखने के लिये स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव की लागत के रूप में इस तरह का खर्च ज़्यादा नहीं हैं। माकपा ने साथ साथ चुनाव की अवधारणा को मौलिक रूप से अलोकतांत्रिक बताया।

# स्कूलों में शारीरिक शिक्षा को वैकल्पिक विषय के रूप में शामिल किया जाएगा : शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल



**रायपुर (विश्व परिवार)।** शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा है कि हमारी सरकार हमेशा से ही खेल और शारीरिक शिक्षा को महत्व देती है। आने वाले शिक्षा सत्र से स्कूल में पहला पीरियड योग, व्यायाम, नैतिक शिक्षा का और प्रत्येक शनिवार लास्ट पीरियड खेल कूद का रहेगा। यह बात शिक्षा मंत्री श्री बृजमोहन अग्रवाल ने गुरुवार को छत्तीसगढ़ शारीरिक शिक्षा शिक्षक संघ महासम्मेलन में कही।

शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि 'खेल ही जीवन, जीवन ही खेल' है। खेल हमारे जीवन का अभिन्न अंग हैं और जीवन को जीने का एक तरीका भी। खेलों के माध्यम से हम न केवल शारीरिक रूप से स्वस्थ रहते हैं, बल्कि मानसिक रूप से भी मजबूत बनते हैं। ऐसे में शारीरिक शिक्षा की भूमिका अहम हो जाती है। खेल हमें अनुशासन, एकाग्रता, टीम वर्क सीखाता है और जिस दिन पूरे देश के लोगों में टीम भावना आ जायेगी उस दिन भारत को विश्व गुरु बनने से कोई नहीं रोक सकता है। मंत्री ने कहा कि पहले छत्तीसगढ़ में हमारी सरकार के शासनकाल में खेल और शारीरिक शिक्षा के लिए काफी काम हुआ। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ शारीरिक शिक्षा शिक्षक संघ ने मंत्री बृजमोहन अग्रवाल को अपनी मांगों को लेकर एक ज्ञापन भी सौंपा। श्री अग्रवाल ने कहा कि खिलाड़ी देश के एंबेसडर होते है, और उनको तैयार करने वाले शारीरिक शिक्षा के शिक्षक होते हैं और उनकी उचित मांगों को जल्द पूरा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि शारीरिक शिक्षा शिक्षक को वरिष्ठता के आधार पर वेतनमान तो मिलता है लेकिन पदनाम परिवर्तन नहीं होता। सरकार उनको वरिष्ठता के आधार पर पदनाम दिलाने और स्कूलों में शारीरिक शिक्षा को वैकल्पिक विषय के लिए नई शिक्षा नीति में प्रावधान लाएगी।

इस अवसर पर राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा, सांसद सुनील सोनी, डॉ. प्रकाश सिंह ठाकुर, सुशील मिश्रा आदि समेत हजारों की संख्या में शिक्षक उपस्थित थे।

# 8 नगरीय निकायों के लिए 4.84 करोड़ रुपए स्वीकृत

**रायपुर (विश्व परिवार)।** नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने राज्य के आठ नगरीय निकायों के लिए 14वें एवं 15वें वित्त आयोग के अंतर्गत कुल चार करोड़ 83 लाख 81 हजार रुपए स्वीकृत किए हैं। इनमें 15वें वित्त आयोग के अंतर्गत सात नगरीय निकायों के लिए कुल चार करोड़ 79 लाख 68 हजार रुपए और 14वें वित्त आयोग के तहत सारंगढ़ नगर पालिका के लिए चार लाख 13 हजार रुपए की राशि शामिल हैं। नगरीय निकायों में विकास कार्यों में तेजी लाने उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री श्री अरुण साव के अनुमोदन के बाद विभाग ने ये राशि मंजूर की है। उन्होंने गुणवत्ता एवं समय-सीमा का ध्यान रखते हुए इन राशियों से प्रस्तावित कार्यों को शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश दिए हैं।

नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने 15वें वित्त आयोग के अंतर्गत नारायणपुर नगर पालिका के लिए एक करोड़ 17 लाख चार हजार रुपए, सरगांव नगर पंचायत के लिए 15 लाख रुपए, किरोड़ीमलनगर नगर पंचायत के लिए 18 लाख रुपए, खोंगापानी नगर पंचायत के लिए 93 लाख 35 हजार रुपए, छुरा नगर पंचायत के लिए 18 लाख 98 हजार रुपए, सिमगा नगर पंचायत के लिए 53 लाख 97 हजार रुपए और सक्ती नगर पालिका के लिए एक करोड़ 63 लाख 34 हजार रुपए स्वीकृत किए हैं। वहीं 14वें वित्त आयोग के तहत सारंगढ़ नगर पालिका के लिए चार लाख 13 हजार रुपए मंजूर किए गए हैं।

**मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के अंतर्गत सूरजपुर में 200 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे**

# समाज के लिए प्रेरणा बन, आदर्श जीवन-यापन करें नव दंपत्ति : मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े



**रायपुर (विश्व परिवार)।** सूरजपुर के गायत्री मंदिर परिसर में मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना अंतर्गत भव्य सामूहिक विवाह कार्यक्रम आज संपन्न हुआ। जिसमें महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े मुख्य अतिथि के तौर पर सम्मिलित हुईं थी। इस सामूहिक विवाह समारोह में 200 जोड़ो ने उनके समक्ष अपने जीवन के नए अध्याय की शुरुआत की। उन्होंने नवदम्पतियों के परिणय सूत्र में बंधकर दाम्पत्य जीवन में प्रवेश पर हार्दिक शुभकामनाएं दी और वर-वधुओं के सुखमय जीवन की कामना करते हुए कहा कि आप सभी समाज के लिए प्रेरणा बनें एवं आदर्श जीवन यापन करें।

महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा कि यह हमारा सौभाग्य है कि आज गायत्री मंदिर सूरजपुर के परिसर में 200 जोड़ो का सामूहिक विवाह मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना अंतर्गत सम्पन्न हो रहा है। उन्होंने कहा कि सामूहिक विवाह में वर-वधुओं को उनके परिजनों के अलावा और भी अधिक लोगों व समाज का आशीर्वाद मिल रहा है। उन्होंने इस आयोजन के लिए मन्दिर समिति को बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हमारा देश नित नए सफलता की ऊंचाईयों को छू रहा है। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की अगुवाई में राज्य में विकास कार्यों में तेजी आई है।

# अग्निवीर के प्रति समाज में होगा सम्मान, कार्यकाल पूरा करने के बाद उनके पास अनुभव और हुनर की होगी पूंजी : विजय शर्मा

### प्रदेश के अग्निवीर में चयनित युवाओं को उपमुख्यमंत्री ने किया सम्मानित, रोजगार पंजीयन के लिए एप का हुआ शुभारंभ

**रायपुर (विश्व परिवार)।** उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा तथा अन्य अतिथियों ने आज छत्तीसगढ़ के चयनित अग्निवीरों का शहीद स्मारक भवन में सम्मान किया। अग्निवीर थलसेना के लिए वर्ष 2023 के 870 और वर्ष-2022 में 434 अग्निवीरों का चयन हुआ है। शहीद स्मारक भवन में आज आयोजित इस कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा सहित अन्य अतिथियों ने प्रशस्ति पत्र प्रदान किया और उनका उत्साह वर्धन किया। युवा अग्निवीर सम्मान पाकर जोश से भर गए और भारत माता की जय के जयकारे लगाए। इस अवसर पर रोजगार एप का भी लोकार्पण किया गया।

उपमुख्यमंत्री ने अग्निवीरों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हमे गर्व है 11 हजार 500 ने पंजीयन कराया और उन्होने कड़ी मेहनत और लगन चयन परीक्षा दी फलस्वरूप थलसेना में 876 युवाओं का चयन हुआ। इस बार 13 हजार से अधिक ने पंजीचन कराया और विश्वास है कि हम रिकार्ड सेलेक्सन लेंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेशभर में अग्निवीरों के लिए राज्य सरकार अग्निवीर चयन के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाएं गए है, इसका बेहतर परिणाम मिला है। इसके लिए उन्होंने अधिकारियों को बधाई दी।



श्री शर्मा ने कहा कि अग्निवीर के चयनित युवा देश-सेवा को लक्ष्य बनाकर आगे आए हैं। उन्होंने अग्निवीर योजना की सराहना करते हुए कहा कि चयनित अभ्यर्थियों में 25 प्रतिशत को सेना में कार्य करने का अवसर मिलेगा। साथ बाकि जब अपना कार्यकाल पूरा करने के बाद श्रेष्ठ नागरिक बनकर लौटेंगे। समाज में उनका सम्मान होगा। जिनके पास कठिन परिश्रम एवं अनुशासित जीवनशैली की सीख रहेगी। उनके हाथों में हुनर भी रहेगा। साथ ही देश के प्रति उन्होंने जो अपना समय समर्पित किया है उसका अभिमान भी मन में रहेगा। जिससे वे अच्छे अधिकारी बनेगें, अच्छे जनप्रतिनिधि बनेंगे, जीवन की नई शुरूआत करेंगे। उनका जीवन अलग और अनुशासित रहेगा। ऐसे अग्निवीर जो समाज और अपने जैसे अन्य युवाओं के लिए आदर्श रहेंगे। उन्होंने चयनित युवाओं के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि लक्ष्यों को केन्द्रित करके सहज और निश्चिंतता के साथ कार्य करेंगे और छत्तीसगढ़ का नाम रोशन करेंगे। इस कार्यक्रम उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा और कवर्धा से बैगा समाज के प्रतिनिधि बुध सिंह, मोती बैगा एवं कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा और रोजगार विभाग के सचिव डॉ. एस भारतीदासन और संचालक तकनीकी शिक्षा और रोजगार डॉ प्रियंका शुक्ला उपस्थित थे।

उपमुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में रोजगार पंजीयन के लिए मोबाईल एप और ई-रोजगार पोर्टल का शुभारंभ किया। श्री शर्मा ने कहा कि इस एप के सहयोग से मोबाईल से ही जिसमे घर बैठे कहीं से भी आवेदक को रोजगार सहायता हेतु पंजीयन एवं नवीनीकरण की सुविधा प्राप्त होगी।

# जब प्रतिभाएं निखरती हैं तो समाज भी निखरता है : मुख्यमंत्री साय

**खेल मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा- जल्द ही उत्कृष्ट खिलाड़ियों की घोषणा की जाएगी**

### राज्य खेल अलंकरण समारोह में सम्मानित हुए प्रतिभावान खिलाड़ी



**रायपुर (विश्व परिवार)।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज राजधानी स्थित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में राज्य खेल अलंकरण समारोह में विभिन्न खेल विधाओं के 544 प्रतिभावान खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि प्रतिभा ईश्वर की देन है, यह समाज को ईश्वर का अनुपम उपहार है। जब प्रतिभाएं निखरती हैं तो समाज भी निखरता है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने शहीदों के परिजनों को भी सम्मानित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह ने की। कार्यक्रम में अतिविशिष्ट अतिथि खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री टंकराम वर्मा और विशिष्ट अतिथि के रूप में शिक्षा मंत्री श्री बृजमोहन अग्रवाल, कृषि मंत्री श्री रामविचार नेताम और सांसद श्री सुनील सोनी शामिल हुए।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य में 5 साल बाद प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को उनका सम्मान और पुरस्कार मिलने जा रहा है, मैं सभी खिलाड़ियों को बधाई देता हूं। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के शहीदों के नाम पर स्थापित राज्य खेल अलंकरण समारोह का शुरूआत पूर्व मुख्यमंत्री एवं वर्तमन विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के नेतृत्व वाली हमारी सरकार द्वारा ही किया गया था। यह बहुत अफसोस की बात है कि पूर्ववर्ती सरकार द्वारा पिछले 5 सालों से राज्य में खेल अलंकरण समारोह का आयोजन हुआ ही नहीं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सरकार को बने अभी केवल 3 महीने ही हुए हैं। इन थोड़े से ही दिनों में ही राज्य में हमने खेलों के विकास के लिए अनेक महत्वपूर्ण निर्णय ले लिए हैं। छत्तीसगढ़ में राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर की आवासीय खेल अकादमी प्रारंभ की जाएगी। राज्य में पारंपरिक खेलों को पुनर्जीवित करने के लिए छत्तीसगढ़िया क्रीड़ा प्रोत्साहन योजना शुरू की जाएगी। जशपुर में मॉडर्न खेल स्टेडियम एवं रायगढ़ तथा बलौदाबाजार जिले में इंडोर स्टेडियम कॉम्प्लेक्स के निर्माण का निर्णय लिया जा चुका है।

विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि युवा खिलाड़ियों ने इस सम्मान के लिए बहुत संघर्ष किए है। पूर्ववर्ती सरकार द्वारा इस सम्मान का आयोजन रोक दिया गया था। जिसके लिए खिलाड़ियों को रास्ते में आकर आंदोलन करना पड़ा। उसी का परिणाम है कि आज हमारी सरकार द्वारा पुनः इस खेल अलंकरण सम्मान को शुरू किया जा रहा है।

कार्यक्रम में राज्य शासन द्वारा वर्ष 2019-20 के लिए शहीद राजीव पाण्डे पुरस्कार के लिए 06, शहीद कौशल यादव पुरस्कार के लिए 06, वीर हनुमान सिंह पुरस्कार के लिए 02, शहीद पंकज विक्रम सम्मान 27, शहीद विनोद चौबे सम्मान के लिए 05 एवं मुख्यमंत्री ट्राफी के लिए 25 खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। इसी प्रकार वर्ष 2020-21 हेतु शहीद राजीव पांडेय पुरस्कार के लिए 11, शहीद कौशल यादव पुरस्कार के लिए 03, वीर हनुमान सिंह पुरस्कार के लिए 01, शहीद पंकज विक्रम सम्मान 16, शहीद विनोद चौबे सम्मान के लिए 05 एवं मुख्यमंत्री ट्राफी के लिए 26 चयनित खिलाड़ियों को ट्राफी देकर सम्मानित किया गया।

# संक्षिप्त समाचार

## कोलता महिला मंडल रायपुर इकाई ने मनाया विश्व महिला दिवस



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** कोलता महिला मंडल रायपुर इकाई द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य पर मंडल के पूर्व महिला पदाधिकारियों सहित समाज में उत्कृष्ट कार्य कर रहीं महिलाओं का सम्मान किया गया। रायपुरा स्थित सामाजिक भवन में आयोजित इस कार्यक्रम में मां रामचंडी जी की पूजा-अर्चना कर समारोह का शुभारंभ किया गया, पश्चात मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित संरक्षक मंडल में श्रीमती प्रेमलता भोई, सुलोचना प्रधान और डॉ. भवानी का स्वागत किया गया। अतिथिगणों ने अपने उद्बोधन में इस आयोजन की सराहना की एवं नारी शक्ति की समाज में महति भूमिका पर प्रकाश डाला। इस दौरान खेल, कविता, भाषण एवं अन्य कार्यक्रम भी हुए। कुर्सी दौड़ में महिला मंडल की सचिव गायत्री साहू प्रथम व श्रीमती मंजू प्रधान द्वितीय रहीं। शिक्षिका श्रीमती तपस्विनी प्रधान ने सभी पदाधिकारियों के सम्मान में फोटो फ्रेम एवं कैलेंडर भेंट की। इस अवसर पर महिला मंडल की अध्यक्ष श्रीमती वंदना भोई, उपाध्यक्ष द्वय श्रीमती पुष्पाजंलि बारिक, श्रीमती कुंती साहू, सचिव गायत्री साहू, कोषाध्यक्ष श्रीमती कल्पलता साहू, सांस्कृतिक सचिव प्रतिमा बारीक, सहसचिव श्रीमती अंजली प्रधान, श्रीमती कांदम्बिनी प्रधान, प्रचार सचिव श्रीमती यज्ञसिनी साहू, संगठन सचिव श्रीमती ज्योति साहू, श्रीमती प्रभा प्रधान मीडिया प्रभारी के सहयोग से कार्यक्रम सानंद सम्पन्न हुआ।

## जायका समूह द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर भव्य महिला शक्ति अभिनंदन समारोह आयोजित



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जायका समूह (जायका आटोमोबाइल्स एण्ड फायनेंस प्रा.लि., जायका इंश्योरेंस ब्रोकरेज, शिवनाथ हुंडई) द्वारा भव्य महिला शक्ति अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। जायका समूह द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर नारी शक्ति के प्रति अपना सम्मान अभिव्यक्त करने हेतु एक भव्य अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया जिसमें जायका समूह की संपूर्ण छत्तीसगढ़ के विभिन्न नगरों में स्थित शाखाओं में कार्यरत सभी महिला कर्मचारियों को आमंत्रित किया गया जिसमें रायपुर, तेलीबांधा सहित दुर्ग, भिलाई, राजनांदगांव, अंजोरा, महासमुंद, बलौदाबाजार, सरायपाली, धमतरी, कांकेर, जगदलपुर शाखाओं की 160 महिला कर्मचारियों ने भाग लिया। इस अवसर पर जायका समूह की निदेशक तथा फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल्स डीलर्स एसोसिएशन छत्तीसगढ़ की स्टेट वर्टिकल हेड श्रीमति रश्मि काले तथा जायका समूह के अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे। इस अवसर पर उपस्थित महिला कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। विभिन्न रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा मनोरंजक गेम्स आयोजित हुए जिसमें आमंत्रित महिलाओं ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया।

## थल सेना में अग्निवीर भर्ती हेतु 22 मार्च तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित

**बलौदाबाजार ( विश्व परिवार )।** सेना भर्ती कार्यालय रायपुर के मुताबिक अग्निवीरों की भर्ती के लिए अधिसूचना जारी की जा चुकी है जो भारतीय सेना की वेबसाइट=डब्ल्यू डब्ल्यू डब्ल्यू डॉट ज्वॉइन इंडियन आर्मी डॉट एनआईसी डॉट इन www.joinindianarmy.nic.in पर उपलब्ध है। सेना में भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया 13 फरवरी से 22 मार्च 2024 तक खुली रहेगी। जिसमें अग्निवीर की भर्ती जनरल, तकनीकी, क्लर्क, स्टोर कीपर, ट्रेडमैन (8वीं एवं 10वी कक्षा उत्तीर्ण) महिला सैन्य पुलिस और रेगुलर कैडर भर्ती धर्मगुरु, नर्सिंग सहयोगी, नर्सिंग असिस्टेंट वेट, सिपाही फार्मा और हवलदार एस.ए.सी के पदों के लिए जारी की गई है। अग्निवीर भर्ती दो चरणों में की जायेगी। प्रथम चरण में ऑनलाइन कम्प्यूटर आधारित लिखित परीक्षा (ऑनलाइन सी ई ई) और द्वितीय चरण में भर्ती रैली एवं चिकित्सा परीक्षण होगी।

## छत्तीसगढ़ महिला चेंबर के सानिध्य में एमएमआई नारायणा हॉस्पिटल द्वारा रक्त परीक्षण उपरांत नि:शुल्क चिकित्सा परामर्श कार्यक्रम संपन्न



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** महिला चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती मधु अरोरा ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष में एमएमआई नारायणा हॉस्पिटल द्वारा महिलाओं हेतु 27 फरवरी से 5 मार्च 2024 तक रक्त परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया था जिसमें बड़ी संख्या में महिला सदस्यों ने पंजीयन कराकर रक्त परीक्षण शिविर का लाभ उठाया उसके पश्चात् उन्हें उक्त जांच रिपोर्ट सौंपी गई थी।

श्रीमती अरोरा ने बताया कि उपरोक्त रक्त परीक्षण पर आधारित परामर्श कार्यक्रम कल दिनांक 13 मार्च 2024, बुधवार को एमएमआई नारायणा हॉस्पिटल में दोपहर 3:30 बजे से शाम 6.00 बजे तक आयोजित की गई थी, जहां सदस्य महिलाओं को उनके रिपोर्ट के आधार पर परामर्शदात्री समिति डॉक्टरों द्वारा नि:शुल्क चिकित्सा जांच और स्वास्थ संबंधी परामर्श दिए गये।

महिला चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती मधु अरोरा ने बताया कि इस अवसर पर डॉ. वेरोनिका युएल, डॉ.नेहा जायसवाल, डॉ. सिद्धार्थ साहू, डॉ.मीरा बघेल, डॉ इला गुप्ता, निधि पांडे, नेहा मानेक, प्रज्ञा त्रिवेदी, रवि भगत, संतोष लिहारे ने नि:शुल्क चिकित्सा जांच और स्वास्थ संबंधी परामर्श दिए गये।

प्राची भाटिया को फैब इंडिया का गिफ्ट हैम्पर देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन हेमल शाह ने किया।

कार्यक्रम में महिला चेम्बर संरक्षक श्रीमती आभा मिश्रा, प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती मधु अरोरा, महामंत्री पिंकी अग्रवाल, कोषाध्यक्ष प्रेरणा भट्ट सहित हेमल शाह, डॉ. इला गुप्ता, विनीता शुक्ला, प्रीति मिश्रा, शालू, काजल लालवानी एवं अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

## एएम/एनएस इंडिया द्वारा दंतेवाड़ा के ग्राम पंचायतों में मासिक धर्म स्वच्छता प्रबंधन पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**एएम/एनएस इंडिया द्वारा प्रोजेक्ट आरोग्य के तहत् 443 महिलाओं और किशोरियों को सेनेटरी नैपकिन का वितरण**

**एएम/एनएस इंडिया द्वारा आदिवासी क्षेत्रों में महिलाओं एवं किशोरियों के लिए स्वास्थ्य संबंधी जागरुकता का प्रयास**




**रायपुर ( विश्व परिवार )।** AM/NS इंडिया के सीएसआर टीम किरंदुल द्वारा दंतेवाड़ा के मादड़ी, पैनार, फूलपाड़, किरंदुल, टिकनपाल, समेली गांवों में आगनवाड़ी केंद्रों के माध्यम से 443 किशोरियों और महिलाओं को सेनेटरी नैपकिन का वितरण किया गया। इसके साथ ही यहां महिलाओं के लिए मासिक धर्म स्वच्छता प्रबंधन पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया। लाभार्थियों ने अपने द्वारा अपनाए गए मासिक धर्म की स्वच्छता के तरीके को टीम के साथ साझा किया। इस दौरान सीएसआर की टीम द्वारा उन्हें मासिक धर्म स्वच्छता बनाए रखने के महत्व और सही तरीकों के बारे में बताया गया।

AM/NS इंडिया महिलाओं और किशोरियों के स्वास्थ्य देखभाल के क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण कदम उठा रही है जैसे महिलाओं से उनके मासिक धर्म स्वच्छता के प्रबंधन के लिए खुलकर चर्चा कर उनकी समस्यायों का हल निकालना एवं मासिक धर्म से जुड़ी उचित जानकारियां प्रदान करना। AM/NS इंडिया कंपनी के द्वारा लगातार सामाजिक कार्य किये जा रहें हैं जिनमें विशेष रूप से स्वास्थ्य जागरूकता, शिक्षा, स्पोर्ट्स एवं रोजगार के क्षेत्र शामिल हैं।एएम/एनएस द्वारा किये जा रहें इन सामाजिक एवं स्वास्थ्य संबंधी सेवाओं का मुख्य उद्देश्य स्थानीय आदिवासी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में निवासरत लोगों को प्रत्यक्ष रुप से लाभ पहुंचाना है जिसके परिणामस्वरूप एक स्वस्थ जागरूक एवं सुरक्षित समाज का निर्माण हो सके।

## कलेक्टर ने बिन माता पिता की बच्ची की पढ़ाई लिखाई के लिए छात्रावास में भर्ती के दिए निर्देश



**बलौदाबाजार ( विश्व परिवार )।** नगर पंचायत कसडोल के इंदिरा कालोनी वार्ड क्रमांक 2 में की निवासी लक्ष्मींन धीवर अपने 7 साल की नतनीन बच्ची तुलसी को कलेक्टर के एल चौहान के पास लेकर आई थी। कलेक्टर के पास बच्ची की दादी ने परिवार की सम्पूर्ण समस्या से अवगत कराया कि बच्ची की माता पिता 7 साल पहले ही स्वर्गवास हो गया है। जिसका पालन पोषण का दायित्व वह स्वयं निर्वहन किये जाने की बात बताते हुए बच्ची का एडमिशन सरकारी खर्चे से आदिवासी छात्रावास कसडोल में कराए जाने की फरियाद की। बच्ची की दादी ने यह बात भी कहा कि वह बहुत गरीब है जिसके चलते उनकी नतनीन का सही देखभाल एवं शिक्षा दिशा बेहतर हो पाना सम्भव नहीं है, रोजी मजदूरी से घर का खर्च जैसे तैसे चलता हैं। बेहद गंभीर समस्या, दादी एवं बच्ची की संपूर्ण पीड़ा को समझते हुए कलेक्टर श्री चौहान ने मानवीय मूल्यों एवं संवेदनशील का परिचय देते हुए आदिवासी विभाग के अधिकारी को बुलाकर 7 साल की बच्ची तुलसी धीवर पिता स्वर्गीय उद्र कुमार का दाखिला कसडोल स्थित आदिवासी छात्रावास में किये जाने का निर्देश दिए है।कलेक्टर के पहल पर बच्ची के दादी लक्ष्मींन धीवर भावुक होकर धन्यवाद एवं आभार प्रकट करते हुए कलेक्टर के सरल एवं सहज भाव की खुले मन से प्रशंसा की है।

## अहाता एवं प्रार्थना शेड निर्माण हेतु 1 करोड़ 25 लाख रुपए राशि स्वीकृत

**बलौदाबाजार ( विश्व परिवार )।** कैबिनेट मंत्री श्री टंक राम वर्मा ने जिले के बलौदाबाजार एवं सिमगा विकासखण्ड अंतर्गत विभिन्न हायर सेकेण्डरी, हाई स्कूल तथा स्कूल में अहाता निर्माण एवं प्रार्थना शेड निर्माण हेतु 1 करोड़ 25 लाख रूपये राशि स्वीकृत प्रदान की है। जिसमें बलौदाबाजार विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम रिसदा, खजुरी, अर्जुनी एवं संकरी के हायर सेकेण्डरी स्कूलों में प्रार्थना शेड निर्माण हेतु 15-15 लाख रूपये राशि स्वीकृति प्रदान की गई है।

इसी तरह सिमगा विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम भालेसुर स्कूल में अहाता निर्माण हेतु 10 लाख रूपये, ग्राम नेवारी हाई स्कूल में अहाता निर्माण हेतु 10 लाख रूपये एवं हायर सेकेण्डरी स्कूल में प्रार्थना शेड निर्माण हेतु 15 लाख रूपये, ग्राम रावन एवं जांगड़ा के हायर सेकेण्डरी स्कूल में प्रार्थना शेड निर्माण हेतु 15-15 लाख रूपये राशि स्वीकृति प्रदान की गई है। इन कार्य के लिए निर्माण एजेंसी आरईएस को बनाया गया है।

## एम्स रायपुर में अब तक 21 किडनी ट्रांसप्लांट, 50 से अधिक आवेदन

**महासमुंद, गरियाबंद, कांकेर और उड़ीसा के निकटवर्ती जिलों से सबसे अधिक रोगी**

**गर्मियों में अधिक पानी के सेवन पर जोर, शुगर-बीपी पर नियंत्रण की आवश्यकता**

**विश्व किडनी दिवस पर कैडेवर किडनी दानदाता के परिजनों को चिकित्सक ने सम्मानित किया**



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान में अब तक 21 किडनी ट्रांसप्लांट हो चुके हैं जबकि 50 से अधिक रोगियों ने ट्रांसप्लांट के लिए आवेदन दिया हुआ है। विशेषज्ञों ने छत्तीसगढ़ के कुछ जिलों और उड़ीसा के निकटवर्ती क्षेत्रों में बढ़ते किडनी रोगियों को चुनौतीपूर्ण बताते हुए विशेष समन्वित प्रयासों पर जोर दिया है। इसके साथ ही किडनी की समस्या से बचने के लिए गर्मियों में नियमित रूप से पानी का सेवन करने और समय पर जांच कराने का अनुरोध किया है।

विश्व किडनी दिवस पर नेफ्रोलॉजी और यूरोलॉजी विभाग के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रमों में विशेषज्ञों ने महासमुंद, गरियाबंद, बालांगीर और उड़ीसा के निकटवर्ती क्षेत्रों में बढ़ते किडनी रोगियों की संख्या को चुनौतीपूर्ण बताते हुए विभिन्न विभागों के समन्वित प्रयासों पर जोर दिया। विभागाध्यक्ष डॉ. विनय राठौर ने बताया कि एम्स में अब तक 21 किडनी ट्रांसप्लांट किए जा चुके हैं जिसमें 17 डोनर द्वारा दी गई जबकि 4 कैडेवर ट्रांसप्लांट हुए हैं। उन्होंने बताया कि एम्स में प्रतिमाह 1500 किडनी रोगी आ रहे हैं जिनमें 200 नए रोगी होते हैं। इनमें से अधिकांश उक्त जिलों के हैं। उन्होंने बताया कि बढ़ती गर्मी में सामान्य व्यक्ति को नियमित रूप से 10 से 12 गिलास पानी पीना चाहिए जबकि किसान और मजदूरी का कार्य कर रहे लोगों को कम से कम तीन लीटर पानी पीना चाहिए। इसके साथ ही ब्लड प्रेशर और शुगर का भी नियमित चेकअप कराना चाहिए। इससे किडनी संबंधी रोगों का समय पर पता चल सकता है।

इस अवसर पर किडनी दानदाताओं और किडनी ट्रांसप्लांट करवाने रोगियों के बीच में क्रिकेट मैच हुआ। इसकी कप्तानी डॉ. राठौर और यूरोलॉजी के विभागाध्यक्ष डॉ. अमित शर्मा ने की। डॉ. राठौर की टीम ने जीत दर्ज की। मैच में किडनी दानदाताओं और किडनी प्राप्त करने वाले रोगियों ने श्रेष्ठ प्रदर्शन कर स्वयं के स्वस्थ होकर सामान्य जीवन जीने का संदेश दिया।

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**
**इंजीनियरिंग कार्य हेतु ई-निविदा सूचना**

**क्र.संख्या (1) ई-निविदा संख्या: डीआरएम-इंजी.-बीएसपी-टी-115-23-24, दिनांक: 04.03.2024. कार्य:** वरिष्ठ मंडल अभियंता/ उत्तर बिलासपुर के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत जल जमाव वाले स्थानों को रोकने के लिए साइड ड्रेन, यार्ड ड्रेन, सेस सुधार आदि कार्य का निर्माण। **निविदा मूल्य: ₹ 3,13,57,085.61. अमानत राशि: ₹ 3,06,800/-. पूर्णता अवधि:** 12 माह।

**क्र.संख्या (2) ई-निविदा संख्या: डीआरएम-इंजी.-बीएसपी-टी-116-23-24, दिनांक: 04.03.2024. कार्य:** वरिष्ठ मंडल अभियंता/ उत्तर बिलासपुर के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत ट्रांसलैमेटिक रोबोटिक वेल्डिंग टेक्नोलॉजी द्वारा सीएमएस क्रॉसिंग का मरम्मत कार्य। **निविदा मूल्य: ₹ 97,48,116.00. अमानत राशि: ₹ 1,95,000.00. पूर्णता अवधि:** 12 माह।

**क्र.संख्या (3) ई-निविदा संख्या: डीआरएम-इंजी.-बीएसपी-टी-119-23-24, दिनांक: 04.03.2024. कार्य:** सहायक मंडल अभियंता/ मनेन्द्रगढ़ के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत चैनल स्लीपरों को टीबीएसआर (एच-बीम) स्लीपरों से बदलने का कार्य। **निविदा मूल्य: ₹ 1,76,81,279.49. अमानत राशि: ₹ 2,38,400.00. पूर्णता अवधि:** 12 माह।

**क्र.संख्या (4) ई-निविदा संख्या: डीआरएम-इंजी.-बीएसपी-टी-120-23-24, दिनांक: 04.03.2024. कार्य:** वरिष्ठ मंडल अभियंता/ उत्तर बिलासपुर के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत टीबीआर, प्वाइंट और क्रॉसिंग का डीप स्क्रीनिंग, रेल का आकस्मिक नवीनीकरण, रेट्रो रिफ्लेक्टिव बोर्ड की आपूर्ति एवं अन्य विविध ट्रैक कार्य का निष्पादन। **निविदा मूल्य: ₹ 2,92,81,059.64. अमानत राशि: ₹ 2,96,400.00. पूर्णता अवधि:** 18 माह।

**क्र.संख्या (5) ई-निविदा संख्या: डीआरएम-इंजी.-बीएसपी-टी-122-23-24, दिनांक: 04.03.2024. कार्य:** सहायक मंडल अभियंता/मनेन्द्रगढ़ के अधिकार क्षेत्र के तहत बिजुरी में प्रेशर फिल्टर का प्रतिस्थापन, जल वितरण प्रणाली और विआयनीकरण जल उपचार संयंत्र की स्थापना के लिए एक कमरे का निर्माण। **निविदा मूल्य: ₹ 45,66,165.49. अमानत राशि: ₹ 91,300.00. पूर्णता अवधि:** 06 माह।

**क्र.संख्या 1 से 5 के लिए समान: निविदा जमा करने की आरंभ तिथि: 13.03.2024 से। निविदा जमा करने की अंतिम तिथि: 27.03.2024 के 11.00** बजे तक।

उपरोक्त ई-निविदा सूचना की पूरी जानकारी वेबसाइट **https://www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। उपरोक्त निविदाओं हेतु ई-टेन्डर के अलावा अन्य निविदा स्वीकार नही की जाएगी।

*मंडल रेलवे प्रबंधक(अभियंता)/*
*सीपीआर/10/465 द.पू.म.रे.,बिलासपुर*
South East Central Railway @secrail

## फिर से मचेगा गदर, जब एंड पिक्चर्स पर आएगा तारा सिंह, 15 मार्च को रात 8 बजे

**सबसे** बड़े ब्लॉकबस्टर के जश्न के लिए तैयार हो जाइए क्योंकि जाने-माने किरदार तारा सिंह के साथ गदर 2 एक बार फिर आपकी स्क्रीन पर लौट रही है, जो ओरिजिनल ब्लॉकबस्टर का वही जोश जगाएगी। एक ऐसी फिल्म जिसे सबसे ज्यादा प्यार और तारीफें मिलीं, अब 15 मार्च को रात 8 बजे सिर्फ एंड पिक्चर्स पर प्रीमियर होने जा रही है। सिनेमाघरों में इस फिल्म की जबर्दस्त सफलता के बाद, अब पूरी फैमिली देखेगी साथ, जब टीवी पर आएगी गदर 2 इस बार।

सनी पाजी की दमदार परफॉर्मेंस ने एक बार फिर उन्हें बॉलीवुड के बेहतरीन एक्शन हीरोज़ में से एक के रूप में उनकी स्थिति को मजबूत कर दिया। इस फिल्म के दिलचस्प ओरिजिनल गाने एक हमें एक म्यूज़िकल सफर पर ले जाते हैं, जो सिनेमाई अनुभव को और बढ़ाते हैं, दिलों के तार छेड़ जाते हैं और कहानी में जज़्बात जगाते हैं। उड़ जा काले कावा और मैं निकला गड्डी लेके दर्शकों के दिलों को छू जाते हैं और घर वापसी की इस कहानी में चार चांद लगाते हैं।दूरदर्शी निर्देशक अनिल शर्मा द्वारा निर्देशित, गदर 2 सनी देओल और अमीषा पटेल की शानदार जोड़ी को एक बार फिर पर्दे पर लाती है, जो जबर्दस्त एक्शन और यादगार डायलॉग्स का संगम पेश करती है - जो दरअसल 22 वर्षों का जश्न है।




नए टैलेंट - उत्कर्ष, सिमरत और दमदार नेगेटिव लीड, मनीष वाधवा को प्रस्तुत करते हुए, गदर 2 एक पिता और पुत्र का अटूट रिश्ता दिखाती है। सनी और अमीषा की मंत्रमुग्ध कर देने वाली केमिस्ट्री इस पूरे अनुभव में आकर्षण जोड़ती है, जिससे यह फिल्म हर उम्र के दर्शकों के लिए जरूर देखने लायक बन जाती है।

---

**कार्यालय सम्पदा अधिकारी,**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,**
**सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-03, मौलश्री विहार,**
**रायपुर (छ.ग.)फोन नं.-0771-2991574**
Email Id: eocghbzone03@gmail.com

### आम-सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दीनदयाल आवास योजना, **सेजबहार,** रायपुर में स्थित भवन **क्र. एल.आई.जी.-238, श्रीमती नमिता मिश्रा पति श्री के.के. मिश्रा,** के नाम पर इस कार्यालय का आबंटन आदेश **क्रमांक 6422** दिनांक **17.12.2008** द्वारा स्ववित्तीय आधार पर आबंटित है। आबंटी द्वारा उक्त भवन का पूर्ण मूल्य जमा कर अपने पक्ष में दिनांक **23.12.2014** को लीजडीड पंजीकृत उपरांत दिनांक **03.03.2014** को हस्तांतरण विलेख ( **फ्री-होल्ड** ) निष्पादित करा लिया गया है। हस्तांतरण विलेख निष्पादन उपरांत उक्त भवन को क्रेता **श्रीमती सावित्री गेडाम पति श्री दिलीप गेडाम,** निवासी- पहाड़ीपारा, गुढ़ियारी, तह. व जिला- रायपुर (छ.ग.) के पक्ष में दिनांक **09.03.2015** विक्रय कर दिया गया है। वर्तमान में क्रेता **श्रीमती सावित्री गेडाम पति श्री दिलीप गेडाम,** द्वारा उक्त भवन को **फ्री-होल्ड** पश्चात् अपने नाम पर नाम दर्ज किये जाने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अत: उक्त भवन के नाम दर्ज करने के संबंध में किसी भी व्यक्ति, शासकीय/ अर्द्धशासकीय संस्था निकाय, बैंक अथवा वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

**सम्पदा अधिकारी,**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,**
**प्रक्षेत्र-03, मौल श्री विहार, रायपुर छ.ग.**

---

**कार्यालय सम्पदा अधिकारी,**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,**
**सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-02, शंकर नगर रायपुर**
**(छ.ग.), फोन नं.- 0771-4903223**
Email Id: eocghbzone02@gmail.com

### आम-सूचना

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल द्वारा **शंकर नगर सरहद रायपुर में** निर्मित दीनदयाल आवास योजनांतर्गत **एल.आई.जी. फ्लैट क्रमांक**-103, **ब्लॉक-07, प्रथम तल, श्री सैय्यद जियाउद्दीन पिता श्री सैय्यद जमीलुद्दीन एवं श्रीमती आयशा सैय्यद पति श्री सैय्यद जियाउद्दीन** के नाम पर इस कार्यालय के पत्र क्रमांक-18 दिनांक 04.07.2017 को नामांतरित है। वर्तमान में नामांतरी **श्री सैय्यद जियाउद्दीन पिता श्री सैय्यद जमीलुद्दीन एवं श्रीमती आयशा सैय्यद पति श्री सैय्यद जियाउद्दीन** दोनों निवासी-एल.आई.जी. फ्लैट क्रमांक-103, ब्लॉक-07, प्रथम तल भावना नगर, शंकर, रायपुर (छ.ग.) के द्वारा उक्त फ्लैट को **क्रेता श्री पीतेश्वर साहू पिता श्री भागवत राम साहू एवं श्रीमती टोमीन साहू पति श्री पितेश्वर साहू,** दोनों निवासी-बीएसयुपी कॉलोनी, ब्लॉक-12/29, नथनीया वाला भाठागांव रायपुर (छ.ग.) को विक्रय करने के लिये अनापत्ति प्रमाण पत्र (एन.ओ.सी.) प्राप्त करने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अत: उक्त फ्लैट के **विक्रय** के संबंध किसी व्यक्ति शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक अथवा वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन दिनांक के 15 दिवस के अंदर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

**सम्पदा अधिकारी,**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,**
**सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-02, रायपुर ( छ.ग. )**

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम,**
**रायपुर (जोन क्रं.-2)**
**शहीद समारक भवन, फाफाडीह, रायपुर**
**Email ID - rmczone2@gmail.com**

**पत्र क्रं./10098/न.पा.नि./जोन क्रं.-2/2024**
**रायपुर दिनांक : 14-03-2024**

### इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 10098**
**वार्ड का नाम- 27- इंदिरा गांधी**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 27 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी.- **RPR220C00080** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **MR. KANTI LAL** पिता/पति, श्री/श्रीमती **MADHAV JI PARMAR** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **1. हेमलता परमार 2. हर्षा गोहिल 3. जयश्री चौहान 4. देवेश परमार** पिता/पति, श्री/श्रीमती **स्व. कांतीलाल माधव जी परमार** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत हक त्याग विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें
**श्री आर.के. डोंगरे**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रं. - ( 2 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम,**
**रायपुर (जोन क्र.-8)**
**मोहबा बाजार, रायपुर**
**E-mail ID - rmczone8@gmail.com**

**पत्र क्र. /10113/ न.पा.नि./जोन क्र.-8/2024**
**रायपुर, दिनांक 13-03-2024**

### इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 10113**
**वार्ड का नाम- 69 - माधवराव सप्रे वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 69 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR568A00258** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **VIRENDRA KUMAR YADAV** पिता/पति, श्री/श्रीमती **LT. MANGLU RAM YADAV** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **KARUNA PANDEY** पिता/पति, श्री/श्रीमती **MANMOHAN PANDEY** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री अरूण ध्रुव**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक- ( 8 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम,**
**रायपुर (जोन क्र.-3)**
**शंकर नगर पानी टंकी के नीचे, रायपुर**
**E-mail ID - rmczone3@gmail.com**

**पत्र क्र./10018/ न.पा.नि./जोन क्र.-3/2024**
**रायपुर, दिनांक 14-03-2024**

### इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 10018**
**वार्ड का नाम-11- कालीमाता वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड-11 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR330E00100** जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **RAMKARAN PANDEY** पिता/पति श्री/श्रीमती **LATE RAMSAJEEVAN PANDEY** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **DURGA PRASAD PANDEY** पिता/पति श्री/श्रीमती **RAMKARAN PANDEY** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **वसीयत नामा अंतिम इच्छा पत्र शपथ पत्र एवं मृत्यु प्रमाण पत्र**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री विमल कुमार शर्मा**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन ( 3 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम,**
**रायपुर (जोन क्र.-3)**
**शंकर नगर पानी टंकी के नीचे, रायपुर**
**E-mail ID - rmczone3@gmail.com**

**पत्र क्र./10023/ न.पा.नि./जोन क्र.-3/2024**
**रायपुर, दिनांक 14-03-2024**

### इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 10023**
**वार्ड का नाम-11- कालीमाता वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड-11 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR330G00049** जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **SMT. AKILA ANSARI** पिता/पति श्री/श्रीमती **LATE F.A. ANSARI** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **1. RIZWANA RUHI ANSARI 2. TARANNUM RAHI ANSARI** पिता/पति श्री/श्रीमती **FAIYYAZ AHEMAD ANSARI** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **शपथ पत्र, हाउसिंग बोर्ड आदेश एवं मृत्यु प्रमाण पत्र**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री विमल कुमार शर्मा**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन ( 3 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम,**
**रायपुर (जोन क्र.-3)**
**शंकर नगर पानी टंकी के नीचे, रायपुर**
**E-mail ID - rmczone3@gmail.com**

**पत्र क्र./10160/ न.पा.नि./जोन क्र.-3/2024**
**रायपुर, दिनांक 14-03-2024**

### इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 10160**
**वार्ड का नाम-34- लाल बहादुर शास्त्री**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड- **34** स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR332G00026** जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **DHEERAJ AJWANI** पिता/पति श्री/श्रीमती **HARISH AJWANI** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **MOHAMMAD JUZER SAIFEE** पिता/पति श्री/श्रीमती **MARHUM ALI ASGAR SAIF** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री विमल कुमार शर्मा**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन ( 3 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com

दैनिक
विश्व परिवार

बिलासपुर संभाग

रायपुर शुक्रवार 15 मार्च 2024



# चारपारा कोहड़िया में सड़क डामरीकरण कार्य का मंत्री लखन लाल देवांगन ने किया भूमिपूजन

## सीएसआर मद से 197.69 लाख की लागत होगा वार्ड की सड़कों का उन्नयन



**कोरबा(विश्व परिवार)।** नगर पालिक निगम के वार्ड क्रमांक 16 कोहड़िया के जर्जर सड़कों के उन्नयन कार्य का वाणिज्य, उद्योग और श्रम मंत्री ने भूमिपूजन किया। सीएसआर मद से 197.69 लाख की लागत से वार्ड की सड़कों का डामरीकरण कार्य होगा। इस अवसर पर वाणिज्य, उद्योग और श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन ने कहा की आप सभी ने आशीर्वाद देकर आज कोरबा का विधायक और मंत्री बनाया है। जिस तरह मेरे महापौर कार्यकाल में विकास कराया गया था, उसी तरह आगामी 5 साल भी विकास कराया जाएगा। उन्होंने कहा की गांव को मॉडल बनाने का प्रयास किया जायगा। आत्मानंद स्कूल में विकास कार्य , मंच का निर्माण, नाली निर्माण के लिए इंतजार नहीं करना पड़ेगा। इस अवसर पर पार्षद नरेंद्र देवांगन ने कहा की बहुत दिन से यह मांग थी, सड़कों की वजह से आम जनमानस को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। कांग्रेस राज में सड़क के लिए राशि नही मिल रही थी। प्रदेश में भाजपा सरकार और आदरणीय लखन लाल देवांगन जी के मंत्री बनने के बाद सड़कों का काम अब शुरु होने जा रहा है। पूरे वार्ड की सड़कों का उन्नयन किया जाएगा। लोगों को आवागमन में किसी तरह की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा। इस अवसर पर वार्ड क्रमांक छह की पार्षद धनसाहू, नरेन्द्र पाटनवार, राधे यादव, वॉर्ड की पूर्व पार्षद गिरजादेवी पटेल, उमादेवी पटेल, दिलेश्वर पटेल समेत अधिक संख्या में वॉर्डवासी उपस्थित रहे।

## बांकीमोगरा क्षेत्र में मिले शव की हुई पहचान

**कोरबा(विश्व परिवार)।** बांकीमोंगरा थाना क्षेत्र अन्तर्गत पुरेना नदी में मिले अज्ञात शव की पहचान मृतक सुनील यादव उम्र लगभग 41 वर्ष पता उर्जा नगर कॉलोनी थाना दीपका क्षेत्र निवासी के रूप में की गयी है। अलसुबह जब ग्राम के कुछ ग्रामीण पुरेना नदी में नहाने गये हुए थे। तभी कुछ दुर नदी में एक अज्ञात व्यक्ति का शव तैरते नजर आया, जिसकी खबर आग की तरह आसपास क्षेत्र में फैल गई। इसकी सुचना 112 को दी गयी, 112 की टीम तत्काल घटनास्थल पहुंचकर अपने उच्चाधिकारियों को इस हादसे की सुचना दी। सुचना मिलते ही थाना बांकीमोंगरा प्रभारी उषा सोंधिया अपने थाना दलबल के साथ घटनास्थल पहुंचकर शव को नदी से बाहर निकाल उसकी जांच की गयी। आसपास पतासाजी करने पर नदी में मिले शव की सुनील यादव उम्र 41 वर्ष पता उर्जा नगर कॉलोनी थाना दीपका क्षेत्र का निवासी के रूप में मृतक के परिजनों ने की। शव देखकर अंदाजा लगाया जा रहा है कि शव 2-3 दिन का है।

## संक्षिप्त समाचार

### कृषि सखियों को प्राकृतिक खेती का दिया गया प्रशिक्षण

**कोरबा(विश्व परिवार)।** जिले में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) अंतर्गत कोरबा, पाली व पोडीउपरोडा में कार्यरत कृषि सखियों का 5 दिवसीय प्राकृतिक कृषि विषय पर सघन प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रशिक्षण में तीनों विकासखण्ड के कुल 180 कृषि सखी को 6 बैच में प्रशिक्षण प्रदाय किया गया। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य समूह में जुड़े महिला किसानों तक प्राकृतिक कृषि (खेती) गतिविधि को विस्तारित किया जाना है। उक्त प्रशिक्षण मैनेज (हैदराबाद) व छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा मास्टर ट्रेनर द्वारा दिये गये। उक्त ट्रेनरों के माध्यम से प्रशिक्षण को संपन्न कराया गया है जिसमें वरिष्ठ कृषि सीआरपी का भी सहयोग लिया गया। प्रशिक्षण में जैविक दवा, खाद, मृदा के प्रकार, जल प्रबंधन, कीट प्रबंधन का तकनीक के साथ क्षेत्र भ्रमण भी कराया गया जहां व्यावहारिक जानकारी प्रदाय की गयी। साथ ही वातावरण व स्वास्थ्य में रासायनिक खेती के दुष्प्रभाव को भी विशेष रूप से फोकस किया गया। खेती को बेहतर करने में मृदा की गुणवत्ता को सुधार व पर्यावरण को सतत् अच्छा बनाये रखने हेतु प्राकृतिक खेती एक उपयोगी कारगर खेती पद्यति है। स्थानीय क्षेत्र में संसाधन के उपयोग से व उपयुक्त कृषि प्रबंधन के द्वारा उत्पादन में वृध्दि व लागत में कमी लाकर ग्रामीणों को कृषि से अच्छी आय प्राप्त हो सकती है। कृषि सखी प्रतिभागियों के द्वारा उत्साह पूर्वक कार्यक्रम में भाग लिया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन एनआरएलएम जिला इकाई व विकासखण्ड इकाई द्वारा संपादित किया गया। प्रशिक्षण का सुचारू रूप से संचालन हेतु कर्मदक्ष संस्था के मास्टर टेऊनर कमल भारद्वाज एवं अविनाश सिंह, शांतनु तिवारी, अल्का आदिले का विशेष योगदान रहा।

### महापौर राजकिशोर ने किया सड़क डामरीकरण कार्य का निरीक्षण

**कोरबा(विश्व परिवार)।** महापौर राजकिशोर प्रसाद ने वार्ड क्र. 29 पोड़ीबहार में चल रहे विकास कार्यो के अंतर्गत सड़क डामरीकरण कार्य का निरीक्षण किया। उन्होने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सड़क निर्माण कार्य में समतलीकरण, केम्बर मेनटेन रखें, जल भराव की स्थिति न बने, गुणवत्तापूर्वक कार्य कराया जाना सुनिश्चित करें। महापौर प्रसाद ने आगे कहा कि नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा आमनागरिकों को मूलभूत सुविधाओं की निरंतर उपलब्धता की दिशा में व्यापक पैमाने पर कार्य हुए हैं, सड़कों के साथ-साथ पानी, बिजली, स्ट्रीट लाईट सहित अन्य मौलिक सुविधाओं की सहज उपलब्धता यहाँ के नागरिकों को सुगम रूप से प्राप्त हो रही है। इसके अतिरिक्त कई प्रकार की जनसमस्याओं से आमजनता को निजात दिलवाई है और नगर निगम क्षेत्र के विभिन्न वार्डो में भी सड़क डामरीकरण कार्य पूर्ण कराया जा रहा है, कोई भी वार्ड सड़क डामरीकरण कार्य से अछूता नहीं है। उक्त सड़क वन विभाग बाईपास मोड़ से पोड़ीबहार चैक तक डामरीकरण कार्य के साथ सड़क का चैड़ीकरण कार्य भी कराया जा रहा है, पूर्व में यह सड़क जर्जर स्थिति में था, आमनागरिकों को आवागमन में बहुत मुश्किलों का सामना करना पड़ता था, सड़क के डामरीकरण हो जाने से आवागमन सुगम हो जाएगा। निरीक्षण कार्य के दौरान वार्ड पार्षद एवं एमआईसी सदस्य प्रदीप जायसवाल के साथ बड़ी संख्या में वार्ड के नागरिकगण एवं अधिकारीगण उपस्थित थे।

### उड़न दस्ता दल को दिया गया प्रशिक्षण

**महासमुंद(विश्व परिवार)।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के परिप्रेक्ष्य में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री प्रभात मलिक के आदेशानुसार जिले के चारों विधानसभा क्षेत्रों के लिए उड़नदस्ता दल का गठन किया गया है। जिन्हें विगत दिवस जिला पंचायत के सभागार में प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण देते हुए जिला मास्टर ट्रेनर श्री तोषण गिरि गोस्वामी ने बताया कि उड़नदस्ता का कार्य आदर्श आचार संहिता लागू होने के दिन से मतदान समाप्ति तक चलेगा। इनका काम मुख्यतः शिकायत आधारित होता है। मतदाताओं को प्रलोभन देने के लिए शराब, उपहार सामग्री या नकद राशि आदि का वितरण करने की शिकायत या सूचना मिलने पर इन्हें तुरंत छापामार कार्यवाही करनी होगी। इसके अलावा आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के मामलों पर भी नजर रखनी होगी। इन्हें अपने द्वारा की गई समस्त कार्यवाहियों का कमेंट्री करते हुए वीडियोग्राफी करना आवश्यक है। उड़न दस्ता दल द्वारा अपने द्वारा की कार्यवाही की रिपोर्ट प्रतिदिन संबंधित सहायक रिटर्निंग ऑफिसर को निर्धारित प्रपत्र में देनी होगी। इसके अलावा जब्ती की कार्यवाही करने पर इलेक्शन सीज़र्स मैनेजमेंट सिस्टम मोबाइल एप के द्वारा भी इसकी जानकारी देनी होगी। प्रशिक्षण में इलेक्शन सुपरवाइजर श्री आर. के. बारले, जिला सूचना अधिकारी श्री देवेन्द्र साहू, सहायक प्रोग्रामर श्री नागेश साहू, प्रशिक्षण नोडल अधिकारी नंदकिशोर सिन्हा उपस्थित थे।

# सागौन पेड़ों का बीमा करवाकर अधिक लाभ कमाने का लालच देकर 40 हजार रूपये की ठगी, आरोपी गिरफ्तार

**पुलिस सहायता केन्द्र जटगा, थाना कटघोरा की कार्यवाही**

**कोरबा(विश्व परिवार)।** सागौन पेड़ों का बीमा करवाकर अधिक लाभ कमाने का प्रलोभन देकर एक व्यक्ति से 40 हजार रूपयों की धोखाधड़ी करने वाले आरोपी को पुलिस ने कुछ घंटों बाद ही गिरफ्तार कर लिया। मिली जानकारी के अनुसार दिनांक 12 मार्च 2024 को अनिल कुमार यादव ने पुलिस सहायता केन्द्र जटगा में रिपोर्ट दर्ज कराया कि संजय कुमार साहू नामक व्यक्ति द्वारा मोबाइल करके अपने सागौन पेड़ों की कटिंग करने के लिए आवेदन दिये जाने की जानकारी मांगी तथा जानकारी देने के बाद पर उसने सागौन पेड़ो को देखने आने की बात कही और संजय साहू अपने महिन्द्रा एक्सयूव्ही 300 वाहन क्रमांक सीजी 12 बी के 0573 में ग्राम बनखेता सागौन पेड़ को देखने आया, पेड़ों को देखने के बाद बोला कि तुमको पैसे की जरूरत होगा तो हमारी कंपनी से लोन ले लो 20-22 लाख रूपये कम्पनी दे सकती है। जब तुम्हारे सागौन पेड़ो की कटाई होगी तो लोन का पैसा काटकर बाकी बचत पैसा तुमको वापस कर देंगे, इसके लिए हमारी कम्पनी से एग्रीमेंट कराना पड़ेगा जिसके लिए 250 नग सागौन पेड़ों का बीमा करवाना होगा। आपको बीमा के लिए 98 हजार रूपये तत्काल जमा करना होगा जो पाच साल बाद 68 लाख रूपये सागौन पेड़ों का मिलेगा कहकर ज्यादा लाभ कमाने का प्रलोभन दिया तब प्रार्थी के द्वारा अभी मेरे पास 40 हजार रूपये है कहने पर वह बोला कि ठीक है मेरे गुगल पे के माध्यम से पैसा भेज दो बोलकर संजय साहू ने अपना क्यू आर कोड दिखाया जिसमें उसके झांसे में आकर गुगल पे एकाउंट से 40 हजार रूपये संजय साहू को ट्रांसफर कर दिया और शेष रकम 58 हजार रूपये को कटघोरा बैंक से निकालकर नगद देने की बात कही। इसके कुछ देर बाद ही प्रार्थी को ठगे जाने का एहसास होने पर प्रार्थी ने थाने मे रिर्पोट दर्ज करवाई। प्रार्थी की रिपोर्ट पर पुलिस सहायता केन्द्र जटगा थाना कटघोरा द्वारा अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी संजय साहू निवासी महाराणा प्रताप नगर कोरबा को घटना के तत्काल बाद 5 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है।

# दीपक कुमार कंवर संकुल समन्वयक नुनेरा को किया गया कार्यमुक्त

**कोरबा(विश्व परिवार)।** कलेक्टर एवं जिला मिशन संचालक समग्र शिक्षा अजीत वसंत द्वारा दीपक कुमार कंवर (मूलपद उ0व0 शिक्षक शा0पू0मा0शा0नुनेरा) संकुल शैक्षिक समन्वयक नुनेरा वि0ख0पाली को अपने कर्तव्य के प्रति उदासीनता और लापरवाही पर संकुल समन्वयक के दायित्व से मुक्त कर दिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार दीपक कुमार को प्राथमिक शाला टेढ़ीकुंआ के प्रधान पाठक शंकर दास मानिकपुरी द्वारा संस्था में अगस्त 2023 से दिनेशकुमार बनवा को अनाधिकृत रूप से अध्यापन कार्य कराने के संबंध में स्पष्टीकरण जारी किया गया था। उक्त स्पष्टीकरण के जवाब में दीपक कंवर संकुल शैक्षिक समन्वयक नुनेरा द्वारा प्राथमिक शाला टेढ़ीकुंआ में अगस्त 2023 से दिनेशकुमार बनवा को अनाधिकृत रूप से अध्यापन कार्य करने के संबंध में जानकारी नहीं होना बताया गया एवं कार्यालय विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी पाली के जांच प्रतिवेदन में भी इस तथ्य की पुष्टि की गई। जांच में पाया गया कि दीपक कुमार कंवर शैक्षिक समन्वयक नुनेरा के द्वारा संकुल अंतर्गत संचालित संस्थाओं की सतत मॉनिटरिंग नहीं की गई, साथ ही अपने कर्तव्य के प्रति उदासीनता एवं लापरवाही बरती गई है। कलेक्टर ने उक्त आधार पर दीपक कुमार कंवर शैक्षिक समन्वयक नुनेरा को संकुल शैक्षिक समन्वयक नुनेरा के दायित्व से मुक्त कर मूल पदस्थ संस्था शा0पू0मा0शा0नुनेरा हेतु कार्यमुक्त कर दिया है।

# 10वीं बोर्ड विज्ञान के पेपर में पकड़ाए चार नकलची

**जांजगीर(विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल की 10 वीं बोर्ड एग्जाम के विज्ञान विषय की परीक्षा में 4 नकलची पकड़े गए हैं। इस परीक्षा में 16 हजार 97 परीक्षार्थी शामिल हुए, जबकि 555 परीक्षार्थी अनुपस्थित थे। बोर्ड एग्जाम के सत्र 2023-24 में नकल प्रकरण का मामला सामने आया है। अकलतरा ब्लॉक के शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल नरियरा में 3 शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल तिलई में 1 परीक्षार्थी को जिला शिक्षा अधिकारी की टीम ने नकल करते हुए पकड़ा। उन्होंने बताया कि अकलतरा में 2533, बलौदा में 2007, बम्हनीडीह में 2999, नवागढ़ में 5066, पामगढ़ में 3437 परीक्षार्थी उपस्थित थे। इसी प्रकार 12वीं के लेखांकन विषय की परीक्षा में जिले कुल पंजीकृत 90 मे से 86 विद्यार्थी शामिल हुए, जबकि 4 परीक्षार्थी अनुपस्थित थे। इस परीक्षा में कोई भी नकल प्रकरण दर्ज नहीं किया गया। ओपन परीक्षा में 512 परीक्षार्थी हुए शामिल इसी प्रकार जिले में संचालित हाई स्कूल, हायर सेकेण्डरी स्कूल ओपन परीक्षा 2023-24 हेतु कक्षा 10वीं की गणित विषय की परीक्षा 12 मार्च को हुई। गणित विषय की परीक्षा में कुल पंजीकृत 584 में से 512 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए। परीक्षा में 72 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहें। नकल प्रकरण दर्ज नहीं किए गए हैं।

# सजग पुलिस चला रही जनजागरूकता अभियान

**कोरबा(विश्व परिवार)।** पुलिस अधीक्षक के आदेश पर सजग कोरबा के तहत गाँव में जाकर किया जा रहा जागरूक। पाली पुलिस के द्वारा ग्राम केराझरिया, बांगो पुलिस के द्वारा ग्राम कदार, पुलिस सहायता केंद्र जटगा पुलिस के ग्राम पुटुवा एवं थाना लेमरु पुलिस के द्वारा ग्राम सतरेंगा में बैठक आयोजित कर किया गया जागरूक। सरहदी जिलों मे कृषकों के साथ हो रहे उठाईगिरी को देखते हुए सजग कोरबा के तहत में रखा गया था बैठक। बैठक में पाम्पलेट देकर बैंक में होने वाले अपराध के बारे में जागरूक किया गया। पुलिस के द्वारा हिंदी एवं छत्तीसगढ़ी भाषा में पैंपलेट के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक कोरबा श्री सिद्धार्थ तिवारी के दिशा निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री यू.बी.एस. चौहान एवं नेहा वर्मा के मार्गदर्शन में जनप्रतिनिधि एवं किसानों का बैठक लिया जाए सजग कोरबा के तहत उन्हें जागरूक किया जाए। थाना/चौकी प्रभारियों को उनके थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव में रहने वाले ग्रामीण कृषक मितानिन एवं जनप्रतिनिधियों का बैठक बुलाया जा रहा है। इसी क्रम में थाना/चौकी प्रभारी एवं उनके स्टाफ के द्वारा ग्राम पंचायत भवन में जन प्रतिनिधि और ग्रामीणों का बैठक लिया गया बैठक में उपस्थित लोगो को वर्तमान में सरहदी जिलों में हुई उठाईगीरी की घटनाओं के संबंध में लोगो को बताया गया और किस गलती के कारण वहां घटना घटित हुआ उसके बारे में विस्तृत जानकारी दिया गया एवं लोगों को इस संबंध में समझाइश दिया गया कि कभी भी बैंक जाएँ तो हमेशा अकेले न जाकर दो तीन लोगो को साथ लेकर जाए, किसी अनजान लोगो से बात न करे और सीधे घर जाएँ, कहीं पान ठेला या चाय ठेला में न रुके इस बैठक में ग्राम पंचायत पोड़ी के सरपंच, वहां के पांच मितानिन एवं ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर इस बैठक में हिस्सा लिए। सजग कोरबा के तहत पैंपलेट सभी को वितरण किया गया और पैंपलेट के माध्यम से सजग कोरबा का प्रचार करने के लिए निवेदन किया गया। पुलिस के द्वारा लिए गए बैठक में महिलाओं को समझाइश दिया गया कि महुवा का सीजन आने वाला है जब भी महुवा बीनने जाएँ तो अकेले महिलाएँ जंगल न जाए और न ही बच्चे बच्चियों को महुवा बीनने जंगल तरफ भेजे। महुवा बीनने हमेशा तीन चार लोग एक साथ जाए। इसके अतिरिक्त उपस्थित लोगो को साइबर अपराध होने पर नजदीकी थाने या साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 में तुरंत फोन कर अपनी शिकायत दर्ज कारवाना है। एटीएम संबंधी ठगी के संबंध में ग्रामीणों को जागरूक किया गया, सेक्सटार्शन एवं महिला संबंधी अपराध की जानकारी दिया गया।

# गेवरा में मनाया गया सीआईएफएस का स्थापना दिवस



**कोरबा(विश्व परिवार)।** केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल इकाई, एसईसीएल बिलासपुर के द्वारा आज कोरबा जिला के गेवरा स्थित केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल इकाई के गेवरा ग्राउंड में केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल का 55वां स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर बल सदस्यों के कौशल, क्षमताओं का प्रदर्शन करने के लिए परेड का आयोजन किया गया। जिसमें केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल की 04 टुकडियों ने भाग लिया। केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल इकाई द्वारा मुख्य अतिथि के रूप में एसईसीएल गेवरा क्षेत्र के मुख्य महाप्रबंधक स्वरूप कुमार मोहंती को आमंत्रित किया था। सर्वप्रथम परेड कमाण्डर निरीक्षक पुष्पेंदु दत्ता द्वारा मुख्य अतिथि को सलामी दी गई। मुख्य अतिथि को सलामी देने के उपरांत परेड कमाण्डर द्वारा परेड को मार्चपास्ट कराया गया, तत्पष्चात केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के बल सदस्यों द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से शारीरिक कार्यकुशलता का प्रदर्शन किया गया। केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल स्थापना दिवस के अवसर पर केऔसुब इकाई, एसईसीएल बिलासपुर के कमाण्डेंट भास्कर कुमार, उप कमाण्डेंट किरण एम., सहायक कमाण्डेंट कार्तिकेय मिश्रा, सहायक कमाण्डेंट जसपाल सिंह के आतिथ्य में एसईसीएल प्रबंधन से मनोज कुमार (महाप्रबंधक खनन, एसईसीएल दीपका क्षेत्र), जे एकम्बरम (महाप्रबंधक संचालन, एसईसीएल गेवरा क्षेत्र), अजय कुमार सिंह (महाप्रबंधक ई एंड एम, गेवरा क्षेत्र), आर के तिवारी (महाप्रबंधक उत्खनन, गेवरा क्षेत्र), आर बी सिंदुर (महाप्रबंधक योजना, गेवरा क्षेत्र), अजय बेहरा (क्षेत्रीय कार्मिक प्रबंधक, गेवरा क्षेत्र), स्श्वष्टरु मुख्यालय बिलासपुर से वी दक्षिणामूर्ति (सुरक्षा विभाग), कुमार गौरव (क्षेत्रीय सुरक्षा अधिकारी, एसईसीएल गेवरा एवं दीपका क्षेत्र), आर के चैधरी (क्षेत्रीय सुरक्षा अधिकारी, कोरबा क्षेत्र), त्रिपुरा स्टेट राइफल्स के उप कमांडेंट मिहिर दत्ता, ह्रष्ट॥ गेवरा अस्पताल के डॉक्टर चेतन कुमार भोसले, डॉक्टर आर आर अग्रवाल, मीडिया कर्मी एवं अन्य सम्मानित अतिथिगण उपस्थित रहे।केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल, भारत में केंद्रीय सषस्त्र पुलिस बलों में से एक है।

## पुलिस अधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण

**महासमुंद।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के परिप्रेक्ष्य में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री प्रभात मलिक के निर्देश पर विगत दिवस पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभागार में पुलिस अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण देते हुए जिला मास्टर ट्रेनर श्री तोषण गिरी गोस्वामी ने सेक्टर पुलिस अधिकारियों के कार्यों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दिया। उन्होंने बताया कि अपने सेक्टर में दौरा करते हुए यह देखना होगा कि आदर्श आचार संहिता का किसी तरह से उल्लंघन ना हो। साथ ही असुरक्षित समूहों का चिन्हांकन कर उन्हें बिना भय और बिना लालच के मतदान करने के लिए प्रेरित करना होगा। उन्होंने यह भी बताया कि अपने ही लोकसभा क्षेत्र में निर्वाचन कार्य में संलग्न पुलिस अधिकारी निर्वाचन कर्तव्य प्रमाण पत्र (ईडीसी) के माध्यम से मतदान कर सकते हैं, जिसके लिए उन्हें प्रपत्र 12 क में आवेदन करना होगा।

# संपादकीय

## संदेह की वजहें हैं

अनुमान लगाया जा सकता है कि नए निर्वाचन आयुक्तों को लेकर कई तरह के कयास लगाए जाएंगे। कुल नतीजा निर्वाचन आयोग की साख में और क्षरण के रूप में सामने आएगा। जब देश आम चुनाव के मुहाने पर है, तब ऐसा माहौल सिरे से अवांछित है। जिन हालात में निर्वाचन आयुक्त अरुण गोयल ने अचानक अपने पद से इस्तीफा दिया, उससे शक पैदा होने की ठोस वजहें हैं। जिस फुर्ती से उनके इस्तीफे को स्वीकार किया गया, उससे अटकलों को और बल मिला है। इस बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने निर्वाचन आयुक्तों की नियुक्ति करने वाली समिति की बैठक पहले से बुला रखी है। अब इसमें संभवत: दो आयुक्तों की नियुक्ति का फैसला होगा। इस समिति का गठन हाल ही में पारित कानून के तहत किया गया है। इस कानून के जरिए सुप्रीम कोर्ट की तरफ से स्थापित की गई नियुक्ति प्रक्रिया को रद्द कर दिया गया। अगर सुप्रीम कोर्ट के आदेश के मुताबिक चयन समिति बनती, तो उसमें प्रधानमंत्री के अलावा भारत के प्रधान न्यायाधीश और लोकसभा में सबसे बड़े दल के नेता शामिल होते। लेकिन अब इसमें प्रधान न्यायाधीश की जगह प्रधानमंत्री द्वारा नियुक्त उनकी ही सरकार के एक मंत्री होंगे। इस तरह इसी हफ्ते निर्वाचन आयुक्त के खाली पदों पर सत्ता पक्ष की मर्जी से दो नियुक्तियां हो जाएंगी। खबरों में बताया गया है कि गोयल के मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार से कुछ मुद्दों पर मतभेद उभर गए थे। मगर मतभेदों के कारण नौकरशाही के बड़े स्तरों पर इस्तीफे होते हों, यह सामान्य नहीं है। खासकर यह देखते हुए गोयल वही शख्स हैं, जिन्हें नवंबर 2022 में केंद्रीय उद्योग विभाग के सचिव पद से स्वैच्छिक अवकाश ग्रहण करने के एक दिन बाद ही निर्वाचन आयुक्त बना दिया गया था। सुप्रीम कोर्ट ने इस नियुक्ति पर सख्त टिप्पणियां की थीँ। तब यही कहा गया था कि सरकार ने अपने एक विश्वस्त व्यक्ति को आयोग में रखने के लिए मर्यादाओं का उल्लंघन किया है। अब अगर वही व्यक्ति निर्वाचन आयोग से औचक इस्तीफा देकर चला गया, तो संदेह कुछ ज्यादा ही गहरा हो जाता है। इस बीच आयोग में नियुक्तियां होंगी। अनुमान लगाया जा सकता है कि उनको लेकर विपक्षी दायरों में कई तरह के कयास लगाए जाएंगे। कुल नतीजा निर्वाचन आयोग की साख में और क्षरण के रूप में सामने आएगा। जब देश 18वें आम चुनाव के मुहाने पर है, तब ऐसा माहौल सिरे से अवांछित है।

# सूची घोषित करती कांग्रेस सेंध लगाती भाजपा

**अरुण पटेल**

लोकसभा चुनाव में 400 पार की जुगत करने के लिए जहां भाजपा अपने सहयोगियों की संख्या बढ़ाती जा रही है तो वहीं दूसरी ओर कांग्रेस नेताओं का पलायन भी भाजपा की ओर उसी तेजी से हो रहा है। पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी की न्याय यात्रा जहां-जहां से गुजर रही है वहां भी कोई न कोई बड़ा कांग्रेस नेता भाजपा में शामिल हो रहा है। मध्यप्रदेश में भी मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा कांग्रेस के बड़े-बड़े नेताओं को अपनी पार्टी में शामिल करने का अभियान छेड़े हुए हैं ताकि कांग्रेस को मैदान के साथ ही मनोवैज्ञानिक शिकस्त भी दें तथा कांग्रेस नेताओं व कार्यकर्ताओं में जो हार की हताशा से उबरने की कोशिश कर रहे हैं फिर नैराश्य की वादियों में खो जायें। फिलहाल तो छत्तीसगढ़ में कोई दलबदल अभी तक नहीं हुआ है लेकिन लोकसभा चुनाव के चलते इसकी संभावना को नकारा भी नहीं जा सकता क्योंकि भाजपा ऐन केन प्रकारेण कांग्रेस को राजनीतिक फलक पर अप्रासंगिक करने की मुहिम छेड़े हुए है। लेकिन इसके साथ ही कांग्रेस के उन कार्यकर्ताओं व नेताओं में उम्मीद भी जाग रही है कि अब उन्हें अपनी पार्टी में कुछ मौका मिल जाये जिन्हें नेताओं की गणेश परिक्रमा न करने के कारण कोई मौका नहीं मिल पाता था। कांग्रेस ने 39 उम्मीदवारों की जो पहली सूची जारी की है उसमें छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री रहे भूपेश बघेल और अभी तक सबको चुनाव लड़ाने वाले और राज्यसभा के माध्यम से सांसदी का लाभ लेने वाले के. सी.वेणुगोपाल को भी अब लोकसभा चुनाव लड़ना होगा। इस प्रकार कुछ और कांग्रेस नेताओं की अग्नि परीक्षा अब चुनाव में हो सकती है जो अभी तक चुनाव से बचते रहते थे। मध्यप्रदेश में कांग्रेस के एक बड़े नेता पूर्व केंद्रीय मंत्री और पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष सुरेश पचौरी ने आज अपने अधिकांश समर्थकों के साथ भाजपा में प्रवेश कर लिया है। जो लोग भाजपा में शामिल हुए हैं उनमें इंदौर



के पूर्व कांग्रेसी विधायक विशाल पटेल, संजय शुक्ला और पूर्व सांसद गजेंद्र सिंह राजूखेड़ी, समाजवादी पार्टी के पूर्व विधायक और अब कांग्रेस नेता बने अर्जुन पलिया, पाठ्य पुस्तक निगम के अध्यक्ष रहे आलोक चंसोरिया, भोपाल नगर पालिक निगम के सभापति रहे कैलाश मिश्रा तथा योगेश शर्मा, अतुल शर्मा, सुभाष यादव, दिनेश ढिमोले, जसपाल सिंह अरोरा शामिल हैं। इस अवसर पर सुरेश पचौरी ने कहा कि भगवान श्रीराम जी की प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन हो रहा था जिसके निमंत्रण पत्र को अमर्यादित भाषा का इस्तेमाल कर जब ठुकरा दिया गया तब मुझे आघात पहुंचा, मैं अयोध्या में राम मंदिर का पक्षधर आरंभ से रहा हूं, निमंत्रण पत्र को अस्वीकार करने की आवश्यकता नहीं थी। मैं स्वामी शंकराचार्य स्वरुपानंद का दीक्षित शिष्य हूं मुझे तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने भेजा कि जाओ शंकराचार्य जी से पूछ कर आओ कि क्या करना है, तो उन्होंने कहा कि अयोध्या में शिलान्यास हो और मंदिर बने। सितम्बर 1999 में राजीव जी ने जवाब दिया कि तदानुसार काम हो फिर हम तत्कालीन गृहमंत्री बूटासिंह के साथ गये और वहां शिलान्यास किया। वहां अशोक सिंघल जी भी थे, फिर अब निमंत्रण पत्र अस्वीकार करने की आवश्यकता कहां से पड़ गयी। राम मंदिर का ताला खुलना, शिलान्यास होना किसके कार्यकाल में हुआ यह बोला जा सकता था।भाजपा में उपरोक्त नेताओ को शामिल करने के अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि आज का दिन वास्तव में एक नया इतिहास बनने जा रहा है। वैसे तो सबको आहट थी कि जहां-जहां राहुल गांधी जाते हैं वहां कांग्रेस के काम करने के तरीके का असर आता है। अच्छे स्थापित स्वच्छता के साथ राजनीति करने वाले, मन की भावनाओं के आधार पर काम करने वाले नेता हर दल के अंदर होते हैं लेकिन साफ-सुथरी राजनीति करने वालों को काम करने की अनुकूलता देना, मौका देना, यह नेतृत्व पर निर्भर करता है। यह दुर्भाग्य की बात है कि कांग्रेस का नेतृत्व ऐसे स्वच्छता व साफ सोच के साथ राजनीति करने वाले नेता जो देश के विकास के लिए राजनीति करते हैं ऐसे लोगों को निराश करता है, ऐसे में कोई भी स्वाभिमानी व्यक्ति कांग्रेस के लिए काम नहीं करना चाहेगा। मैं तो कहूंगा कि राहुल गांधी दो-तीन यात्राएं और निकालें क्योंकि अभी जहां-जहां राहुल गांधी जाते हैं वहां-वहां कांग्रेस साफ होती जा रही है। डॉ. यादव ने कहा कि महात्मा गांधी की भावना को सही साबित करने का काम राहुल गांधी कर रहे हैं, महात्मा गांधी ने कहा था कि आजादी के बाद कांग्रेस को भंग कर देना चाहिए। पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का कहना था कि आज की घटना मध्यप्रदेश की राजनीति की असाधारण घटना है। सुरेश पचौरी जी के संस्कारों का मैं आरंभ से ही कायल था। वह दो-दो पीएम के साथ रहे लेकिन उनके दामन में एक भी दाग नहीं लगा, जिन पदों पर उन्होंने काम किया वहां उन्होंने एक अलग छाप छोड़ी। कांग्रेस का दुर्भाग्य है कि वह एक दिशाहीन नेता के नेतृत्व में काम कर रही है। यह अदभुत समय है जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के पीछे पूरा हिंदुस्तान खड़ा है, पचौरीजी मेरे सीनियर रहे हैं, मैं उनका जूनियर रहा हूं। अब साथ काम करने का मौका मिलेगा।

### राम वन पथ गमन का विकास

डॉ. मोहन यादव के मुख्यमंत्री बनने के साथ ही राम वन पथ गमन के विकास में गति आ गयी है। पहले आरंभ में शिवराज सिंह चौहान की सरकार में जोरशोर से राम पथ गमन का काम आरंभ हुआ था, लेकिन फिर उसकी गति कुछ धीमी हो गई। बाद में एक प्रकार से वहां नाममात्र के काम ही हुए। लेकिन डेढ़ दशक बाद जब कमलनाथ के नेतृत्व में कांग्रेस सरकार बनी तब उन्होंने फिर से इसकी सुध ली और काम में तेजी आई। डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व संभालने के साथ ही राम वन पथ गमन के जो काम हो रहे थे उनमें तेजी आ गयी और इसके विकास की जिम्मेदारी सात विभागों को दे दी गयी है। लोकसभा चुनावों के बाद ये विभाग पूरे विकास कार्यों का ब्लू प्रिंट तैयार करेंगे। पहले चरण में चित्रकूट और अमरकंटक को लिया जायेगा। जिसका मास्टर प्लान बनेगा ताकि इन शहरों को सुव्यवस्थित बनाया व बसाया जा सके। धार्मिक पर्यटन के लिए विशेष सुविधायें उपलब्ध कराई जायेंगी। राम वन पथ गमन का विकास, केंद्र सरकार की ईको पर्यटन योजना से किया जायेगा। प्रदेश से

# विचार

## पुर्तगाल में भी धुर-दक्षिण

धुर-दक्षिण एजेंडे के लिए पुर्तगाल में बढ़े समर्थन को वर्तमान यूरोपीय परिघटना का हिस्सा माना जा रहा है। दूसरे विश्व युद्ध के बाद से पूरे यूरोप में लोकप्रिय रही सोशल डेमोक्रेटिक पार्टियों का शासन अब 27 सदस्यीय यूरोपियन यूनियन के सिर्फ चार देशों में बचा है। पुर्तगाल में अपेक्षा के मुताबिक ही सोशलिस्ट पार्टी के हाथ से सत्ता निकल गई है। लेकिन दक्षिणपंथी डेमोक्रेटिक एलांयस भी निर्णायक जीत हासिल नहीं कर पाया है। इन दोनों पार्टियों को मिले वोट प्रतिशत में मामूली अंतर है। 1974 में तानाशाही की समाप्ति के बाद पुर्तगाल में ऐसी स्थिति पहली बार बनी है, जब देश की दोनों प्रमुख पार्टियां अपने सहयोगी दलों को साथ लेकर भी सरकार बनाने की सूरत में नहीं है। यह सूरत धुर-दक्षिणपंथी/ नव-नाजीवादी पार्टी चेगा (बहुत हो चुका) के समर्थन आधार में तेजी से हुई बढ़ोतरी के कारण पैदा हुई है। चेगा को 2019 के चुनाव में 1.7 प्रतिशत वोट मिले थे। 2022 में उसे सात प्रतिशत वोट मिले। इस बार के मध्यावधि चुनाव में उसने 18 फीसदी मत हासिल कर लिए हैं। इन वोटों के आधार पर 230 सदस्यीय संसद में उसे 46 सीटें प्राप्त हो जाएंगी। इस पार्टी का प्रमुख एजेंडा आव्रजन, समलैंगिकता एवं महिला अधिकार विरोध है। इस एजेंडे के लिए पुर्तगाल में बढ़े समर्थन को आम तौर पर इस समय जारी यूरोपीय परिघटना का हिस्सा माना जा रहा है। इसी अनुपात में सोशल डेमोक्रेटिक पार्टियों का आधार क्षीण हुआ है। अब हालात ऐसे हैं कि दूसरे विश्व युद्ध के बाद से पूरे यूरोप में लोकप्रिय रही सोशल डेमोक्रेटिक पार्टियों का शासन 27 सदस्यीय यूरोपियन यूनियन के सिर्फ चार देशों में बचा है। उनमें भी स्पेन में सोशलिस्ट पार्टी की सरकार बमुश्किल टिकी हुई है। जबकि आम अनुमान है कि जर्मनी में अगले आम चुनाव में सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी (एसपीडी) को भारी नुकसान झेलना होगा। इसीलिए आम समझ है पुर्तगाल के ताजा नतीजों से यूरोप में धुर-दक्षिणपंथ का कारवां आगे बढ़ा है।

# शिक्षा बोर्ड में घटती छात्रों की संख्या चिंताजनक

**हंसराज ठाकुर**

यदि शिक्षक के शैक्षणिक कार्य यूं ही प्रभावित होते रहे तो 'भविष्य' अनेक चिंताओं का जन्मदाता बनकर रह जाएगा। शैक्षणिक संस्थानों व शिक्षा में हर स्तर पर नैतिक मूल्यों का पतन भी गंभीर चुनौती है। शिक्षा बोर्ड, शिक्षा विभाग व सरकार को अब सचेत होना होगा पचपन साल पहले हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला 1968 के हिमाचल प्रदेश अधिनियम संख्या 14 के अनुसार, वर्ष 1969 में अस्तित्व में आया और इसका मुख्यालय शिमला में था, जिसे जनवरी 1983 में धर्मशाला स्थानांतरित कर दिया गया। वर्तमान में बोर्ड को व्यापक, दूरदर्शी, पारदर्शी तथा छात्र व शिक्षक हितैषी नीतियों की जरूरत है। कुलतार चंद राणा हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के पहले अध्यक्ष थे। शुरुआत में 34 अधिकारियों के साथ शिक्षा बोर्ड की शुरुआत हुई। बाद में यह संख्या 643 तक पहुंची। बोर्ड की मुख्य भूमिका व जिम्मेदारी शिक्षा में बच्चों का अधिकतम पंजीकरण, छात्रवृत्ति, पाठ्यक्रम निर्धारण के अनुसार पुस्तक प्रकाशन व वितरण तथा बच्चों की योग्यता व स्थानांतरण प्रमाणपत्र जारी करना था। आज प्रदेश में 2258 परीक्षा केंद्र हैं। बारहवीं में इस बार 80000 विद्यार्थी परीक्षा देने बैठेंगे, जबकि दसवीं में 95000 विद्यार्थी, जबकि पिछली बार एक लाख से अधिक विद्यार्थी जमा दो कक्षा में थे। विद्यार्थियों की संख्या बढ़ाने में व नकल रोकने में विद्यालय प्रबंधन समिति को भी ईमानदारी व निष्पक्षता से आगे आना चाहिए, अन्यथा जिन विद्यालयों में इसके विपरीत होता है, वहां बोर्ड, शिक्षा विभाग व सरकार को कठोर कदम उठाने होंगे। वर्तमान में 8000 से अधिक स्कूल हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड से संबद्ध हैं। हर साल लाखों विद्यार्थी विभिन्न परीक्षा केंद्रों में परीक्षा देते हैं। शिक्षा बोर्ड कक्षा एक से बारहवीं कक्षा तक की एनसीईआरटी पाठ्य पुस्तकें भी प्रकाशित करता है। शिमला में एक संपर्क कार्यालय के अलावा बोर्ड ने छात्रों की जरूरतें पूरा करने हेतु राज्य में 26 बिक्री पुस्तक डिपो या सूचना केंद्र भी स्थापित किए हैं। हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की परीक्षाएं अक्सर मार्च माह में आयोजित होती हैं। शिक्षा बोर्ड के अंतर्गत दसवीं, बारहवीं की परीक्षाओं के अलावा जेबीटी, टीटीसी/टीईटी जैसी परीक्षाएं भी आयोजित करवाई जाती हैं। बोर्ड की प्रैक्टिकल परीक्षाएं स्वयं न करवाना बोर्ड की नाकामी है, जबकि पहले बोर्ड क्लासिज की प्रैक्टिकल परीक्षाएं स्वयं बोर्ड ही प्रायोजित करवाता रहा है। भारत में मुख्य चार बोर्ड हैं- सीबीएसई, आईसीएसई, स्टेट बोर्ड व आईबी (इंटरनेशनल बैकलारिएट) एक प्राइवेट इंटरनेशनल बोर्ड, जिसकी मान्यता भी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर है। केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) और इंडियन सर्टिफिकेट ऑफ सेकेन्डरी एजुकेशन (आईसीएसई) क्यों सबसे ज्यादा लोकप्रिय हैं? क्यों सीबीएसई प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए सबसे बेहतर माना जाता है? क्यों आईसीएसई को सबसे कठिन बोर्ड माना जाता है? इन पहलुओं पर विचार करने की आवश्यकता है। क्यों बच्चों के लिए सीबीएसई को बेहतर माना जाता है? अभिभावकों के स्तर पर हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड को इस पहलू पर ध्यान देने की आवश्यकता है। क्यों एनआईओएस भारत का सबसे बड़ा बोर्ड है, जिसमें भाग लेने वाले छात्रों की संख्या सबसे ज्यादा है, प्रतिवर्ष 350000, जो दुनिया की सबसे बड़ी ओपन स्कूलिंग प्रणाली में से एक है। वहीं दूसरी तरफ हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड में दसवीं-बारहवीं के छात्रों की संख्या में इस बार लगभग 20000 छात्रों की गिरावट हुई है, जबकि यह बोर्ड सीबीएसई व आईसीएसई जैसा कठिन नहीं माना जाता। बोर्ड की कार्यप्रणाली भी स्थिर नजर नहीं आती। कभी टर्म सिस्टम तो कभी वार्षिक परीक्षाएं होती हैं। अध्यापकों के साथ बेचारे छात्र भी असमंजस में ही रहते हैं कि इस बार कौनसा सिस्टम बोर्ड अपनाएगा? क्या सिलेबस में भी कटौती होगी? परीक्षाएं शुरू भी हो जाती हैं, मगर इस दिशा में हिमाचल शिक्षा बोर्ड की सक्रियता नजर नहीं आती। कभी परीक्षा तिथियों में उचित समय अंतराल नहीं होता तो कभी दसवीं-बारहवीं व नौवीं-ग्यारहवीं परीक्षा के समय निर्धारण में बदलाव। कभी एसओएस की परीक्षाएं अलग तो कभी वार्षिक परीक्षाओं के साथ। हर तरफ अनिश्चितता का माहौल क्यों बना हुआ है? प्रैक्टिकल विषयों की परीक्षा नाममात्र की रह गई है, जबकि पहले इन प्रायोगिक परीक्षाओं में भी बाहरी निरीक्षक बोर्ड द्वारा नियुक्त किए जाते थे। वर्तमान में शायद ही शिक्षा बोर्ड की परीक्षाओं में कोई शिक्षक तैनाती चाहता है। नकल दस्ते में शिक्षाविदों की जगह अन्य कर्मचारियों को तरजीह दी जाती है, जबकि छात्रों की रजिस्ट्रेशन से लेकर परीक्षा फॉर्म भरने तक का संपूर्ण कार्य शिक्षक ही करते हैं। यदि इसी तरह शिक्षकों को गैर शैक्षणिक कार्यों हेतु इस्तेमाल किया जाता रहा, कभी डाक बनाने में, कभी इलेक्ट्रोल रोल बनाने में, कभी चुनाव करवाने में, कभी पुस्तकें बोर्ड डिपो से उठाने व वितरण करवाने में, एमडीएम, वर्दी वितरण, साल भर विद्यालयों में मनाए जाने वाले दिन, अन्य कोकरिकुलर एक्टिविटीज सहित प्रतिदिन विभाग द्वारा मांगे जाने वाले विभिन्न आंकड़े, तो बोर्ड की कार्यप्रणाली के साथ, शिक्षकों को शैक्षणिक कार्यों से विमुख करके, शिक्षा बोर्ड में निश्चित रूप से छात्रों की संख्या स्थिर रखना एक चुनौतीपूर्ण कार्य है। क्यों शिक्षा बोर्ड स्वयं में समर्थवान नहीं बनता? शिक्षकों को अन्य कार्यों में उलझाकर परीक्षा परिणाम बेहतर नहीं किए जा सकते। सरकार को भी इस दिशा में अभूतपूर्व कदम उठाने होंगे। शिक्षा के मूल कार्य से शिक्षक को विमुख करके बेहतर परिणाम की उम्मीद रखना बेमानी ही होगी। फिर भी सभी तरह की गाज भी शिक्षक के ऊपर ही क्यों गिराई जाती है? शिक्षा के क्षेत्र को राजनीति के प्रभाव से मुक्त रखना होगा, अन्यथा समाज में कई तरह की विकृतियां उत्पन्न होती रहेंगी। गुरुकुल के समय से ही शिक्षक समाज का आदरणीय व पथप्रदर्शक व्यक्तित्व रहा है। यदि शिक्षक के शैक्षणिक कार्य यूं ही प्रभावित होते रहे तो 'भविष्य' अनेक चिंताओं का जन्मदाता बनकर रह जाएगा। शैक्षणिक संस्थानों व शिक्षा में हर स्तर पर नैतिक मूल्यों का पतन भी वर्तमान समय की गंभीर चुनौती है। शिक्षा बोर्ड, शिक्षा विभाग व सरकार को समय रहते इस दिशा में सार्थकता लाने हेतु अधिक सजग व संवेदनशील होने की आवश्यकता है।

## स्मृति शेष-संजीव जैन संजीवनी



दिगंबर जैन समाज एवं दिगंबर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन के मीडिया प्रभारी श्री संजीव जैन संजीवनी का हमारे बीच से आज अचानक देवलोक गमन कर जाना हम सबके लिए बहुत दुखद है । वर्ष 2017 में सर्व प्रथम मेरा उनसे परिचय आचार्य श्री विशुद्ध सागर जी महाराज के समोसरण मंदिर में स्थापित होने वाले चातुर्मास की व्यवस्था संबंधी मीटिंग में हुआ था तब से आज तक हम दोनों के बीच प्रगाढ़ स्नेहमयी संबंध रहे, उस मीटिंग में उन्हें चातुर्मास के मीडिया प्रभारी का उत्तरदायित्व दिया गया था जिसे उन्होंने निस्वार्थ भाव से एवं पूरी ईमानदारी से बखूबी निभाया । अंतिम बार उनसे मेरी मुलाकात 4 मार्च को सुमतिधाम गोधा स्टेट में हुई थी और उसी दिन उन्होंने आचार्य श्री विशुद्ध सागर जी महाराज के दर्शन कर आशीर्वाद भी प्राप्त किया था उनसे मिलकर हमें ऐसा नहीं लग रहा था कि संजीव जी से यह मुलाकात अंतिम होगी । संजीव जी एक स्पष्टवादी, शिक्षाविद, लेखक, पत्रकार, सनमती वाणी पत्रिका के संपादक मंडल के सदस्य एवं संवेदनशील युवा समाजसेवी थे । समोसरण मंदिर, 20 पंथी मंदिर, जंवरी बाग नसिया मंदिर, मलयगिरी तीर्थ से भी उनका जुड़ाव था (मलयागिरी तीर्थ) पर उन्होंने एक प्रतिमा विराजमान करने का सौभाग्य भी अर्जित किया था । वे समाज की एवं सोशल ग्रुप की धार्मिक सामाजिक गतिविधियों को समाचार पत्रों के माध्यम से प्रचारित/प्रकाशित किया करते थे । उनके निधन से न केवल दिगंबर जैन परवार समाज ने बल्कि समग्र जैन समाज ने एक बहुमुखी प्रतिभा संपन्न श्रेष्ठ युवा समाजसेवी खो दिया है जिसकी पूर्ति संभव नहीं है। संजीवजी के निधन पर हम अपनी ओर से विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित कर उनके परिवार के प्रति हार्दिक संवेदनाएं प्रेषित करते हुए परम पिता परमेश्वर से प्रार्थना करते हैं कि इस दुखद घड़ी में उनके परिवार को धैर्य एवं शक्ति प्रदान करें, और उन्हें सद्गति की प्राप्ति हो ।

डॉ0 जैनेंद्र जैन
मंत्री दिगंबर जैन समाज सामाजिक संसद
राजेश जैन दद्दू मीडिया प्रभारी दिगंबर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन
श्रीमती मुक्ता जैन अध्यक्ष दिगंबर जैन परवार समाज महिला संगठन इंदौर

# निवेश सुविधा समझौते को रोकना कितना जायज

**डा. अश्विनी महाजन**

अपनी ऋण जाल कूटनीति के माध्यम से चीन बीआरआई में भाग लेने वाले देशों से प्रमुख रणनीतिक संपत्ति और स्थान छीनने में सक्षम हो गया है। इसलिए इसे रोकने की जरूरत थी डब्ल्यूटीओ का 13वां मंत्रिस्तरीय सम्मेलन अभी संपन्न हुआ है जिसमें इस बात पर भारी उत्सुकता दिखी कि क्या डब्ल्यूटीओ में एक और प्लुरिलेटरल समझौता, यानी एक समझौता जिसमें डब्ल्यूटीओ के सभी देश नहीं, बल्कि कुछ ही देश शामिल होंगे, जिसका नाम है विकास के लिए निवेश सुविधा समझौता (आईएफएडी) शामिल हो पाएगा? गौरतलब है कि इस प्रस्तावित समझौते को 120 से अधिक देशों का समर्थन प्राप्त था, यानी इसमें विश्व व्यापार संगठन की सदस्यता 70 प्रतिशत से अधिक देश शामिल थे। महत्वपूर्ण है कि डब्ल्यूटीओ एक बहुपक्षीय संगठन है, इसके अधिकांश समझौते प्रकृति में बहुपक्षीय रहे हैं, जिन्हें सभी सदस्य देशों ने मान्य किया। लेकिन विश्व व्यापार संगठन के गठन से पहले भी 'गैट' के अंतर्गत प्लुरिलेटरल समझौते होने की मिसालें हैं। लेकिन हमें यह भी ध्यान रखना चाहिए कि यद्यपि डब्ल्यूटीओ नियमों के तहत प्लुरिलेटरल समझौतों की अनुमति है, लेकिन डब्ल्यूटीओ में, बहुपक्षीय समझौते नियम हैं, जबकि प्लुरिलेटरल अपवाद हैं। आईएफएडी पर नाटक तब अचानक समाप्त हो गया जब भारत और दक्षिण अफ्रीका ने डब्ल्यूटीओ में इस प्लुरिलेटरल समझौते की कानूनी अस्वीकार्यता के बारे में डब्ल्यूटीओ में 13वें मंत्रिस्तरीय सम्मेलन में एक पेपर प्रस्तुत किया। आईएफएडी क्या है : आईएफएडी विश्व व्यापार संगठन द्वारा प्रस्तावित एक व्यापार समझौता है। इसका उद्देश्य निवेश प्रवाह को सुविधाजनक बनाने के लिए कानूनी रूप से बाध्यकारी




प्रावधान बनाना है। इसके लिए राज्यों को विनियामक पारदर्शिता और निवेश उपायों की पूर्वानुमेयता बढ़ाने की आवश्यकता है। यह ध्यान दिया जाना चाहिए कि यद्यपि प्रत्येक अंतरराष्ट्रीय समझौता घरेलू नियमों के दायरे को सीमित करता है, आईएफएडी के मामले में यह स्थिति अधिक भयावह थी और निवेश सुविधा के नाम पर सदस्य देशों के संप्रभु अधिकारों की तिलांजलि दिए जाने का प्रावधान था। आईएफएडी को लेकर भारत क्यों चिंतित था : आम तौर पर समझौते, चाहे प्लुरिलेटरल हों या बहुपक्षीय, तब बनते हैं जब देशों का एक समूह एक मान्य नियमावली पर सहमत होने के लिए इकट्ठा होता है, जिसका किसी मामले पर पालन किया जाएगा, और यह एक दूसरे के लिए पारस्परिक लाभ के लिए होता है। हालांकि आईएफएडी की खासियत यह है कि इस प्रस्तावित आईएफएडी को एक देश (चीन) ने अपने लाभ के लिए आगे बढ़ाया और एक प्रमुख सैन्य और आर्थिक शक्ति चीन द्वारा दबाव डालकर अन्य सदस्यों से आंख मूंद कर हस्ताक्षर करवाए गए। चीन का एकमात्र उद्देश्य आईएफएडी सदस्य देशों को अपने-अपने देशों में निवेश की सुविधा के लिए मजबूर करके अपने आर्थिक हितों को बढ़ावा देना है। प्रस्तावित समझौता सदस्य देशों को अपनी प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करके, मानक प्रथाओं को शुरू करने और नौकरशाही बाधाओं से बचकर किसी भी विदेशी इकाई द्वारा निवेश की सुविधा प्रदान करने का आदेश देता है। यह समझ में आता है कि पिछले एक दशक में चीन, विकासशील और यहां तक कि कुछ विकसित देशों को चीन द्वारा ही बनाई जा रही बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के उदार वित्तपोषण का लालच देकर ऋण जाल में धकेलने के अपने विस्तारवादी एजेंडे को आगे बढ़ा रहा है। वर्तमान में बेल्ट रोड पहल की आड़ में चीन की ऋण जाल कूटनीति के कारण कई देश पहले से ही कर्ज में डूबे हुए हैं। श्रीलंका, पाकिस्तान, बांग्लादेश और कई अफ्रीकी देशों को चीन पहले ही अपनी इस कर्ज जाल कूटनीति से बर्बाद कर चुका है। प्रस्तावित समझौते से चीन को लूट, डकैती और अधीनता के लिए नए चारागाह प्राप्त करने में आसानी होती। बीआरआई के साथ चीन को एक नई विस्तारवादी शक्ति के रूप में देखा जा रहा है। आईएफएडी को कैसे रोका गया : चीन सहित कुछ वैश्विक शक्तियों के इशारे पर आईएफएडी को डब्ल्यूटीओ के दायरे में लाने के लिए डब्ल्यूटीओ सचिवालय की मदद से चीन का यह नापाक प्रयास वास्तव में पूरी तरह से अवैध था। अनुबंध 4 में बहुपक्षीय समझौते के रूप में आईएफएडी को जोडने की प्रक्रिया में कई कानूनी मुद्दे शामिल हैं। सबसे पहले, प्रस्तावित आईएफएडी व्यापार समझौते के रूप में योग्य नहीं था। आईएफएडी में व्यापार से संबंधित कोई ठोस प्रावधान शामिल नहीं है, और इसलिए इसे व्यापार समझौते के रूप में स्वीकार नहीं किया जा सकता था। दूसरा, आईएफएडी को डब्ल्यूटीओ में जोडने का अनुरोध केवल उन सदस्यों से ही आ सकता था, जिन्होंने आईएफएडी पर हस्ताक्षर करने और इसकी पुष्टि करने के लिए अपनी घरेलू प्रक्रियाओं को पूरा किया हो और जिनके लिए समझौता लागू हो गया है। तीसरा, आईएफएडी पर बातचीत बहुपक्षीय जनादेश के बिना शुरू की गई थी। यह सर्वसम्मति से निर्णय लेने की डब्ल्यूटीओ की लंबे समय से चली आ रही प्रथा के विपरीत था। इन सब कानूनी कमजोरियों के आलोक में, आईएफएडी को डब्ल्यूटीओ में एकीकृत करने का बहुचर्चित प्रस्ताव अचानक ध्वस्त हो गया। चीन के नेतृत्व वाली इस कोशिश को आगे बढ़ाते समय नियम आधारित डब्ल्यूटीओ स्वयं भी अपने नियमों की अनदेखी नहीं कर सकता। हम आगे देखते हैं कि आईएफएडी में ऐसा कुछ भी नहीं था जो विकासशील देशों को विदेशी निवेश आकर्षित करने में मदद कर सके। वास्तव में यह विदेशी निवेशकों (यानी चीन) के हितों की रक्षा के लिए एक चार्टर था।

## संक्षिप्त समाचार

### कृषि विश्वविद्यालय में प्रश्नपत्र लीक नहीं हुए, जांच समिति ने दी रिपोर्ट

**विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा सोशल मीडिया में भ्रामक संदेश प्रसारित करने वालों के विरूद्ध एफआईआर दर्ज कराई गई**

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के बी.एस.सी. कृषि पाठ्यक्रम के विभिन्न हस्तलिखित प्रश्नों के सोशल मीडिया (व्हाट्सएप) में वायरल होने पर विश्वविद्यालय द्वारा गठित जांच समिति ने इस प्रकरण की जांच में यह पाया है कि यह मामला प्रश्नपत्र लीक होने का नहीं है बल्कि सोशल मीडिया (व्हाट्सएप) में वायरल किये गये प्रश्नपत्र गेस पेपर अथवा मॉडल पेपर प्रतीत होते हैं। समिति ने पाया कि वायरल प्रश्नपत्र तथा मूल प्रश्नपत्रों में काफी असमानता है जिसकी वजह से यह प्रश्नपत्र लीक का मामला नहीं है। जांच समिति द्वारा सोशल मीडिया में वायरल भ्रामक संदेशों को विश्वविद्यालय की छवि धूमिल करने का प्रयास मानते हुए इस प्रकरण की जांच साइबर अपराध विशेषज्ञों से कराने की अनुशंसा की गई है। जांच समिति की अनुशंसा पर विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा पुलिस थाना तेलीबांधा एवं साइबर क्राईम सेल सिविललाईन में अज्ञात व्यक्ति/व्यक्तियों के विरूद्ध प्राथमिकी (एफआईआर) दर्ज कराई गई है। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल ने कहा है कि पुलिस/साइबर अपराध सेल द्वारा की गई जांच के आधार पर दोषी व्यक्तियों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी एवं इस मामले में किसी को भी बख्शा नही जाएगा।

### उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने स्व. साधराम यादव के परिवार से मुलाकात कर 20 लाख रूपए का चेक प्रदान किया

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने आज कबीरधाम जिले के कलेक्टोरेट कार्यालय के सभाकक्ष में मृतक साधराम यादव के परिवार से सौजन्य मुलाकात की और मृतक साधराम यादव के परिवारजनों को 20 लाख रुपए का चेक प्रदान किया। चेक लेते समय साधराम की पत्नी श्रीमती प्रमिला यादव, पुत्र जलेश्वर यादव, भाई सिद्धराम यादव, गांव के बुजुर्ग कजेलाल यादव, परस साहू, पंचराम पटेल, अगहन यादव, गोलू यादव, भागवत गंधर्व उपस्थित थे। गौरतलब है कि गतदिवस मुख्यमंत्री साय से उनके रायपुर निवास कार्यालय में कवर्धा विधायक व उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा जी के साथ आये स्वर्गीय साधराम यादव के परिजनों ने सौजन्य मुलाकात की थी। इस दौरान मुख्यमंत्री ने स्वर्गीय यादव के परिजनों को प्रकरण की एनआईए से जांच कराने और संकट की इस घड़ी में परिवार को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया था।

## समाधान नहीं मिलने से बच्चों के अंदर विरोध के स्वर जागृत होते हैं : ऋषभ सागर जी महाराज

**ऋषभ नगर स्थित नवकार भवन दुर्ग में पालकों की धर्म सभा मे संबोधन**



**दुर्ग ( विश्व परिवार )।** दूसरों का दुख आपके लिए भले ही छोटा होता है उनके साथ जुड़ने मात्र से उनका दुख कम हो जाता है। किसी अपनों की बातों सुनना बहुत मायने रखता हैं। बच्चों को समाधान मिलने से ही वह राह भटक जाते हैं ओर विरोध के स्वर जागृत होने लगते हैं जहां प्रेम होता हे वहां समाधान के रास्ते हमेशा खुले रहते हें अलग-अलग संदर्भों में अलग-अलग व्याख्या करते हुए उक्त उगगार नवकार भवन में आयोजित पालकों की धर्म सभा को संबोधित करते हुए जैन संत श्री ऋषभ सागर जी ने व्यक्त की।

नवकार भवन स्थित धर्म सभा को संबोधित करते हुए जैन धर्म गुरु ऋषभ सागर जी ने कहा हमेशा छोटे बने रहने में ही जीवन का अलग आनंद है आदमी जब बड़ा होता है तब पारिवारिक सामाजिक व्यापारिक राजनीतिक सभी प्रकार के के भार को सहना ओर समझना पड़ता है। उन्होंने कहा प्रेम में हमेशा समाधान छुपा होता है बस आवश्यकता है सोच और समझ के साथ उसे परिणाम में परिवर्तित करने की संत श्री ने आगे कहा आज बच्चे सिर्फ और सिर्फ कल्पना में जी रहे हैं अपने का अपने जीवन का लक्ष्य नहीं समझ पा रहे हैं सही मार्गदर्शन के अभाव में युवा आज राह भटकते जा रहा है। जब जीवन के अंदर सो आती है तभी परिवर्तन प्रारंभ होने के गुण लग जाते हैं अपने बच्चों को हमें समझ देनी है जो उन्हें सही रास्ते में जाने का मार्ग प्रशस्त करती है संत ने कहा बच्चों को वक्त से पहले बड़ा मत कीजिए वस्तु की उपयोगिता हमें उन्हें सीखानी चाहिए। माता-पिता और गार्जियन को कौन सी चीज कब देनी चाहिए कौन सी चीज की कब आवश्यकता है इस विषय पर भी ऋषभ सागर जी के प्रेरक उद्बोधन समाज के अंदर एक प्रश्न खड़े कर रहे हैं जिसे सभी समाज वासियों को इस विषय पर गहन चिंतन और विचार विमर्श अत्यंत आवश्यक हो गया हैद्ध

**बच्चों को कब क्या दें :** पाकेट मनी, पॉकेट मनी का हिसाब, अच्छे पहनने योग्य कपड़े, गाड़ी, मेकअप हेयर स्टाइल ब्रांडेड कपड़े इन सभी वस्तुओं का बच्चों में कब आवश्यक है कब हमें उन्हें देना है यह आज एक विचार का विषय बना हुआ है। उपाध्याय प्रवर प.पू. श्री महेन्द्रसागरजी युवामनीषी प.पू. श्री मनीषसागरजी महाराज के शिष्य प. पू. श्री ऋषभ सागर जी म.सा. आदि ठाणा 2 की निश्रा में जबरदस्त एवं मार्मिक शिविर में आज दिनांक 14/03/2024 में आज के बहुत ही गंभीर विषय के बारे में ज्ञान प्राप्त हुआ।

जैसे- बच्चो को कितना समय दें। बच्चो को कितनी सुविधा देनी है और कब, पहले उनको समझ दो बाद में सुविधा दें। परिवार के बीच प्रेम रहेगा तो संबंध और रिश्ता और मजबूत बनेगा। पहले बच्चो और परिवार की सदस्यों की बातो को पूरा सुने, बीच में रोक टोक और बात काटने से मन में खटास आ जाती है। प्रश्न यह है की बच्चो को महापुरुष बनाना है या हीरो-हीरोइन बनाना चाहते है, इस लिए बच्चो को और स्वयं को मर्यादित वेशभूषा पहनना चाहिए।

बच्चो बड़ो को देख कर और सुन कर ही सीखते है, बड़ो को अपना आचरण वैसा रखना चाहिए जैसा वो अपने बच्चे से चाहते है। परिवार का माहौल ऐसा बनाए, की घर का हर सदस्य एक दूसरे से इतना फ्री हो जाए को अपने मन की बात को बता सके, ताकि बाहर वाला कोई उन्हें भड़का या भटका न सके। बच्चो को मोबाइल की उम्र में देना है, द्वड्डद्मद्ग ह्वश्च किस उम्र के बात ड्डद्यद्यश्2 करवाना है, उन्हें गाड़ी कब देना है।

**-नवीन संचेती**

## कुण्डलपुर में आचार्य पदारोहण महामहोत्सव के लिए समिति प्रभारी एवं सदस्यों की बैठक आयोजित हुई



**कुण्डलपुर ( विश्व परिवार )।** श्री दिगंबर जैन सिद्धक्षेत्र कुण्डलपुर में आचार्य पद पदारोहण अनुष्ठान कार्यक्रम की तैयारी के संबंध में एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में सभी समिति पदाधिकारी के साथ समिति सदस्यों की उपस्थिति रही। बैठक की शुरुआत कुण्डलपुर क्षेत्र कमेटी पदाधिकारी व सदस्यों द्वारा दीप प्रज्वलन से की गई। मंगलाचरण की प्रस्तुति रविंद्र जैन द्वारा की गई।

इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक वीरेश सेठ ने लेआउट को प्रोजेक्ट द्वारा प्रदर्शित करते हुए आगामी कार्यक्रम में की जा रही विभिन्न आवश्यक व्यवस्थाओं पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने कहा हम दमोह जिला वाले कुण्डलपुर में अच्छे से अच्छी व्यवस्था सभी के सहयोग से करेंगे। सभी का ध्यान रखते हुए सभी व्यवस्थाएं जुटाए जा रही हैं। कार्यक्रम हेतु विशाल मंच तैयार किए जाएंगे। डोरमेट्री बनाकर अधिक से अधिक लोगों को रुकने व प्रसाधन की व्यवस्था की जाएगी। 45 समितियां गठित की गई हैं जिनके प्रभारी बनाकर व्यवस्थाएं सौंपी गई हैं। गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए यात्रियों को नजदीक ही सभी व्यवस्थाएं बनाई जा रही हैं। इस अवसर पर कमेटी अध्यक्ष चंद्र कुमार सराफ, डॉ रमेश बजाज, रमेश गोयल, अशोक सराफ, इंजी. आरके जैन, ललित सराफ, पदमचंद जैन, गिरीश नायक यू सी जैन, जयकुमार जलज सहित कमेटी के पदाधिकारी सदस्य एवं बड़ी संख्या में समिति के प्रभारी व सदस्यों की उपस्थिति रही।

**-राजेश जैन रागी/रत्नेश जैन बकस्वाहा**

## अपनी चौबीस घण्टे की क्रिया को शगुन बना लो, परिणाम कुछ अच्छा निकलेगा : मुनिश्री सुधासागर जी महाराज

**मुनि पुंगव के मध्यप्रदेश आगमन पर प्रदेश भर से छतरपुर पहुंचे भक्तों की ओर हम नमन करते हैं : विजय धुर्रा**



**छतरपुर ( विश्व परिवार )।** कोई भी वस्तु तुमने प्राप्त की है क्या उससे तुम्हे आनन्द की अनुभूति हुई है। जिस भूमि पर जन्म लिया है उसके प्रति अहोभाग्य है, जिस घर में जन्मे हो, जिन माँ बाप की गोदी में खेले हो क्या कभी आनंद की अनुभूति हुई, यदि स्वयं के अंदर से एक आनंद का स्फुरण हुआ है समझ लेना जीवन के रहस्य को, इस सृष्टि को तुम बहुत जल्दी समझ जाओगे उन्होंने कहा कि दुविधा में पड़ा हुआ व्यक्ति किसी भी वस्तु का निर्णय नही कर पाता, जन्म हमारे अतीत का किया हुआ पुरस्कार है, मरण हमारे हाथ मे है नही, मरण और जन्म के बीच का जो जीवन है बस उस रहस्य को समझना है। यह रहस्य तभी समझ मे आएगा कि जब हमें जीवन को ये अनुभूति हो कल भी मैं था, बहुत अच्छा था, कल भी मैं रहूँगा, बहुत अच्छा रहूँगा ये दो घोषणाये आपको अपनी जिंदगी में करना है अपने आपके लिए, दुनिया के सामने नही उक्त आश्य केउद्गार मुनि पुंगव श्रीसुधासागरजी महाराज ने व्यक्त किए।

इसके पहले छितिज गार्डन शहर वाहर छतरपुर में सभा का संचालन करते हुए मध्यप्रदेश महासभा संयोजक विजय धुर्रा ने कहा कि आज पहली बार संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के परम प्राभावक शिष्य मुनि पुंगव श्रीसुधासागरजी महाराज क्षुल्लक श्री गंभीर सागर जी महाराज ससंघ का छतरपुर जिले में भव्य प्रवेश पर मध्यप्रदेश के विभिन्न हिस्सों से भक्तों के समूह पधारे हैं उन्हें में आमंत्रित कर रहा हूं थूवोनजी कमेटी के शिरोमणि संरक्षण संजीव श्रागर शैलेन्द्र दददा महामंत्री विपिन सिंघई मंत्री विनोद मोदी मनीष जैन सानू जैन अशोक नगर दिल्ली पुलिस के पूर्व डीजीपी एस के जैन लार्ड गंज जवलपुर के अध्यक्ष प्रदीप ऐच पी प्रदीप रद्दी शाहागंढ समाज अध्यक्ष शुसील शाह ललितपुर समाज संयोजक राजेन्द्र धनवारा पीलू जैनदौड़ गिरि कमेटी के मंत्री सुनील जैन राजेश रागी वगंसवा छतरपुर जैन समाज के अध्यक्ष अरुण जैन देवेन्द्र जैन रमेश जैन सतना जतरा टीकमगढ़ चक्रेश जैन वामौरकला कानपुर पंचकल्याणक महोत्सव के संयोजक आमोद जैन महामंत्री अनिल जैन छतरपुर जिले के सैकड़ों भक्तों ने जिले की सीमा पर आगवानी की और हम जिज्ञासा समाधान में बैठे हैं जहां गुरु देव की वाणी सुनने को मिलेगी

दर्पण में चेहरा देखने का बहिर्मुखी वहर आत्मा है उन्होंने कहा कि सारी दुनिया की साक्षी हम खोज रहे हैं। हमने दर्पण में अपना चेहरा देखा अनुभव में ये नही लाना है, अनुभव में ये लाना है- मैंने अपनी आँखों से अपना खुद का चेहरा देखा। दर्पण में चेहरा देखने का नाम है बहिर्मुखी, बहिरात्मा। जब जब हमें भगवान की अनुभूति होती है भगवान दर्शन करते ही तब हमें पुण्य का बन्ध होता है, संसार की ऊँचाईयाँ मिलती है क्योंकि हमने संसार के सर्वोत्कृष्ट व्यक्ति को पहचान लिया और जो संसार के सर्वोत्कृष्ट मूल्यवान वस्तु को पहचान लेता है समझना एक दिन वह संसार का सर्वोत्कृष्ट पद प्राप्त कर लेता है। यह संसार भगवान से नही, भक्ति से चलता है, संसार यदि अच्छा करना है तो भक्ति को संभालों, उसको पहचानों जिसकी भक्ति करना है और संसार से ऊपर उठना है तो भगवान का दर्शन करते करते अनुभूति में आ जाये कि मैं स्वयं अपने ज्ञान से अपने अंदर बैठा हुआ भगवान आत्मा को देख रहा हूँ। भगवान का आलम्बन छोड़ना नही है, भगवान की वर्तमान पर्याय जैसे ही अपनी आँखों के सामने आए तुरंत हमारी भावी पर्याय का दर्शन हो जाये समझ लेना हमारा भगवान बनने में नम्बर लग गया सारे जगत में लोग भगवान की भक्ति करते है, गुरु का दर्शन करते है उसको भक्ति बोलते है और जैनदर्शन की भक्ति एक कदम आगे हैं, भगवान और गुरु के दर्शन में वो अपनी भावी पर्याय का दर्शन कर लेता है। श्रावक साधु को आहार नही देता वो आहार लेना सीखता हैं अपने घर महाराज को बुलाकर के।आहार देते देते उसको ऐसा लगता है कि मैं ही तो खड़ा हूँ जो आहार लें रहा है। दर्पण सामने हो और अनुभूति आँखो की हो, सामने भगवान हो और हमे अपनी भावी पर्याय की अनुभूति हो, सामने गुरु की अगवानी हो और लग रहा हो कि मैं खुद अपने दरवाजे अपनी भावी पर्याय की अगवानी कर रहा हूँ, वो शगुन है। कोई एक क्षण के लिए महाशक्ति जब निकलती है और दरवाजे पर कोई शगुन के रूप में साधु होता है तो उस शक्ति की एनर्जी उसको ऐसे ही ग्रहण हो जाता है जैसे दुनिया में वेबस फैली है लेकिन जो मोबाइल का नम्बर लगा कि सीधे उसी को ग्रहण हो जाती है। **-विजय धुर्रा**

## जैन धर्म के 19वें तीर्थंकर भगवान मल्लिनाथ का मोक्ष कल्याणक महोत्सव मनाया, चढ़ाया गया निर्वाण लाडू

**दिगम्बर जैन मंदिरों में हुए विशेष आयोजन, 16 मार्च को मनाएंगे आठवें तीर्थंकर भगवान चन्द्रप्रभू का मोक्ष कल्याणक महोत्सव**



**जयपुर ( विश्व परिवार )।** जैन धर्मावलंबियों ने गुरुवार, 14 मार्च को जैन धर्म के 19 वें तीर्थंकर भगवान मल्लिनाथ का मोक्ष कल्याणक मनाया। इस मौके पर शहर के दिगम्बर जैन मन्दिरों में पूजा अर्चना के विशेष आयोजन किए गए।

अखिल भारतवर्षीय दिगम्बर जैन परिषद के प्रदेश उपाध्यक्ष विनोद जैन कोटखावदा के मुताबिक प्रात: भगवान मल्लिनाथ के अभिषेक के बाद विश्व में सुख शांति और समृद्धि की कामना करते हुए शांतिधारा की गई। तत्पश्चात श्री जी की अष्ट द्रव्य से पूजा की गई।पूजा के दौरान मोक्ष कल्याणक श्लोक फाल्गुनी सेत पांचैं अघाती हते।सिद्ध आलैं बसे जाये सम्मेदते। इन्द्रनागेन्द्र कीन्हीं क्रिया आयके। मैं जजों सो मही ध्यायकें गायकें।। का उच्चारण करते हुए। मंत्रोच्चार के साथ भगवान का मोक्ष कल्याणक अर्घ्य एवं मोक्ष का प्रतीक निर्वाण लाडू चढाया गया। मुख्य आयोजन मानसरोवर के वरुण पथ स्थित श्री दिगंबर जैन मंदिर वरुण में अध्यक्ष एम पी जैन मंत्री ज्ञान बिलाला के नेतृत्व में हुआ। तीनों वेदियों में अभिषेक एवं शांतिधारा पश्चात मंत्रोचार से निर्वाण लाडू अर्पित किया गया। निर्वाण लाडू के पुण्यार्जक के रूप में समाज सेवी विनेश - प्रीती सोगानी, सुरेंद्र- सोनल जैन, अक्षय- आशा गोधा, चंदा देवी महेंद्र कासलीवाल, राजेंद्र उषा झाझरी, कमल उषा सोगानी ने सौभाग्य प्राप्त किया। श्री जैन के मुताबिक कमल छाबड़ा के नेतृत्व में इंजीनियर्स कॉलोनी स्थित श्री शांतिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में अध्यक्ष कमल छाबड़ा के नेतृत्व में भगवान मलिनाथ का मोक्ष कल्याण पर्व मनाया गया! भगवान के समक्ष लड्डू अर्पित किया गया। तारों की कूट पर सूर्य नगर स्थित श्री शांतिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर, जनकपुरी के श्री नेमीनाथ दिगम्बर जैन मंदिर सहित शहर के कई मंदिरों में पूजा अर्चना एवं निर्वाण लाडू चढ़ाने के विशेष आयोजन हुए। अभादि जैन परिषद के प्रदेश उपाध्यक्ष विनोद जैन कोटखावदा के अनुसार शनिवार, 16 मार्च को आठवें तीर्थंकर भगवान चन्द्रप्रभू का मोक्ष कल्याणक महोत्सव मनाया जाएगा। **-विनोद जैन कोटखावदा**

## लोकसभा क्षेत्र का एक-एक कार्यकर्ता स्वयं में प्रत्याशी : डॉ. सरोज पांडेय

**मंडलों में आमजन और कार्यकर्ताओं का उत्साह बता रहा कमल खिलने वाला है**



**कोरिया बैकुंठपुर ( विश्व परिवार )।** गुरुवार 14 मार्च को कोरबा लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत कोरिया जिला भाजपा कार्यालय बैकुंठपुर में आयोजित नगर मंडल की बैठक में भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं लोकसभा प्रत्याशी डॉ सरोज पांडेय ने 21 बूथ एवं 6 शक्ति केंद्र से आये कार्यकर्ताओ की परिचयात्मक एवं कामकाज के सम्बंध में बैठक ली। बैठक में डॉ सरोज पांडेय ने कहा की भारतीय जनता पार्टी ने मुझे कोरबा का लोकसभा उम्मीदवार बनाकर भेजा है लेकिन इस चुनाव में लोकसभा क्षेत्र का एक-एक कार्यकर्ता स्वयं में एक प्रत्याशी के रूप में काम कर रहे हैं। मैं जहां-जहां जा रही हूं वहां कार्यकर्ताओं के बीच का उत्साह देखकर लग रहा है कि निश्चित रूप से लोकसभा में कमल खिलाने जा रहा है । सुश्री पांडेय ने कहा कि विगत 5 साल कोरबा लोकसभा क्षेत्र के लोगों ने ऐसे सांसद को देखा है जिसने चुनाव जीतने के बाद कभी क्षेत्र की ओर मुड़कर झांका तक नहीं । आज जब हम गांव-गांव पहुंच रहे हैं तो जनता स्वयं कांग्रेस सांसद को कार्यकाल के दौरान लापता होना बता रही है, साथ ही उन्होंने विकास कार्य करना तो दूर क्षेत्र की जनता का सुख दुख भी नहीं बांटा और हमेशा केंद्र सरकार द्वारा राष्ट्रहित में लिए गए फैसले का सदन में विरोध करती रहीं । सुश्री पांडेय ने कहा कि पार्टी ने मुझ पर भरोसा जताया है तो मेरी जिम्मेदारी बनती है की यहां के जनता के उम्मीदों पर खरा उतरू और इस क्षेत्र का विकास करू। उन्होंने कहा की मैं पूर्ण विश्वास दिलाना चाहती हूं की आगामी कार्यकाल में आपकी सांसद आपके लोकसभा क्षेत्र में रहकर आपकी समस्याओं को सुनकर केवल और केवल विकास के लिए ही काम करेगी और आपके सुख दुख में सदैव उपस्थित रहेगी।

## प्रदेश कृषि मंत्री रामविचार नेताम से मिला चेंबर प्रतिनिधिमंडल

**धान आधारित खाद्य प्रसंस्करण पोहा उद्योगों, गेहूं एवं दलहन पर लगने वाले मंडी तथा कृषक कल्याण शुल्क में राहत देने सौंपा ज्ञापन**



**रायपर ( विश्व परिवार )।** छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तमचंद गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष राजेन्द्र जग्गी, विक्रम सिंहदेव, राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल ने बताया कि आज चेंबर अध्यक्ष माननीय अमर परवानी जी के नेतृत्व में प्रदेश कृषि मंत्री श्री राम विचार नेताम जी से चेंबर प्रतिनिधि मंडल मिला जहां कृषि उपज धान आधारित खाद्य प्रसंस्करण पोहा उद्योगों को राहत देने तथा गेहूं और दलहन में लगने वाले मंडी एवं कृषक कल्याण शुल्क में छूट देने ज्ञापन सौंपा।

चेंबर प्रदेश अध्यक्ष श्री अमर परवानी जी ने बताया कि आज प्रदेश कृषि मंत्री श्री रामविचार नेताम जी से चेंबर प्रतिनिधि मंडल ने उनसे मुलाकात कर शासन द्वारा कृषकों से 3100 रुपए प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदी करने पर उन्हें धन्यवाद ज्ञापित किया एवं कृषि उपज धान आधारित खाद्य प्रसंस्करण पोहा उद्योगों को राहत देने तथा गेहूं और दलहन में लगने वाले मंडी एवं कृषक कल्याण शुल्क में छूट देने ज्ञापन सौंपा। श्री पारवानी जी ने आगे बताया कि धान आधारित पोहा प्रसंस्करण उद्योगों पर पहले ?100 पर ?1 की दर से मंडी शुल्क वसूला जाता था परंतु वर्तमान में जारी नवीन अधिसूचना के अंतर्गत विनिर्माण में उपयोग में ले जाने के पश्चात ?100 पर मंडी शुल्क 1.5: एवं 0.5: कृषक कल्याण शुल्क लागू किया गया है जिससे कृषि आधारित पोहा प्रसंस्करण उद्योगों पर अतिरिक्त भार पड़ रहा है। श्री परवानी जी ने आगे कहा कि प्रदेश में कृषि उपज धान पर आधारित लगभग 250 खाद्य प्रसंस्करण की पोहा उद्योग की लघु इकाइयाँ स्थापित हैं जिसमें लगभग 25000-30000 लोगों को प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार प्राप्त होता है और विशेष रूप से शत-प्रतिशत स्थानीय श्रमिकों को ही रोजगार प्रदान किया जाता है। इन उद्योगों के उत्पादन का लगभग 90: भाग अन्य राज्यों को निर्यात किया जाता है।

वर्तमान स्थिति में प्रतिस्पर्धी राज्यों मध्यप्रदेश, गुजरात, बिहार एवं महाराष्ट्र आदि राज्यों में शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर धान खरीदी नहीं की जाती, अत: वहां के पोहा उद्योगों को काफी सस्ती दरों पर धान उपलब्ध हो जाता है और वर्तमान में तो दरों में काफी ज्यादा अंतर हो गया है। इसके चलते प्रदेश में पोहा एवं मुरमुरा उद्योग अन्य राज्यों के मुकाबले प्रतिस्पर्धा में पिछड़ गए हैं तथा छत्तीसगढ़ में लगभग 50-60 इकाइयाँ बंद हो गई हैं और बची शेष इकाइयां भी संकट के दौर से गुजर रही हैं। जिसका उद्योग एवं रोजगार के क्षेत्र में काफी विपरीत प्रभाव देखने को मिल रहा है तथा इस नए आदेश के लागू होने से प्रदेश के कृषि आधारित खाद्य प्रसंस्करण उद्योग गंभीर संकट में आ जायेंगे क्योंकि लगने वाले अतिरिक्त शुल्क से उद्योग व्यापार में प्रतिस्पर्धा से बाहर हो जायेंगे तथा शेष बचे उद्योग बंद होने की कगार पर आ जायेंगे जिससे प्रदेश के आर्थिक विकास की गति में भी विपरित प्रभाव पड़ेगा। पारवानी ने यह भी बताया कि विगत कई वर्षों से मंडी शुल्क एवं कृषक कल्याण शुल्क में छूट प्रदान की जाती रही है इससे प्रदेश के व्यवसायी पड़ोसी राज्यों से प्रतिस्पर्धी दरों पर व्यापार कर पाते हैं। विगत वर्ष भी छूट प्रदान की गई थी जो वर्तमान में मार्च 2023 को समाप्त हुई है। उन्होंने मंत्री जी से अनुरोध किया कि पदेश के आर्थिक विकास को गति देने हेतु इस नए आदेश को निरस्त करते हुए, नया संशोधित आदेश जारी कर, पोहा एवं दाल प्रसंस्करण हेतु उपयोग किये जाने वाले धान एवं दलहन पर मंडी-टैक्स एवं कृषक कल्याण शुल्क की सभी नए एवं पूर्व स्थापित पोहा एवं दाल उद्योगों को पूर्णत: छूट प्रदान की जाये।

## सिपेट रायपुर द्वारा ग्रामीणों की जीवन शैली समझने और उन्हे जागरूक करने सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** केंद्रीय पेट्रोरसायन अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान सिपेट रायपुर की राष्ट्रीय सेवा योजना संगठन जो की छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय भिलाई से संबद्ध है के द्वारा 4 से 10 मार्च 2024 तक सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन शासकीय माध्यमिक शाला ग्राम भालेसर विकास खंड बेरला जिला बेमेतरा छ.ग. में संपन्न हुआ।

राष्ट्रीय सेवा योजना के द्वारा सात दिवसीय विशेष इकाई शिविर का विधिवत उद्घाटन सरपंच प्रतिनिधि श्री दीपक वर्मा (मुख्य अतिथि) एवं समस्त ग्रामवासियों तथा सिपेट के एनएसएस प्रभारी श्री दिलीप कुमार साहू (कार्यक्रम अधिकारी) के द्वारा किया गया। साथ ही ग्रामवासियों को शिविर की रूपरेखा बताई गई। राष्ट्रीय सेवा योजना में सात दिनों में विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन हुआ, प्रतिदिन सिपेट के एनएसएस स्वयंसेवकों एवं प्रमुख स्वयं सेवक रितेश कुमार कुर्रे के नेतृत्व में प्रात: प्रभात फेरी में लक्ष्य गीत गाते हुए स्वच्छता जागरूकता, महिला सशक्तिकरण, नशामुक्ति, मतदाता जागरूकता, स्वच्छता अभियान, डिजिटल इंडिया, बेटी बचाओ-बेटी-पढ़ाओ, प्लास्टिक रीसाइक्लिंग जागरूकता के नारे लगाए गए।

शिविर में प्रतिदिन योगाभ्यास एवं व्यायाम किया गया। शिविर के परियोजना कार्य में विद्यालय परिसर की साफ सफाई, गौठान, तालाब, मंदिर की साफ सफाई, स्कूल में शिक्षादान, दीवारों में जागरूकता नारे लिखे गए और पौधाङ्करोपण किया गया। शिविर के द्वितीय दिवस अर्थात् 5 मार्च को बौद्धिक परिचर्चा का विषय नशा मुक्ति अभियान जिसमे अवतार नशा मुक्ति केंद्र एवं पुनर्वास से मुख्य अतिथि श्री रश्मि दुबे एवं विजय लक्ष्मी के द्वारा नशा मुक्ति से संबंधित नकारात्मक चीजों के बारे मे बताया गया और नशा मुक्त बनने के लिए दिशा निर्देश दिया गया एवं नशामुक्ति से सम्बंधित जानकारीयां प्रदान किया गया।

शिविर के तृतीय दिवस अर्थात् 6 मार्च को आग एवं आग से बचाव जिसमे दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के सिविल डिफेंस के अधिकारियों श्री के.के. बेलचंदन, श्री टी.एन. तिवारी, श्री रमेश कुमार एवं श्री कोटेश्वर राव के द्वारा आग और आग से बचाव के संबंध में दिशा निर्देश प्रदान किए। साथ ही घरेलू गैस से आग के लिए रोक थाम के तारीके जैसे की एलपीजी सिलेंडर में जब आग लगती है तो उसे किस प्रकार से नियंत्रण में लाया जा सकता है, साथ ही विभिन्न प्रकार के अग्नि नियंत्रक यंत्र को चलाकर एवं सड़क दुर्घटना हो तो बिना प्राथमिक चिकित्सा किट के घायल मरीजों को अस्पताल तक ले जाने के तरीके ग्रामवासियों एवं स्वयंसेवकों को प्रदर्शन के माध्यम से अवगत कराया गया। शिविर के चौथे दिन अर्थात् 7 मार्च को स्वास्थ्य शिविर रखा गया जिसमें मुख्य अतिथि डॉ. ऋषिकेश साहू एवं डॉ.करिश्मा यदु के द्वारा सिकलिन के लक्षण के बारे में बताया गया एवं स्वस्थ रहने के तरीके बताए गए साथ ही ग्रामवासीयों व स्वयंसेवकों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया जिसमें सिकलीन, बीपी, हीमोग्लोबिन, ब्लड शुगर का जांच किया गया। शिविर के पंचम दिवस अर्थात् 8 मार्च के बौद्धिक परिचर्चा में सिद्धार्थ पॉलीट्यूब्स प्राइवेट लिमिटेड बिरकोनी औद्योगिक क्षेत्र जिला महासमुंद छ.ग से मुख्य अतिथि श्री रूपेश कुम्बलकर ने सिंगल यूज प्लास्टिक्स और प्लास्टिक्स रीसाइक्लिंग के बारे में जागरूक करते हुए, पर्यावरण को प्रदूषण मुक्त रखने के उपाय दिए तथा स्वयंसेवकों को प्लास्टिक्स के क्षेत्र में रोजगार का मार्गदर्शन दिया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### युवक बेच रहा था गांव में गांजा, गिरफ्तार

**धमतरी(विश्व परिवार)।** ग्राम कोलियारी में दबिश देकर पुलिस ने एक युवक को अवैध रुप से गांजा बेचते हुए पकड़ा है। आरोपी केक ब्जे से करीब एक किलोग्राम गांजा बरामद करते हुए नारकोटिस एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया गया है। ग्राम कोलियारी निवासी उत्तम साहू को मौके पर रंगे हाथ पकड़ा गया। कब्जे से गांजा जब्त किया गया। वही पुलिस को देखकर खरीदने आये ग्राहक भाग गये। आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर नारकोटिक्स एक्ट के प्रावधानों के तहत वैधानिक कार्यवाही कर थाना भखारा में अपराध पंजीबद्ध किया गया। संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी भखारा निरी.लेख राम ठाकुर,सउनि.नेहरु राम साहू,आर.संदीप साहू,हरीशंकर डहरिया,केशव मुरारी सोरी की सराहनीय भूमिका रही।

### हाईस्कूल में अध्ययनरत छात्रा ने बच्चे को दिया जन्म

**बीजापुर(विश्व परिवार)।** जिले के गंगालूर पोटा केबिन हाई स्कुल में अध्ययनरत छात्रा ने अस्पताल में बच्चे को जन्म दिया है, इस मामले के बाद से स्कुल प्रबंधन सहित जिला प्रशासन पर कई सवालिय निशान लगने शुरू हो गए हैं। मिली जानकारी के अनुसार जिले के गंगालूर स्थित आवासीय पोटा केबिन हाई स्कुल में अध्ययनरत छात्रा को पेट दर्द की शिकायत पर समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गंगालूर में भर्ती किया जहां उपचार के दौरान चिकित्स्कों ने छात्रा को गर्भवती बताते हुए उसका प्रसव करवाया। इस घटना के बाद से स्कुल प्रबंधन सहित जिला प्रशासन पर कई प्रकार से स्वालिया निशान लगने लगे हैं। इस मामले पर जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया की उन्हें भी जानकारी मिली हैं और वे गंगालूर जाने के बाद ही कुछ बता पाएंगे।

### जल संसाधन विभाग की नहर में मिला युवती का शव

**कोरबा(विश्व परिवार)।** दर्री जमनीपाली क्षेत्र में एक युवती का शव जल संसाधन विभाग की नहर में मिला है। युवती का शव मिलने की सूचना पर आसपास के लोग मौके पर इकट्ठे हो गए। इस बीच मृतका की पहचान उसके भाई अमित जायसवाल ने की। शव बरामद होने के बाद पुलिस ने पंचनामा तैयार कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। दरअसल दर्री बस्ती निवासी ममता जायसवाल दो दिन पहले रविवार 10 मार्च को नहाने के लिए पास के नहर में गई थी। जहां वह नहाने के दौरान अचानक लापता हो गई थी। ममता के लापता होने के बाद स्थानीय स्तर पर उसकी तलाश की जा रही थी। नागरिकों के साथ-साथ पुलिस और गोताखोर ममता की खोजबीन में लगे हुए थे। घटना के तीसरे दिन नहर के एक स्थान पर उसे मृत स्थिति में पाया गया। स्थानीय नागरिक रमेश ने बताया कि नहर में बहते हुए एक शव आ रहा था, जिस पर वे लोग हरकत में आए और इसकी जानकारी पुलिस को दी। भाई अमित ने बताया कि उसकी बहन ममता को तैरना आता था, लेकिन वह फिसलने के बाद नीचे गिरी तो फिर लापता हो गई। अचानक वह कैसे डूब गई यह उसके भी समझ से परे हैं। घटना के बाद जब वह मौके पर पहुंचे तो उसके कपड़े नहर के ऊपर पड़े हुए थे। घटना के बाद से उसकी काफी खोजबीन की गई जहां उसकी नहर में लाश मिलने की जानकारी उसे मिली। दर्री थाना प्रभारी रूपक शर्मा ने बताया कि युवती की लापता होने की सूचना के बाद खोजबीन की जा रही थी, जहां उसका शव बरामद कर लिया गया है। युवती का शव बरामद करने के साथ पुलिस ने 174 सीआरपीसी के अंतर्गत मर्ग कायम किया और उसे पोस्टमार्टम के लिए कोरबा भेज दिया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### राजिम के मेला स्थल एवं अन्य जगहों की लगातार की जा रही साफ- सफाई

**गरियाबंद(विश्व परिवार)।** कलेक्टर श्री दीपक कुमार अग्रवाल के निर्देश पर राजिम कुंभ कल्प मेला के आयोजन के उपरांत पर्यटन विभाग के समन्वय से राजिम के विभिन्न स्थलों का साथ -सफाई लगातार किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि राजिम कुंभ कल्प मेला का आयोजन माघ पूर्णिमा के अवसर पर 24 फरवरी से 08 मार्च 2024 तक किया गया था। इस दौरान भी राजिम सहित मेला स्थल पर प्रतिदिन साफ सफाई किया जा रहा था। देश - विदेश के लाखों की संख्या में दर्शनार्थी पहुंचे हुए थे। मेला समापन पश्चात मास इंडिया एजेंसी, क्लिन टेक के कुल 43 सफाई कर्मचारियों द्वारा राजीव लोचन मंदिर, कुलेश्वर महादेव मंदिर, कार्यक्रम स्थल, नदी सहित अन्य स्थलों की सफाई की जा रही है। मास इंडिया एजेंसी की 23 सदस्यों द्वारा सुबह 7 बजे से शाम साढ़े 6 बजे तक तथा क्लीन टेक कंपनी के 20 सदस्यों द्वारा सुबह 9 बजे से शाम 6 बजे तक सफाई की जा रही है। सफाई कर्मचारियों द्वारा नदी में बनाए गए स्नान कुंड, श्रद्धालुओं के लिए आवागमन के लिए अस्थाई रूप से लगाए गए पत्थर, प्लास्टिक बोरे, बांस - बल्लियां को हटाने की कार्यवाही भी की जा रही है।

## शिक्षा मूलभूत अधिकार है और सीखने की कोई उम्र नहीं होती : कलेक्टर

### शिक्षा से वंचित लोगों के लिए साक्षरता मिशन इच वन टीच वन थीम के तहत कार्य कर रही है।




**जगदलपुर(विश्व परिवार)।** कलेक्टर व जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण के अध्यक्ष विजय दयाराम के. ने कहा कि शिक्षा मूलभूत अधिकार है सभी को अपने अधिकार को पाने का हक है। शिक्षा से व्यक्ति में एक समझ विकसित होती है, अपने ज्ञान को विकसित करने, जीवन को दिशा देने, अपनी बात को ओजस्वी तरीके से रखने के साथ-साथ परिवार व समाज के विकास में सहयोग किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि सीखने की कोई उम्र नहीं होती बस अपने पर भरोसा कर जहां भी अवसर मिले सीखें। शिक्षा से वंचित लोगों के लिए साक्षरता मिशन इच वन टीच वन थीम के तहत कार्य कर रही है। शिक्षा के इस महायज्ञ में शामिल हो रहे साथियों का स्वागत है। उन्होंने इस कार्य में शामिल हो रहे सात हजार नव साक्षरों के प्रयास की सराहना की। कलेक्टर विजय बुधवार को धरमपुरा स्थित ज्ञानगुड़ी में आयोजित उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम में शामिल हुए थे। कार्यक्रम में उल्लास साक्षर बनाने के लिए एक प्रयास में जिले के लगभग सात हजार नव साक्षर परीक्षा में शामिल होने वाले हैं। इस अवसर पर शिक्षा विभाग के अधिकारी, साक्षरता मिशन के अधिकारी, बी टी और नवसाक्षर गण उपस्थित थे। कलेक्टर ने नवसाक्षर जनों से उनके शिक्षा से वंचित होने के कारण और शिक्षित होने की ललक की भी जानकारी ली जिसमें रमेश कुमार ने बताया कि शासकीय योजनाओं का लाभ लेने के लिए शिक्षा ग्रहण करना चाह रहे हैं। जवाहर नगर वार्ड निवासी तुलवती ने बताया कि अपने बच्चों के सामने अंगूठा लगाना अच्छा नहीं लगता है। इसलिए साक्षर होना चाह रही हूं, ताकि मैं भी अपने बच्चों को पढाई करवाने में सहयोग कर पाऊं। रंजीता ने बताया कि बेहतर भविष्य व जानकारी ग्रहण करने के लिए पढ़ाई जरूरी है ।सूरज ने कहा कि जमाना बदल गया है आधुनिक युग इंटरनेट का है इसलिए सीखने के लिए साक्षर होना चाह रहा है। 31वर्षीय समरथ ने बताया कि अशिक्षित होने से कहीं आने-जाने, बैंक से संबधित कार्य के दिक्कत होती है इसलिए शिक्षा ग्रहण करना चाह रहा हूं। कलेक्टर ने सभी को शुभकामनाएं दी और कहा कि प्रशासन की ओर से संचालित ज्ञानगुड़ी में आप लोगों ने अपना आत्मविश्वास और ज्ञान अर्जन की बातों से अपने भविष्य बेहतर करने की आशा दिखाई है, सभी ने अपने नाम लिख कर दिखाया जो एक अचिवमेंट का भाव दिख रहा है। ज्ञानगुड़ी में एनईईटी की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों के कक्षा का औचक निरीक्षण में कलेक्टर विजय ने प्रोत्साहित किया। उन्होंने विद्यार्थियों को कहा कि ज्ञान अर्जन करने के लिए ज्ञानगुड़ी का संचालन किया जा रहा है। साथ ही विद्यार्थियों को स्ट्रेस मैनेजमेंट के तहत कहा कि परीक्षा की तैयारी के लिए आत्मविश्वास जरूरी है, सभी को अपने मेहनत पर विश्वास करना चाहिए। विद्यार्थियों को आगामी परीक्षा के लिए कलेक्टर ने शुभकामनाएं भी दी।

## अपराध नियंत्रणः फारेस्ट क्षेत्रों में किये जाएंगे हाईटेक क्राइम कंट्रोल

**कोरबा(विश्व परिवार)।** देश में आगामी दिनों में लोकसभा चुनाव की अधिसूचना जारी होते ही चुनावी झुनझुनी एक ओर जहां बज जाएगी वहीं दूसरी ओर वनांचल में महुआ संबंधी हिंसात्मक एवं हत्या, बलात्कार तथा पास्को एक्ट से संबंधित संगीनतम अपराधों पर नियंत्रण के लिए हाईटेक क्राइम कंट्रोल सिस्टम का सहारा लिया जा रहा है। जिसके लिए जगह-जगह सीसीटीवी कैमरे प्रमुख स्थानों पर लगाने का कार्य शुरू हो चुका है। जानकारी के अनुसार पूर्व में एसपी के निर्देशन में हाईटेक क्राइम कंट्रोल का कार्य शुरू किया ही जा रहा था कि उसी दौरान तत्कालीन एसपी का स्थानांतरण अन्यत्र जिले में हो गया, जिसके बाद मार्डर्न क्राइम कंट्रोल के मामले में दक्षता रखने वाले नए एसपी के रूप में सिद्धार्थ तिवारी कोरबा आ गए। इसके बाद उन्होंने इस कार्य में गति लाने के लिए किसी भी तरह का कसर नहीं छोडना चाहते हैं। यहां तक कि जिले के विशेषकर फारेस्ट प्रभावित क्षेत्रों वाले थानों क्रमशरू करतला, श्यांग, लेमरू, पसान, बांगो, कटघोरा, बालकोनगर तथा अत्यंत व्यस्ततम जंगल प्रभावित सबसे बड़ी पुलिस चैकी रजगामार क्षेत्र में महुआ संबंधी किसी भी तरह के अपराध को नियंत्रित करने के लिए अपने मातहतों को चैकस करने के साथ ही एक ओर संसाधनों से चाक-चैबंद करने के अलावा हाईटेक उपकरणों के माध्यम से भी भरपूर सहयोग किये जाने के लिए आवश्यक कदम उठाना शुरू कर दिया है। इसी तारतम्य में नए एसपी श्री तिवारी के निर्देशन में रजगामार चैकी प्रभारी उप निरीक्षक लक्ष्मण प्रसाद खूंटे अपने मातहत तीन प्रधान आरक्षकों एवं 6 आरक्षकों के साथ दिन-रात युद्ध स्तर पर संवेदनशील मुख्य स्थानों पर सर्वे कर वहां हाईटेक मॉडर्न सीसीटीवी कैमरे जंगलों में लगाने का काम शुरू कर दिया है। खंभों एवं भवनों में तथा कुछ स्थानों में पेड़ों में भी सीसीटीवी कैमरे लगाए जा रहे हैं, जिससे कि आज के दौर में महुआ संबंधी जघन्य अपराध की घटनाएं घटित न हो सके। ज्ञात रहे कि इसी कोरबा जिले के बालको नगर थानांतर्गत रजगामार चैकी के ग्राम गोढ़ी और बेंदरकोना में क्रमशरू एक पान खिलाने को लेकर हरियाली त्योहार के दिन तीन हत्या तथा गणेश पूजा के सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान सामूहिक हत्या और बलात्कार की तीन-तीन जघन्य घटनाएं भी हो चुकी है। जिसकी पुनर्रावृत्ति न हो इसलिए हाईटेक क्राइम कंट्रोल का रास्ता अपनाया जा रहा है।

## अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में बिहान सम्मेलन का हुआ आयोजन

### महिलाओं के लिए खेलकूद, सांस्कृतिक कार्यक्रम और सम्मान समारोह का किया गया आयोजन

**गरियाबंद(विश्व परिवार)।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में आज 13 मार्च को बिहान सम्मेलन का आयोजन वन विभाग के ऑक्शन हॉल गरियाबंद में किया गया। जिसमें जिले भर की 300 से अधिक महिलाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में महिलाओं के लिए खेलकूद, सांस्कृतिक कार्यक्रम और सम्मान समारोह के रूप में आयोजित किया गया। सभी स्व सहायता समूह की दीदियों ने कार्यक्रम में बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। पारम्परिक खेलकूद मटका फोड़, कुर्सी दौड़, कंचा दौड़, बिस्किट दौड़ जैसे रोचक खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। साथ में लोक कला, लोक गीत की प्रस्तुति भी समूह की सदस्यों ने प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में 50 से ज्यादा बेहतर व उत्कृष्ट कार्य करने वाली सदस्यों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित बिहान समूह की महिलाओं ने जिला पंचायत की सीईओ श्रीमती रीता यादव को हस्तनिर्मित सामग्रियों भेंट की। इस दौरान जनपद पंचायत की सीईओ श्रीमती पदमिनी हरदेल, मैनपुर जनपद सीईओ अंजलि खलखां को भी महिलाओं द्वारा सम्मानित किया गया।

## बाल विवाह की रोकथाम के लिए जिला प्रशासन ने की अपील

**सूरजपुर(विश्व परिवार)।** कलेक्टर श्री रोहित व्यास द्वारा आम नागरिको से अपील की गई है कि बाल विवाह की रोकथाम में सहयोग प्रदान करें। बाल विवाह बच्चों के अधिकारों का निर्गम उल्लंघन हैं। बाल विवाह से पोषण व शिक्षा पाने और हिंसा, उत्पीड़न व शोषण से बचाव के मूलभूत अधिकारों का हनन होता है। कम उम्र में विवाह से बालिका का शारीरिक विकास रूक जाता है। उनके स्वास्थय पर गंभीर असर पड़ता है। जल्दी विवाह अर्थात जल्दी माँ बनना इसके कारण कम उम्र में मॉ और उसके बच्चें दोनों की जान और सेहत खतरे में पड़ जाती है। कम उम्र की माँ के नवजात शिशुओं का वजन कम रह जाता है और उनके कुपोषित होने की आशंका रहती है। अतः जिले वासी से अपील है कि बाल विवाह ना करे एवं बाल विवाह ना होने देवे। बाल विवाह की रोकथाम में शासन प्रशासन का सहयोग करे। 17 अप्रैल 2024 को रामनवमी के दिन से वैवाहिक सीजन शुरू हो जाता है। अबूझ मुहूर्त के कारण अक्षय तृतीया के दिन भी बड़ी संख्या में शादियों होती है। ग्रामीण अंचलों में तो आर्थिक रूप से कमजोर परिजन अपने बच्चों की कम उम्र में ही शादी कर देने तैयार हो जाते है जो कि कानूनन गलत है।

## जिला प्रशासन के निर्देश का खुला उल्लंघन छुरा मार्ग में बड़े वाहनों से लोग परेशान

**गरियाबंद(विश्व परिवार)।** नगर के एक मुख्य मार्ग जो तिरंगा चौक से होते हुए छुरा नगर को जाता है,उस मार्ग में नगर के सभी दुकानें संचालित है,जिसके चलते लोगो की भीड़ पूरा दिन होता है,साथ ही उन संचालित दुकानों में समान खाली करने चार चक्के से लेकर दस चक्के वाहनों के माध्यम से दुकानों के सामने वाहनों को खड़ा कर देते है,जिसके वजह से यातायात बाधित होता है और पैदल चलने वाले लोगो के साथ सायकल,मोटरसाइकल और कार परेशान होते है ।जबकि नगर पालिका के पार्षद वंश गोपाल सिन्हा ने एक गत दिनों इस समस्या को लेकर आवेदन देते हुए कहा कि छुरा गरियाबंद मार्ग में भीड़ बहुत होता है और 4 चक्का से लेकर 10 चक्को के वाहनों का लगातार आवागमन बना रहता है इस पर रोक लगाया जाए,किसी दिन बड़ी घटना घट सकती है जिससे अप्रिय स्थिति बन सकती है ।इसलिए विशेष ध्यान देकर पूर्व की भांति इस मार्ग पर बड़ी गाड़ियों के गुजरने पर रोक लगाया जाए ।वही पार्षद वंश गोपाल ने आवेदन में उल्लेख करते हुए बताया कि पूर्व में नगर पालिका एवं पुलिस प्रशासन ने निर्णय लिया था कि इन मार्गो पर सुबह दस से शाम छाई बजे तक बड़े वाहने नहीं चलेंगे इसके बाद भी यह यथावत जारी है जिसे लेकर सड़क के दोनों और के व्यवसायी भी काफी परेशान हैं और वहां रहने वाले लोग भी बहुत परेशान हैं जहां धूल से परेशानी हो रही है वहीं घर के बच्चे बाहर निकलते हैं या विभिन्न व्यावसायिक क्षेत्र में खरीदी करने निकलते हैं तो इससे बडे वाहनों से कभी भी घटना घट सकती है ।इस समस्या पर अधिकारी तत्काल ध्यान दें जिससे कि गरियाबंद का जनजीवन सामान्य रह सके ।इस आवेदन पर संज्ञान लेते हुए जिला प्रशासन द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुए बड़े वाहनों के आवाजाही पर रोक तो लगाया गया,लेकिन ये रोक महज कुछ दिन दिखा और फिर बड़े वाहन इस मार्ग में आने लगे और यातायात बाधित होना शुरू हो गया।

## प्रबंधन समिति और कोर कमेटी की बैठक हुई संपन्न

### बूथों को मजबूत करने का लिया संकल्प




**कोरबा(विश्व परिवार)।** आगामी लोकसभा चुनाव के तहत कटघोरा और कोरबा स्थित भाजपा कार्यालय में विधानसभा क्षेत्र प्रबंधन समिति एवं कोर कमेटी की बैठक ले चुनाव की योजना और क्रियान्वयन को लेकर विस्तार में चर्चा की गयी। उक्त बैठक में धरमलाल कौशिक ने आगामी लोकसभा चुनाव के प्रबंधन पर चर्चा करते हुए हर बूथ पर पार्टी को मजबूत करने का कार्यकर्ताओं को संकल्प दिलाया। इसके लिए सभी बूथों द्वारा आमजन को पार्टी से जोड़ने की बात कही। उन्होंने कहा कि अगर बूथ मजबूत होगा तो चुनाव में सफलता निश्चित होगी। इसके साथ ही बैठक के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी योजनाओं, विचारधारा, केंद्र सरकार के ऐतिहासिक फैसलों और नमो ऐप के बारे में जन सामान्य को अवगत कराने को कहा। इसके साथ ही चुनाव संचालन समिति के प्रत्येक सदस्य को पूरे समर्पण भाव से लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुटने को कहा। उक्त बैठक में वाणिज्य, उद्योग एवं श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन, पूर्व विधायक ननकीराम कंवर, कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल, जिला प्रभारी गोपाल साहू, जिला अध्यक्ष राजीव सिंह, जोगेश लांबा, अशोक चावलानी, गोपाल मोदी, संतोष देवांगन, हितानंद अग्रवाल, प्रफुल्ल तिवारी, टिकेश्वर राठिया सहित पार्टी के महामंत्री विधानसभा संयोजक प्रभारी व मंडल अध्यक्ष एवं महामंत्री समस्त कार्यों के लिए निर्धारित किए गए प्रभारी विधानसभा तथा चुनाव संबंधित समस्त अपेक्षित पदाधिकारी गण सहित वरिष्ठ कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे।

## युवकों पर बदमाशों ने चला दी गोली

**बिलासपुर(विश्व परिवार)।** न्यायधानी में पिकनिक मनाकर घर लौट रहे तीन युवकों पर बदमाशों ने गोली चला दी। इस घटना में व्यवसायी सन्नी खालसा के पेट मे गोली लगी, जिसे गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया। आरोपी युवक कौन थे और घटना का कारण क्या था, इसकी जांच कोटा पुलिस कर रही है। जानकारी के मुताबिक, घटना कोटा क्षेत्र की है। तखतपुर के तीन युवक सन्नी खालसा, चंकी पांडे और एक अन्य साथी घूमने के लिए सोमवार 11 मार्च को औरापानी के जंगल गए थे। पिकनिक मनाने के बाद तीनों दोस्त वापस तखतपुर लौट रहे थे। इस दौरान जंगल से जंगल मे ही दो बाइक पर सवार चार बदमाश पहुंचे और उनसे बेवजह विवाद करने लगे। सन्नी और चंकी ने जब इसका विरोध किया तो बदमाशों में एक युवक ने बंदूक निकालकर फायरिंग कर दी। फायरिंग में सन्नी के पेट पर गोली लगी, जिसके बाद आरोपी बाइक पर सवार होकर फरार हो गए। इधर गंभीर हालत में सन्नी को अस्पताल में भर्ती कराया गया।

## व्यापार समाचार

### फीकी एंट्री से निवेशक उदास, 12 फीसदी से अधिक का हुआ घाटा

**नईदिल्ली( एजेंसी )।** प्रोसेसिंग मशीनरी बनाने वाली कंपनी सोना मशीनरी के शेयरों की आज बाजार में फीकी एंट्री हुई है। एनएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर कंपनी के शेयर की 125 रुपये पर एंट्री हुई है यानी कि आईपीओ निवेशक 12 फीसदी से अधिक के घाटे में हैं। लिस्टिंग के बाद शेयर थोड़ा ऊपर तो चढ़े लेकिन निवेशकों का घाटा मुनाफे में नहीं बदला। रिकवर होने के बाद भी शेयर का भाव 131.25 रुपये के अपर सर्किट पर पहुंचा। यानी की निवेशकों को फायदा तो नहीं हुआ लेकिन उनका 12 फीसदी से अधिक का घाटा करीब 8 फीसदी तक आ गया। कंपनी के 51.82 करोड़ रुपये के आईपीओ को निवेशकों का अच्छा रिस्पॉन्स मिला था यही कारण रहा कि ओवरऑल यह आईपीी 273.50 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इसमें क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स के लिए आरक्षित हिस्सा 129.72 गुना, नॉन-इंस्टीट्यूशनल इनवेस्टर्स । (एनआईआई) का हिस्सा 554.42 गुना और खुदरा निवेशकों का हिस्सा 235.06 गुना भरा था। सब्सक्रिप्शन के लिए ये आईपीओ 5-7 मार्च तक खुला था। इस आईपीओ के तहत 10 रुपये की फेस वैल्यू वाले 36.24 लाख नए शेयर जारी हुए हैं। कंपनी की स्थापना साल 2019 में हुई थी। ये कंपनी खास तौर पर चावल, दाल, गेहूं, मसाले और बाजरा की प्रोसेसिंग में इस्तेमाल होने वाली मशीनरी बनाती है। इसके प्रोडक्ट्स का नाइजीरिया, बांग्लादेश, केन्या और नेपाल को निर्यात होता है। वित्तीय सेहत की बात करें तो वित्त वर्ष 2023 में कंपनी को 7.68 करोड़ रुपये का मुनाफा हुआ था।

### रुपया शुरुआती कारोबार में पांच पैसे टूटकर 82.85 प्रति डॉलर पर

**मुंबई( एजेंसी )।** अंतरराष्ट्रीय बाजार में अमेरिकी मुद्रा में मजबूती तथा कच्चे तेल की कीमतों में तेजी के बीच बुधवार को रुपया कमजोर रुख के साथ खुला। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि अमेरिकी मुद्रा में सुधार के बीच रुपये के कुछ नकारात्मक रुख के साथ कारोबार करने की संभावना है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 82.82 प्रति डॉलर पर खुला। बाद में यह और टूटकर 82.85 प्रति डॉलर के स्तर पर पहुंच गया। मंगलवार को रुपया पांच पैसे की गिरावट के साथ 82.80 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.07 प्रतिशत घटकर 102.88 पर था। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड वायदा 0.56 प्रतिशत बढ़कर 82.38 डॉलर प्रति बैरल के भाव पर था। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने मंगलवार को 73.12 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे थे।

### आरबीआई की डेडलाइन से पहले बीएसई ने इनवेस्टर्स के लिए जारी किए निर्देश

**नईदिल्ली( एजेंसी )।** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) द्वारा पेटीएम पेमेंट्स बैंक पर लगाए गए प्रतिबंध की आखिरी तारीख नजदीक है। इस बीच, बीएसई ने पीपीबीएल से जुड़े निवेशकों के लिए जरूरी निर्देश जारी किया है। बीएसई ने निवेशकों से कहा है कि जिन लोगों ने अपने स्टॉक ब्रोकर्स के साथ केवल पेटीएम पेमेंट्स बैंक खाते रजिस्टर किए हैं, वह सभी किसी अन्य बैंक के साथ खोले गए अकाउंट को रजिस्टर करा लें। बीएसई ने ये काम 15 मार्च से पहले पूरा करने को कहा है, जिससे की निवेशकों को किसी तरह की दिक्कतों का सामना न करना पड़े। बीएसई ने कहा है कि अगर इनवेस्टर्स अपने ट्रेडिंग मेंबर्स के साथ केवल पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड के खाते से रजिस्टर्ड हैं तो 15 मार्च के बाद उन इनवेस्टर्स का सिक्योरिटी मार्केट्स में लेनदेन प्रभावित हो सकता है। इसको ध्यान में रखते हुए, निवेशकों को अपने बैंकिंग अरेंजमेंट्स का रिव्यू करने की सलाह दी गई है। साथ ही अन्य बैंकों के साथ एडिशनल बैंक अकाउंट एड करने को कहा गया है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने ग्राहकों और कारोबारियों की सुविधा का ध्यान रखते हुए पेटीएम पेमेंट्स बैंक को जमा एवं निकासी से जुड़े लेनदेन समेत अपने ज्यादातर कामकाज बंद करने के लिए 15 मार्च तक की मोहलत दी थी। आरबीआई ने स्पष्ट किया था कि पेटीएम पेमेंट्स बैंक 15 मार्च के बाद यूपीआई सहित किसी तरह की बैंकिंग सेवाएं नहीं दे पाएगा। पहले इसकी समयसीमा 29 फरवरी तय की गई थी। आरबीआई ने पेटीएम पेमेंट्स बैंक को प्रवर्तन एजेंसियों या न्यायिक अधिकारियों द्वारा फ्रीज किए गए खातों को छोड़कर अपने सभी खातों और वॉलेट्स से अपनी समूची उपलब्ध रा शि निकालने का निर्देश दिया था।

### सोना हुआ महंगा, चांदी हुई सस्ती

**नईदिल्ली( एजेंसी )।** सोने के वायदा कारोबार की शुरुआत आज तेजी के साथ हुई, जबकि चांदी के वायदा भाव गिरावट के साथ खुले। सोना 65,500 हजार रुपये और चांदी 73,800 रुपये के करीब कारोबार कर रही है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने चांदी के वायदा भाव की शुरुआत गिरावट के साथ हुई। सोने के वायदा भाव में आज तेजी देखी जा रही है। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर सोने का बेंचमार्क अप्रैल कॉन्ट्रैक्ट आज 29 रुपये की तेजी के साथ 65,520 रुपये के भाव पर खुला। खबर लिखे जाने के समय यह कॉन्ट्रैक्ट 66 रुपये की तेजी के साथ 65,547 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। इस समय इसने 65,592 रुपये के भाव पर दिन का उच्च स्तर और 65,466 रुपये के भाव पर दिन का निचला स्तर छू लिया। सोने के वायदा भाव ने इस महीने 66,356 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव पर सर्वोच्च स्तर छू लिया। चाँदी के दुश्मन भाव की शुरुआत आज सुस्ती रही। एमसीएक्स पर सिल्वर का फ्लोरिडा मई स्केल आज 40 रुपये की गिरावट के साथ 73,810 रुपये के भाव पर खुला। खबर लिखने के समय यह खंड 85 रुपये की गिरावट के साथ 73,765 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। इस समय 73,939 रुपये प्रति व्यक्ति के भाव पर दिन का उच्चतम स्तर और 73,725 रुपये प्रति व्यक्ति के भाव पर दिन का निचला स्तर देखा गया। पिछले साल दिसंबर महीने में चांदी के शेयर भाव 78,549 रुपये किलो के भाव पर पहुंच गए थे।

# अश्विन विश्व के नंबर एक गेंदबाज बने, कुलदीप ने भी लगाई लंबी छलांग; रोहित-यशस्वी को भी फायदा



**नईदिल्ली( एजेंसी )।** आईसीसी ने बुधवार को टेस्ट की ताजा रैंकिंग जारी कर दी है। भारत के रविचंद्रन अश्विन दुनिया के नंबर एक गेंदबाज बन गए हैं। धर्मशाला में इंग्लैंड के खिलाफ अपने 100वें टेस्ट में नौ विकेट लेने के बाद वह एक पायदान ऊपर चढ़कर शीर्ष स्थान पर पहुंच गए। वहीं, जसप्रीत बुमराह लुढ़क कर तीसरे स्थान पर आ गए हैं। वहीं, भारत के कुलदीप यादव ने भी लंबी छलांग लगाई है। इसके अलावा बल्लेबाजों में रोहित शर्मा और यशस्वी जायसवाल को भी फायदा हुआ है। 37 साल के भारतीय दिग्गज स्पिनर ने धर्मशाला में टीम इंडिया की जीत में अहम भूमिका निभाई थी। उन्होंने पहली पारी में चार और दूसरी पारी में पांच विकेट झटके थे। दोनों पारियों को मिलाकर अश्विन ने 128 रन देकर नौ विकेट झटके थे। अश्विन ने बुमराह को शीर्ष स्थान से हटाया है। इससे पहले बुमराह भी अश्विन को हटाकर नंबर एक टेस्ट गेंदबाज बने थे। अश्विन के 870 रेटिंग पॉइंट्स हैं। वहीं, दूसरे नंबर पर 847 रेटिंग पॉइंट्स के साथ ऑस्ट्रेलिया के जोश हेजलवुड और तीसरे नंबर पर जसप्रीत बुमराह हैं। कगिसो रबाडा चौथे और पैट कमिंस पांचवें स्थान पर हैं। शीर्ष 10 गेंदबाजों में भारत के रवींद्र जडेजा सातवें स्थान पर बने हुए हैं। वहीं, शीर्ष 20 में कुलदीप यादव की एंट्री हुई है। उन्होंने 15 पायदान की छलांग लगाई और 16वें स्थान पर पहुंच गए। शीर्ष-20 गेंदबाजों में भारत के चार गेंदबाज हैं। वहीं, टेस्ट बल्लेबाजों की रैंकिंग में धर्मशाला में शतक लगाने वाले रोहित शर्मा और शुभमन गिल को भी फायदा हुआ है। रोहित ने पांच स्थान की छलांग लगाई और वह छठे स्थान पर पहुंच गए। वहीं, यशस्वी जायसवाल भी दो स्थान की सुधार के साथ आठवें पायदान पर पहुंच गए। विराट कोहली को एक स्थान का नुकसान हुआ है और वह नौवें स्थान पर लुढ़क गए हैं। काफी समय से टीम इंडिया के सेट अप से बाहर चल रहे ऋषभ पंत को भी एक स्थान का नुकसान हुआ और वह 15वें पायदान पर लुढ़क गए हैं। धर्मशाला टेस्ट में शानदार शतक लगाने वाले शुभमन ने 11 स्थानों की छलांग लगाई और 21वें नंबर पर पहुंच गए हैं। बल्लेबाजों में न्यूजीलैंड के केन विलियम्सन शीर्ष पर बने हुए हैं। वहीं, इंग्लैंड के जो रूट दूसरे स्थान पर हैं। पाकिस्तान के बाबर आजम तीसरे और न्यूजीलैंड के डेरिल मिचेल चौथे स्थान पर हैं। ऑस्ट्रेलिया के स्टीव स्मिथ पांच स्थान पर हैं।

## आईपीएल इतिहास में पीयूष चावला के गेंदों पर पड़े हैं सर्वाधिक छक्के



**नईदिल्ली( एजेंसी )।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) का आगाज 22 मार्च को चेन्नई सुपरकिंग्स और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के बीच होने वाले मैच से होगा।इसके साथ ही दर्शकों को फिर से चौको-छक्कों की बारिश देखने को मिलेगी।इस प्रारूप में गेंदबाजों विशेषकर स्पिनरों के सामने सबसे बड़ी चुनौती छक्कों से बचने की होती है। आईपीएल इतिहास में सर्वाधिक छक्के मुंबई इंडियंस के स्पिनर पीयूष चावला की गेंदों पर पड़े हैं।आइए उनके आंकड़े जानते हैं। पीयूष आईपीएल इतिहास में 200 छक्के खाने वाले पहले गेंदबाज हैं। उनके खिलाफ अब तक 201 छक्के पड़ चुके हैं।सूची में रविंद्र जडेजा और पीयूष (193-193) दूसरे, रविचंद्रन अश्विन (184) तीसरे, अमित मिश्रा (182) चौथे, ड्वेन ब्रावो (155) 5वें और सुनील नरेन (149) छठे नंबर पर हैं।इसी तरह कीरोन पोलार्ड ने मिश्रा के खिलाफ सर्वाधिक 14 छक्के जड़े हैं। सूची में आंद्रे रसेल (12 बनाम मोहम्मद शमी) दूसरे, गेल (11 बनाम पीयूष) तीसरे नंबर पर हैं। चावला के नाम आईपीएल में 181 मैचों में 7.90 की इकॉनमी से कुल 179 विकेट हैं, जो लीग में तीसरे सर्वाधिक हैं।उन्होंने साल 2021 से उन्होंने मुंबई इंडियंस के लिए 8.20 की इकॉनमी से 23 विकेट झटके हैं। बीच के ओवरों (7-15) में उन्होंने 7.82 की इकॉनमी से 122 झटके हैं, जो दूसरे सर्वाधिक हैं।उन्होंने पावरप्ले में 7.71 की इकॉनमी से 20 विकेट चटकाए हैं, जबकि 37 विकेट आखिरी 5 ओवरों में झटके हैं।

## सेबी के आदेश के बाद टूटे वेदांता लिमिटेड के शेयर, बिकवाली का असर



**नईदिल्ली( एजेंसी )।** सेबी के आदेश के बाद से अनिल अग्रवाल की वेदांता लिमिटेड के शेयरों में आज यानी 13 मार्च को गिरावट देखी जा रही है। शुरुआती कारोबार में कंपनी के शेयर में 3 फीसदी तक की गिरावट दर्ज की गई। बता दें, सेबी ने वेदांता लिमिटेड पर डिविडेंट के भुगतान में देरी को लेकर एक्शन लिया है। सेबी ने वेदांता को निर्देश दिया है कि कंपनी डिविडेंट भुगतान पर ब्याज के साथ 77.62 करोड़ रुपये केयर्न एनर्जी को 45 दिन के अंदर पे करे। इसी के साथ सेबी ने वेदांता लिमिटेड के पूरे बोर्ड को पूंजी बाजार से कुछ समय के लिए प्रतिबंधित कर दिया है। इस कार्रवाई के साथ ही सेबी ने नवीन अग्रवाल, तरुण जैन, थॉमस अल्बनीस और जी आर अरुण कुमार पर दो महीने के लिए सिक्योरिटी मार्केट से बैन भी कर दिया है। वहीं प्रिया अग्रवाल, के वेंकटरमणन, ललिता डी गुप्ते, अमन मेहता, रवि कांत और एडवर्ड को एक महीने के लिए बाजार में प्रवेश से रोक दिया है। सेबी के एक्शन के बाद कंपनी का शेयर बीएसई पर गिरावट के साथ 268.35 रुपये पर खुला। कुछ ही देर में शेयर पिछले बंद भाव से 3.5 प्रतिशत तक नीचे आया और 260.80 रुपये के लो पर पहुंच गया। शेयर में लोअर सर्किट 10 प्रतिशत की गिरावट के साथ 243.30 रुपये पर है। वहीं 52 सप्ताह का निचला स्तर 207.85 रुपये है।

## आईआईएफएल फाइनेंस में मौजूदा गोल्ड लोन ग्राहकों को सेवाएं मिलती रहेंगी, लॉकर्स में उनका सोना है सुरक्षित

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आईआईएफएल फाइनेंस ने आज घोषणा की कि मौजूदा गोल्ड लोन ग्राहकों को इसकी सेवाएं बिना किसी व्यवधान के मिलती रहेंगी, और आईआईएफएल फाइनेंस के लॉकर्स में ग्राहकों का सोना सुरक्षित है। आरबीआई की 4 मार्च की सुपरवाइज़री प्रेस विज्ञप्ति के मुताबिक कंपनी अगली सूचना जारी होने तक तक नए गोल्ड लोन का वितरण नहीं करेगी। लेकिन आरबीआई ने एक सर्कुलर जारी करके आईआईएफएल फाइनेंस को मौजूदा लोन और ग्राहकों को बिना किसी व्यवधान के सेवाएं देते रहने की अनुमति दे दी है। आईआईएफएल फाइनेंस ने बताया कि उसकी गोल्ड लोन शाखाएं हमेशा की तरह खुली रहेंगी और प्राथमिकता के आधार पर ग्राहकों की जरूरतों को पूरा करने के लिए वहाँ स्टाफ उपलब्ध रहेगा। आईआईएफएल फाइनेंस ने कहा, हम आपको विश्वास दिलाते हैं कि आपका लोन हमारे पास पूरी तरह से सुरक्षित है और इस मामले में आप कोई चिंता न करें। उन्होंने कहा, ये परिचालन के मामले हैं, और हम आरबीआई के सभी दिशानिर्देशों का पालन करने के लिए पूर्णत: प्रतिबद्ध हैं। हम आपके विश्वास एवं सहयोग की सराहना करते हैं। आईआईएफएल फाइनेंस में नैतिकता और प्रशासन संबंधी कोई समस्या नहीं है। आईआईएफएल फाइनेंस अपने गोल्ड लोन ग्राहकों से अनुरोध करता है कि वो किसी भी स्रोत से मिलने वाली किसी भी अफवाह या भ्रामक जानकारी से दूर रहें। आईआईएफएल फाइनेंस का गोल्ड लोन व्यवसाय भारत में 25 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में अपनी 2,721 शाखाओं द्वारा काम करता है। आईआईएफएल फाइनेंस के गोल्ड लोन का लाभ ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में 19 लाख से अधिक बैंक रहित और बैंकिंग सुविधाओं की कमी वाले छोटे उद्यमियों को मिलता है, जिन्हें औपचारिक बैंकिंग की सुविधा आसानी से उपलब्ध नहीं हो पाती।

## एलिस सर्वश्रेष्ठ तेज गेंदबाज़ी ऑलराउंडर: एडवर्ड्स



**नई दिल्ली( एजेंसी )।** मुंबई इंडियंस के खिलाफ एलिस पेरी के चार ओवरों में (6-15) के स्पैल और बल्ले से नाबाद 40 रनों की पारी के बदौलत रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर ने 2024 डब्ल्यूपीएल प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई कर लिया है। मुंबई इंडियंस की मुख्य कोच चार्लोट एडवर्ड्स ने मैच के बाद कहा, एलिस सर्वश्रेष्ठ तेज गेंदबाज़ी ऑलराउंडर और सबसे महान महिला क्रिकेटर है जिसे हमने कभी देखा है। मैं अब भी उस बात पर कायम हूं जो मैंने पांच साल पहले कही थी- वह सबसे महान खिलाड़ी है। वह एक अलग व्यक्ति भी है। हम भाग्यशाली हैं कि एलिस हमारे खेल में एक रोल मॉडल के रूप में हैं, मुझे सिडनी सिक्सर्स में उनके साथ काम करने का अवसर मिला था। मैं उनकी बहुत प्रशंसा करती हूं। वो चाहे क्लब क्रिकेट, डब्ल्यूपीएल या अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट खेल रही हो, वह इसे उसी तरह खेलती है, जो बेहद सराहनीय है। इस मैच में उनका दिन बहुत अच्छा रहा, उम्मीद है कि शुक्रवार को उनका दिन इतना अच्छा नहीं रहेगा। अरुण जेटली स्टेडियम में मंगलवार के मैच से पहले, पेरी ने डब्ल्यूपीएल 2024 में एक भी विकेट नहीं लिया था। लेकिन तेज गेंदबाज़ी ऑलराउंडर ने मुंबई के बल्लेबाजी क्रम को तोड़ते हुए डब्ल्यूपीएल में अब तक के सबसे अच्छे आंकड़े हासिल किए और गत चैंपियन को सिर्फ 113 पर आउट करने पर अहम भूमिका निभाई।

## इंडकल टेक्नोलॉजीज़ ने एसर एयरकंडीशनर्स की 2024 श्रृंखला की घोषणा की, होम कूलिंग में नए मानक स्थापित किए

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत में एसर होम अप्लायंसेज़ के आधिकारिक लाईसेंसी, इंडकल टेक्नोलॉजीज़ प्राईवेट लिमिटेड ने एसर एयरकंडीशनर्स की 2024 श्रृंखला पेश की है। होम कूलिंग का अनुभव बेहतर बनाने के लिए निर्मित ये एयर कंडीशन 1 टन - 3 और 5 स्टार रेटिंग, 1.5 टन - 3 और 5 स्टार रेटिंग और 2 टन - 3 स्टार रेटिंग में उपलब्ध होंगे। इन एयरकंडीशनर्स में आर्कटिकरैप कूलिंग, एआईसेंस, और कूलस्फेयर एयरफ्लो मैनेजमेंट जैसी अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी हैं। ये नए एयरकंडीशनर ग्राहक-अनुभव को प्राथमिकता देते हुए शुरू में देश में सभी ऑफलाईन रिटेल चैनलों पर उपलब्ध होंगे। एसर एयरकंडीशनर्स में भारत में पहली बार 7-इन-1 कन्वर्टिबल टेक्नोलॉजी के साथ उद्योग की अग्रणी विशेषता दी गई है। इस टेक्नोलॉजी द्वारा यूज़र्स कूलिंग को अपनी जरूरत के अनुसार अनुकूलित कर सकते हैं। इसके अलावा, इन एसी में आर्कटिक रैप कूलिंग है, जो 55 डिग्री सेल्सियस की गर्मी में भी शक्तिशाली और भरोसेमंद कूलिंग प्रदान करती है। एसर एसी की इंटैलिजेंट एआईसेंस टेक्नोलॉजी की मदद से ये मशीनें एडैप्टिव कूलिंग इंटैलिजेंस के साथ आती हैं, जिसकी मदद से ये यूज़र की पसंद के अनुरूप अनुकूलित हो जाते हैं, और बाहरी तापमान के आधार पर कूलिंग की सैटिंग को भी ऑप्टिमाईज़ कर देते हैं, ताकि बिजली की खपत कम हो, और बिजली का बिल कम आए। ये एसी बहुत कम नॉईज़ के साथ काम करते हैं।

एसर एसी में दिए गए कूलस्फेयर एयरफ्लो द्वारा 3डी कूलिंग डाईव की मदद से कमरे में सबसे अच्छा कूलिंग का वातावरण मिलता है, जो पूरा कम्फर्ट प्रदान करता है। ये एसी इनोवेशन और खूबसूरत डिज़ाईन का बेहतरीन मिश्रण पेश करते हैं, जो स्लीक होने के साथ मिनिमलिस्ट भी है। साथ ही, इसके वन डिज़ाईन में एक उपयोगी एलईडी डिस्प्ले भी दिया गया है, जो भारतीय बाजार में इस तरह के फीचर का पहला उदाहरण है।


कार्यालय अधीक्षण अभियंता,
लोक निर्माण विभाग, दुर्ग मण्डल दुर्ग (छत्तीसगढ़)

दुर्ग, दिनांक 11.03.2024

(ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना)
प्रथम आमंत्रण

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से ऑनलाईन निविदायें प्रपत्र "अ" में प्रतिशत दर पर दिनांक 01.04.2024 तक आमंत्रित की जाती हैः-

| निविदा आमंत्रण सू.क. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (राशि लाख में) |
|---|---|---|
| 359/दुर्ग(दुर्ग)/2023 | जिला न्यायालय दुर्ग के बार रूम क्रं. 04 का निर्माण कार्य विद्युतीकरण सहित | 192.86 |
| 360/दुर्ग(बेमेतरा)/2023 | ग्राम कठिया रांका वि.ख. बेरला में हायर सेकेण्ड्री स्कूल भवन का निर्माण कार्य विद्युतीकरण सहित | 120.40 |
| 361/दुर्ग(बेमेतरा)/2023 | नवागढ़ उपसंभाग के अंतर्गत नवागढ़ उपखण्ड विभिन्न आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों का संधारण मरम्मत कार्य | 69.61 |
| 362/दुर्ग(राज.)/2023 | शासकीय श्याम शॉह महाविद्यालय मोहला जिला मोहला मानपुर अं. चौकी में अतिरिक्त कक्ष का निर्माण कार्य विद्युतीकरण सहित | 114.07 |

टीप
1. उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब portal एवं विभागीय वेबसाइट http://eproc.cgstate.gov.in से डाऊनलोड की जा सकती है ।
2. पंजीकृत डाक द्वारा कार्यालय में भेजे जाने वाले लिफाफे के ऊपर एन.आई.टी. कमांक एवं कार्य का नाम अनिवार्य रूप से अंकित किया जायें ।

अधीक्षण अभियंता
लोक निर्माण विभाग, दुर्ग मण्डल दुर्ग
दूरभाष - 0788-2210876

G-08530/9

दैनिक
# विश्व परिवार महानगर

www.dvpnews.in
vishwapariwarraipur@gmail.com

रायपुर, शुक्रवार 15 मार्च 2024



## मुख्यमंत्री से एमिटी विवि के कुलाधिपति ने की सौजन्य मुलाकात

**रायपुर (विश्व परिवार)।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से आज यहाँ उनके निवास कार्यालय में एमिटी विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ. डब्ल्यू. सेल्वामूर्ति एवं कुलपति डॉ. पीयूष कांत पांडेय ने सौजन्य मुलाकात की। उन्होंने मुख्यमंत्री को शाल एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर डॉ. अरुण पटनायक भी उपस्थित थे। डॉ. सेल्वामूर्ति ने मुख्यमंत्री को विश्वविद्यालय द्वारा समाज हित में किए जा रहे महत्वपूर्ण शोध और शैक्षणिक योगदान के बारे में जानकारी दी।

## संक्षिप्त समाचार

### मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मिले महाराष्ट्र मंडल के अध्यक्ष काले, मुख्यमंत्री निवास में गृह प्रवेश कार्यक्रम के दौरान हुई संक्षिप्त चर्चा



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** लगातार आठवीं बार महाराष्ट्र मंडल के अध्यक्ष निर्वाचित हुए अजय मधुकर काले ने बुधवार की देर शाम सीएम हाउस में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं उनकी पत्नी से मुलाकात कर गृह प्रवेश की बधाई दी। इस दौरान काले ने मुख्यमंत्री को सपत्नीक महाराष्ट्र मंडल आमंत्रित भी किया। सीएम हाउस में हुए गृह प्रवेश कार्यक्रम में काले ने भाजपा के छत्तीसगढ़ प्रदेश सह प्रभारी नितिन नबीन, प्रदेश भाजपाध्यक्ष किरण देव, कैबिनेट मंत्रियों रामविचार नेताम, ओपी चौधरी और पद्मश्री अनुज शर्मा सहित अनेक विधायकों से भी मुलाकात की व उन्हें महाराष्ट्र मंडल की ओर से भावी कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की। काले ने पद्मश्री मदन चौहान, पद्मश्री भारती बंधु सहित कार्यक्रम में उपस्थित जैन समाज, सिख समाज सहित अनेक समाजों के प्रतिनिधियों से भी मुलाकात की।

### केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने एनआईए के लिए आवासीय क्वार्टर का वर्चुवल उद्घाटन किया

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को नवा रायपुर के सेक्टर-30, अटल नगर में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) के लिए आवासीय क्वार्टर का वर्चुअल माध्यम से उद्घाटन किया। आवासीय परिसर का कुल भूखंड क्षेत्रफल दो एकड़ है। कुल निर्मित क्षेत्र 552.08 वर्ग मीटर है। अमित शाह ने कोच्चि और जम्मू में नवनिर्मित भवन का भी उद्घाटन किया। केंद्रीय गृह मंत्री ने समारोह में एनसीआरबी मोबाइल ऐप संकलन लॉन्च किया। आवासीय परिसर, नवा रायपुर में प्रकाश व्यवस्था, एयर कंडीशनिंग, अग्नि सुरक्षा प्रावधान, सब-स्टेशन, पानी की टंकी, वर्षा जल संचयन और अन्य बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध हैं। आवासीय परिसर में सामुदायिक केंद्र, टाइप II क्वार्टर (18), टाइप III क्वार्टर (22), टाइप IV क्वार्टर (8) और टाइप V क्वार्टर (1) का निर्माण किया गया है। एनआईए रायपुर के डीआइजी शैलेन्द्र मिश्रा, पुलिस अधीक्षक एनआईए रायपुर संदीप गोपाल दास एवं एनआईए के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।



# विश्व किडनी दिवस पर रामकृष्ण केयर अस्पताल ने लोगों को किया जागरूक

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** किडनी मनुष्य के शरीर के सबसे महत्वपूर्ण अंगों में से एक है। प्रति वर्ष अनेकों लोग किडनी रोग के चलते अपनी जान गवां देते हैं, किडनी फेलियर के चलते किडनी प्रत्यारोपण की जरूरत दिनों-दिन बढ़ती जा रही है। इस महत्वपूर्ण अंग के संदर्भ में हर वर्ष मार्च माह के दूसरे गुरूवार को विश्व किडनी दिवस मनाया जाता है, और कोशिश की जाती है कि ज्यादा से ज्यादा लोगों को किडनी रोग के संदर्भ में जागरूक किया जा सके।

रामकृष्ण केयर अस्पताल के डॉक्टर्स डॉ. अजय पाराशर, डॉ. संजीव अनंत काले, डॉ. प्रवाश कुमार चौधरी, डॉ. हर्ष जैन एवं डॉ. मलय रंजन सारंगी ने प्रेस वार्ता में बताया कि किडनी रोग के कुछ लक्षण होते हैं, जैसे शरीर में अधिक मात्रा में क्रेटनिन और यूरिक एसिड की मात्रा बढ़ जाती है। बार- बार पेशाब करने की इच्छा होती है और बाथरूम के चक्कर लगाने पढ़ते हैं साथ ही यूरिन में रक्त नजर आता है, ऑखों के आस-पास सूजन होना भी किडनी रोग का लक्षण हो सकता है। कुछ खाने की इच्छा नहीं होती, भूख लगभग मर जाती है, साथ ही मसल्स में दर्द भी होता है।

डॉक्टरों ने बताया कि रामकृष्ण केयर अस्पताल में कैडेवर किडनी प्रत्यारोपण हुआ, यहां इक्यूब डायलिसिस सेंटर है जिसमें हर महीने 2500 से 3000 किडनी डायलिसिस किया जाता है।किडनी रोग से संबंधित नेफ्रो क्रिटिकल केयर आई.सी.यू. भी रामकृष्ण केयर में उपलब्ध है। पथरी का संपूर्ण ईलाज की सुविधा के साथ यूरो रोबोटिक सर्जरी व ऑन्कों रिनल साइंस भी उपलब्ध है।



अब तक 250 से अधिक किडनी प्रत्यारोपण रामकृष्ण केयरअस्पताल में किया जा चुका है। रामकृष्ण केयर अस्पताल के मेंडिकल व मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. संदीप दवे जी 35 वर्षो से भी अधिक अनुभवी व कुशल सर्जन के रूप में प्रतिष्ठित है और उनके साथ अनेकों अनुभवी व कुशल डॉक्टरों की टीम उपलब्ध है। रामकृष्ण केयर में किडनी/यूरो विभाग के प्रमुख डॉक्टर्स डॉ. अजय पाराशर, डॉ. संजीव अनंत काले, डॉ. प्रवाश कुमार चौधरी, डॉ. हर्ष जैन एवं डॉ. मलय रंजन सारंगी ने कहा कि वे सभी लोगों की सफल किडनी ट्रान्सप्लॉट करते रहेंगे व् कई परिवारों को खुशियाँ बांटते रहेंगे।

किडनी प्रत्यारोपण हेतु अन्य लोगों को राज्य से बाहर नहीं जाना पड़ेगा वे राज्य में ही बेहतर ईलाज कम खर्च पर करा सकते हैं, साथ ही समय-समय पर डॉक्टरों से सलाह ले सकते हैं। रामकृष्ण केयर अस्पताल के किडनी विभाग के डॉक्टरों ने बताया कि लोग किडनी रोग से स्वयं को बचाव रखने हेतु कृछ जरूरी बातों का ध्यान रख सकते हैं, जैसे दिन भर पर्याप्त मात्रा में पानी पीते रहें इससे किडनी को शरीर से टॉक्सिन निकालने में सहायक होती है। प्रोटीन सप्लीमेंट की जरूरत से ज्यादा मात्रा लेने में परहेज करें। हर दूसरे दिन पेन किलर दवाई लेते रहना भी किडनी पर नकारात्मक प्रभाव पड सकता है, धूम्रपान करने पर भी किडनी पर विपरित प्रभाव पडता है अगर किडनी में दर्द महसूस हो तो तुरंत चिकित्सक की सलाह लेना चाहिए। विश्व किडनी दिवस पर केयर कनेक्ट प्रोग्राम आयोजित किया गया, जिसमें ऐसे मरीज शामिल हुए जिनका किडनी ट्रान्सप्लॉट किया गया है एवं किडनी से संबंधित बीमारियों का इलाज किया गया। इस कार्यक्रम में सभी मरीजों के मनोरंजन हेतु कार्यक्रम भी रखें गये, जिसमें लोगों से रोचक सवाल पूछे गये, मरीजों को गिफ्ट प्रदान किया गया और उन्हें गुलाब के फूल भी प्रदान किये गये।

सभी मरीजों ने अपने बीमारी से पहले एवं किडनी प्रत्यारोपण के बाद के अनुभवों को साझा किये कैसे बीमारी में तकलीफें उन्होंने झेली, कैसी मुसीबतों का सामना किया और अब वे कैसा जीवन-यापन कर रहें हैं एवं रामकृष्ण केयर अस्पताल का धन्यवाद किया जिन्होंने उन्हें दूसरा जीवन प्रदान किया।

## रायपुर रेल मंडल की महिला रेल कर्मचारियों के लिए मंडल रेल प्रबंधक कप 2024 (डीआरएम कप 2024) का आयोजन

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर रेल मंडल में आज दिनांक 14 मार्च 2024 को मंडल रेल प्रबंधक कप (डीआरएम कप) का आयोजन अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष में सक्रेसा ग्राउंड डब्लू आर एस कॉलोनी में रायपुर रेल मंडल की महिला रेल कर्मचारियों के लिए आयोजित किया गया।




मैच वरिष्ठ मंडल वित्त प्रबंधक 11 एवं सहायक कार्मिक अधिकारी 11 (सीनियर डीएफएम11 एवं एपीओ 11) के मध्य खेला गया जिसमें वरिष्ठ मंडल वित्त प्रबंधक 11 की टीम ने टॉस जीत कर 15 ओवर में 68 रन बनाएं जवाब में सहायक कार्मिक अधिकारी 11 की टीम ने इस लक्ष्य को 14 ओवर में ही हासिल करते हुए विनिंग ट्राफी पर कब्जा कर जीत हासिल की।

वरिष्ठ मंडल खेल अधिकारी श्री अनुराग तिवारी के तत्वाधान में आयोजित डीआरएम कप 2024 का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि मंडल रेल प्रबंधक श्री संजीव कुमार के दिशा निर्देशन में महिलाओं हेतु वालीबाल एवं क्रिकेट लीग तथा एथलीट गेम्स का आयोजन भी आने वाले समय में किया जाएगा।

## कला केन्द्र का संचालन शुरू, सैकड़ों की संख्या में पहुंच रहे कला साधक

**कमिश्नर अबिनाश मिश्रा ने किया कला केन्द्र का निरीक्षण**

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** गत रविवार को मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय द्वारा लोकार्पित कला केन्द्र का नगर निगम आयुक्त श्री अबिनाश मिश्रा ने निरीक्षण किया एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान श्री मिश्रा कलाकारों, प्रशिक्षकों, विभिन्न कला विधा का प्रशिक्षण प्राप्त करने आ रहे युवाओं, बच्चों व पालकों से भी मिले।



आयुक्त श्री मिश्रा ने इस कला केन्द्र में प्रशिक्षण हेतु आ रहे विभिन्न विधाओं के कलाकारों व कला साधकों से उनके सुझाव भी लिए। ज्ञात हो कि कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह के मार्गदर्शन में इस कला केन्द्र की स्थापना नगर निगम द्वारा की गई है, जहां संगीत व कला की विभिन्न विधाओं के प्रशिक्षण की व्यवस्था है। रविवार को लोकार्पण के साथ कला केन्द्र का संचालन शुरू हो गया है एवं वर्तमान में 15 दिवस विभिन्न विधाओं का नि:शुल्क प्रशिक्षण आयोजित हो रहा है। कला केन्द्र में फाइन आर्ट, गीत-संगीत की विभिन्न विधाओं के साथ ही ऑडियो प्रोडक्शन की व्यवस्था है। यहां बने मुक्ताकाशी मंच पर एम्फी थिएटर की तर्ज पर ओपन माईक व अन्य सांस्कृतिक आयोजन भी शुरू किए जा रहे है। इस कला केन्द्र में प्रशिक्षण हेतु 600 से भी अधिक कलाकारों द्वारा आवेदन लिए जा चुके है। पंजीयन उपरांत विभिन्न पालियों में प्रशिक्षकों को उत्तरदायित्व सौंपा जा रहा है। पंजीयन राशि रु. 100 निर्धारित है, जो कि आवेदन के साथ कला केंद्र पर जमा किए जा सकते है एवं प्रत्येक माह का शुल्क 500 रुपए निर्धारित है। प्रशिक्षण के विभिन्न चरणों को सफलता पूर्वक पूरे करने पर प्रमाण पत्र भी दिए जाएंगे।

## SRIP : मैक्लोइड्स ने कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव रख श्री रावतपुरा सरकार के 21 छात्रों का किया सिलेक्शन



**कुम्हारी ( विश्व परिवार )।** फार्मेसी और आईटीआई के छात्रों के चयन करने के लिए एमएनसी मैक्लेऑडस फार्मास्युटिकल्स लिमिटेड कंपनी श्री रावतपुरा सरकार ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस कुम्हारी पहुंची। जहाँ मैक्लेऑडस की ओर से डी फार्मा, बी. फार्मा और आई टी आई फाइनल इयर के छात्रों के साथ पास आउट स्टूडेंट्स के लिए प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन हुआ। इस प्लेसमेंट ड्राइव में श्री रावतपुरा सरकार इंस्टिट्यूट ऑफ़ फार्मेसी जबलपुर, श्री रावतपुरा सरकार इंस्टिट्यूट ऑफ़ फार्मेसी कुम्हारी, श्री रावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी के साथ श्री शंकराचार्य कॉलेज भिलाई के कुल 160 छात्रों ने भाग लिया।

**अतिथियों का हुआ आगमन :** प्लेसमेंट ड्राइव में मुख्य अतिथि के रूप में श्री रावतपुरा सरकार लोक कल्याण ट्रस्ट के वाईस चेयरमैन डॉ. जे. के. उपाध्याय मौजूद रहे साथ ही विशिष्ट अतिथि के रूप में मैक्लोइड्स फार्मास्युटिकल्स लिमिटेड के प्रेसिडेंट एचआरडी साईंदत्ता नंदा, रंजित उन्नीथन, राज कुमार व हेड ऑफिस से डिप्टी डायरेक्टर (ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट) ओम प्रकाश त्रिपाठी मौजूद रहे।

कार्यक्रम की शुरुवात माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन करके किया गया। कैंपस डायरेक्टर प्रीति गुरनानी ने अतिथियों का स्वागत बुके देकर किया। कार्यक्रम में आये अतिथियों ने छात्रों को प्रोत्साहित करने के लिए उदबोधन दिया।

**इन छात्रों का हुआ चयन :** कार्यक्रम में बी.फार्मा छात्रों का रिटेन टेस्ट हुआ फिर सभी छात्रों का इंटरव्यू लिया गया। जिसमें चयनित छात्रों में विवेक कुमार, शुभम कुमार, अभिलाष साहू, विशाल गुप्ता, सचिदानन्द पाण्डेय, सजल सिंह, बादल सोनकर, उमेश चंदना, अनुराग वर्मा, करन चौबे, रत्नेश, पुष्कर, संजीव, योगेन्द्र पाण्डेय, भूपिन साहू, आयुष यादव, जितेन्द्र कुमार, देबाशीष, खोमचंद साहू, धनंजय निषाद और भूपेंद्र सिन्हा का चयन हुआ। इन 21 छात्रों ने परीक्षाओ को पार करते हुए मैक्लोइड्स फार्मास्युटिकल्स में अपनी जगह पक्की कर ली। श्री रावतपुरा सरकार लोक कल्याण ट्रस्ट के उपाध्यक्ष डॉ. जे. के. उपाध्याय ने कैंपस डायरेक्टर प्रीति गुरनानी और डिप्टी डायरेक्टर (ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट) ओम प्रकाश त्रिपाठी के साथ छात्रो के उज्जवल भविष्य के लिए चयनित छात्रों को बधाई दी।

## एनआईटी रायपुर में नए युवा मतदाताओं को जागरूक करने नुक्कड़ नाटक और शपथ समारोह का आयोजन सम्पन्न



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान रायपुर के एनएसएस क्लब द्वारा छात्रों को आगामी लोकसभा चुनाव में भागीदारी निभाने के लिए प्रोत्साहित करने हेतु एक 'शपथ समारोह' का आयोजन दिनांक 13 मार्च 2024 को किया गया। इसके साथ-साथ संस्थान के अभिनय ड्रामाटिक्स क्लब द्वारा भी छात्रों को मतदान के लिए जागरूक करने हेतु 'क्यों, किसे और कैसे' थीम पर आधारित नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एनआईटी के निदेशक डॉ. एन वी रमना राव रहे। अन्य विशिष्ट अतिथि रजिस्ट्रार डॉ पी वाय ढेकने, डीन (एकेडमिक्स) डॉ श्रीश वर्मा और डीन ( स्टूडेंट वेलफेयर ) डॉ. नितिन जैन थे। कार्यक्रम का आयोजन एनएसएस क्लब और अभिनय क्लब के प्रभारी डॉ. गोवर्धन भट्ट के कुशल मार्गदर्शन में किया गया।

यह कार्यक्रम देश में शिक्षा मंत्रालय और खेल मंत्रालय के आपसी सहयोग और भारत निर्वाचन आयोग द्वारा चलाए जा रहे 'चुनाव का पर्व' और 'मेरा पहला वोट देश के लिए' अभियान के अंतर्गत आयोजित किया गया ताकि युवा और फर्स्ट टाइम वोटर्स आने वाले मतदान में बढ-चढ़ कर भाग लें।

एन एस एस क्लब द्वारा आयोजित शपथ समारोह में निदेशक महोदय ने छात्रों से कहा कि आप सभी को मतदान करना चाहिए क्योंकि यह आपका कर्तव्य है और उज्वल भारत के पथ प्रदर्शक के रूप में चुनाव प्रक्रिया में आपकी भागीदारी महत्वपूर्ण है। इसके बाद निदेशक महोदय ने सभी उपस्थित सदस्यों को मतदान की शपथ दिलवाई। अभिनय क्लब द्वारा आयोजित नुक्कड़ नाटक में कलाकारों ने सोच समझकर अपना नेता चुनने की सलाह दी और कहा कि लोकतंत्र के सबसे बड़े पर्व में अपनी भागीदारी अवश्य सुनिश्चित करें ताकि आने वाली पीढ़ी भी इससे प्रभावित हो। उन्होंने लोगों द्वारा वोट ना डालने के बहानों को भी बताया और पोस्टल बैलेट की जानकारी दी। एक उम्मीदवार की आम जनसभा का प्रदर्शन करके उन्होंने झूठे वादे करने वाले नेताओं को अपना प्रतिनिधि न चुनने की सलाह दी।

## रायपुर प्रेस क्लब में महिला पत्रकारों ने साझा किए अनुभव, पत्रकारों का हुआ सम्मान

### किसी भी चुनौती स्वीकार करने से सारे रास्ते आसान : कौशल्या साय




**रायपुर ( विश्व परिवार )।** स्व. मधुकर खेर स्मृति भवन, रायपुर प्रेस क्लब में महिला पत्रकारों की चुनौतियों पर परिचर्चा एवं महिला पत्रकार सम्मान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की धर्मपत्नी श्रीमती कौशल्या साय ने शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार श्रीमती आशा शुक्ला ने की। कार्यक्रम में वक्ता के तौर पर श्रीमती प्रियंका कौशल, श्रीमती रेणु नंदी, श्रीमती सरिता दुबे, श्रीमती भावना झा एवं सुश्री ममता लांजेवार ने अपना वक्तव्य दिया। सभी वक्ता ने इस बात पर जोर दिया कि एक महिला को अलग से महिला पत्रकार संबोधित किया जाता है जबकि सिर्फ उन्हें एक पत्रकार के तौर पर रेखांकित किया जाना चाहिए, चुनौतियां वहां होती है जहां हमें अपनी अलग पहचान के लिए संघर्ष करना पड़ता है लेकिन मौजूदा दौर में महिला पत्रकार हर चुनौती स्वीकार कर पत्रकारिता के क्षेत्र में बेहतर योगदान दे रही है। महिला पत्रकारों के बीच मुख्य अतिथि श्रीमती कौशल्या साय ने चुनौतियों को स्वीकार कर उसे आसान बनाने की बात कही, महिला पत्रकारों के अनुभव और चुनौतियों पर उन्होंने कहा कि जिस क्षेत्र को चुना है उस क्षेत्र की चुनौतियां भी स्वीकार करनी होगी और हमें अपने लिए आगे आकर काम करना होगा।

रायपुर प्रेस क्लब में आयोजित कार्यक्रम में महिला पत्रकारों का सम्मान भी किया गया। इस मौके पर रायपुर प्रेस क्लब के अध्यक्ष प्रफुल्ल ठाकुर, महासचिव वैभव शिव पांडे, उपाध्यक्ष संदीप शुक्ला, कोषाध्यक्ष रमन हलवाई एवं संयुक्त सचिव तृप्ति सोनी एवं अरविंद सोनवानी समेत बड़ी संख्या में महिला पत्रकार शामिल हुए।

## कलिंगा विवि की स्टाफ अनामिका शुक्ला ने नागपुर में आयोजित 18वीं सीनियर राष्ट्रीय वुडबॉल चैंपियनशिप में जीते स्वर्ण पदक



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** कलिंगा विश्वविद्यालय में खेल विभाग में सहायक के रूप में कार्यरत सुश्री अनामिका शुक्ला ने 7 से 11 मार्च 2024 तक नागपुर महाराष्ट्र में आयोजित 18वीं सीनियर नेशनल वुडबॉल चैंपियनशिप में टीम इवेंट में स्वर्ण पदक और मिश्रित युगल इवेंट में रजत पदक जीते हैं। इस चैंपियनशिप में देशभर के 23 राज्यों के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। विभिन्न श्रेणियों में छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र और झारखंड विजेता बनकर चैंपियन बने।

इस चैम्पियनशिप का आयोजन वुडबॉल एसोसिएशन ऑफ महाराष्ट्र द्वारा वुडबॉल एसोसिएशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में किया गया था। अनामिका वुडबॉल की अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी हैं। उन्होंने दो बार अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व किया है। 2019 में मस्तू, ताइवान में आयोजित 24वीं ताइवान अंतर्राष्ट्रीय वुडबॉल चैंपियनशिप के लिए भारतीय वुडबॉल टीम में भाग लिया। तथा 2023 में पहांग, मलेशिया में आयोजित तीसरे बीच वुडबॉल विश्व कप 2023 में 7वां स्थान हासिल किया। अनामिका बचपन से ही खेल में दृढ़ हैं। उन्होंने 2019 में नागपुर में आयोजित 17वीं सीनियर नेशनल वुडबॉल चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता था, चंडीगढ़ विवि, चंडीगढ़ में आयोजित एआईयू वुडबॉल 2020 और 2019 में 3 स्वर्ण पदक और 2 रजत पदक जीते थे। उन्होंने नागपुर, महाराष्ट्र में आयोजित वुडबॉल विंटर लीग 2022 में डबल्स इवेंट और सिंगल स्ट्रोक इवेंट में गोल्ड मेडल और मिक्स्ड डबल इवेंट में कांस्य पदक प्राप्त किया। साल 2021 में अनामिका को वुडबॉल फेडरेशन कप 2021 में सिल्वर मेडल मिला था। वह हैंडबॉल की नेशनल प्लेयर भी हैं। उन्हें वर्ष 2019 और 2021 में दो बार शहीद इंदिरा गांधी प्रशंसा पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया है।

## मुख्यमंत्री ने लांच किये छत्तीसगढ़ पुलिस द्वारा बनाये गये दो एप

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** पुलिस विभाग द्वारा अपराधियों को ट्रैक करने तथा अपराध की विवेचना के लिए तेजी से टेक्नालाजी का इस्तेमाल किया जा रहा है। आज मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आईओ मितान मोबाइल एप लांच किया, यह विवेचना अधिकारियों के लिए काफी उपयोगी होगा। साथ ही उन्होंने दुर्ग पुलिस रेंज द्वारा तैयार किये गये त्रिनयन एप का भी शुभारंभ किया। इस त्रिनयन एप के माध्यम से 100 किमी तक के दायरे के सभी सीसीटीवी कैमरे के लोकेशन ट्रेस किये जा सकेंगे, इससे अपराधियों को पकड़ने में आसानी होगी। मुख्यमंत्री ने टेक्नालाजी को विभाग में लगातार शामिल करने के लिए पुलिस अधिकारियों की इस मौके पर प्रशंसा भी की।

## कलेक्टर ने की लोकसभा निर्वाचन के लिए चल रही तैयारियों की समीक्षा



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** रायपुर जिले में लोकसभा निर्वाचन 2024 के जरूरी तैयारियां तेजी से की जा रही हैं। कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने आज जिले के अधिकारियों की बैठक में अब तक की गई तैयारियों की समीक्षा की और सभी तैयारियां समय पर पूरे करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि लोकसभा निर्वाचन के दौरान सभी अधिकारी सौपे गए दायित्वों का पारदर्शिता से निर्वहन करें। निर्वाचन कार्यों में लापरवाही नहीं चलेगी। निर्वाचन कार्यों में लापरवाही बरतने पर नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी। बैठक में जिला पंचायत के सीईओ विश्वदीप, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री उमाशंकर बन्दे सहित सभी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी, नोडल एवं सहायक नोडल अधिकारी भी मौजूद रहे। बैठक में कलेक्टर ने मतदान सामग्री वितरण वापसी केन्द्रों में मतदान कर्मियों के लिए पेयजल एवं सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।







प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी प्रियेश कुमार जैन द्वारा मे. विश्व परिवार इंडस्ट्रीज, प्लॉट नं.-421 सेक्टर-सी, सड़क नं.-7 उरला इंडस्ट्रीयल एरिया उरला, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं ओलंपस जिम के पीछे, सेक्टर-1, शंकर नगर रायपुर ( छ.ग. ) से प्रकाशित। संपादक : प्रदीप कुमार जैन, फोन नं. : 0771- 4017966, मो.- 9981924252 RNI.NO.CHHHIN/2013/50354